सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 7:19

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 31 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,776 |
| निफ्टी | 24,680 |
| सोना | 98,446 |
| चांदी | 1,12,984 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




गिल इंग्लैंड सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 29 जुलाई 2025 | 14 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 211, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### बिहार में एसआईआर पर फिलहाल रोक नहीं



**एजेंसी, नई दिल्ली।** बिहार में हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एसआईआर पर रोक से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मतदाता पहचान के लिए स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है। जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि राशन कार्ड पर विचार नहीं किया जा सकता। यह बहुत बड़े पैमाने पर बना है, फर्जी होने की संभावना अधिक है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर बात फर्जीवाड़े की है तो धरती पर कोई ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं है, जिसकी नकल नहीं हो सके। ऐसे में 11 दस्तावेजों के आपके सूचीबद्ध करने का क्या आधार है? (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से पूछे तीखे सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कैश कांड के आरोपी जस्टिस यशवंत वर्मा से सोमवार को पूछा, 'आप जांच कमेटी के सामने क्यों पेश हुए। क्या आपने पहले वहां से फैसला अपने हक में लाने की कोशिश की।



दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर जले नकदी नोट मामले में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की गई है। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। जस्टिस वर्मा की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### थाईलैंड में बुजुर्ग ने की फायरिंग, 6 की मौत

**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के एक फूड मार्केट में 61 वर्षीय शख्स ने अंधाधुंध फायरिंग कर कम से कम छह लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद हमलावर ने खुद को भी गोली मार ली। फायरिंग में 3 लोग घायल भी हुए हैं। घटना सोमवार को बैंकॉक के मशहूर ऑर टॉ कॉर मार्केट में हुई। यह पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। पुलिस के मुताबिक हमलावर की पहचान मिस्टर नोई के नाम से हुई है। वह मौके पर ही मृत पाया गया। बैंकॉक के बंग सू जिले के डिप्टी पुलिस चीफ वोरापत सुकथाई ने बताया कि फिलहाल इसे मास शूटिंग माना जा रहा है। हमलावर की मंशा की जांच हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिझड़ी में तीन साल से नहीं बना पशु चिकित्सालय भवन -पेज 2
- केंद्र का सेब पर एमआईपी बढ़ाने से इनकार -पेज 3
- अवैध कटान: गुम्मर में खैर के 11 पेड़ों को जड़ों से उखाड़ा -पेज 5
- चेतन बरागटा झूठ बोलने के लिए माफी मांगें: मुंगटा -पेज 6
- पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से गहराया पेयजल संकट -पेज 12


# ऑपरेशन सिंदूर पर गर्माया सदन

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई। रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा के हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया। उन्होंने 55 मिनट के भाषण में कहा कि हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया। हमने पाकिस्तान से सीजफायर दबाव में नहीं किया। भारतीय जेट तबाह होने पर राजनाथ ने कहा कि परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है। कितनी पेंसिल टूटीं या पेन गुम हुए, यह बेमानी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरा विश्व जानता है कि भारत के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शांति का संदेश लेकर 1999 में लाहौर बस यात्रा की थी। जब हम दोस्ती की राह पर थे तो वे साजिश रच रहे थे। जब मामला खुला तो हमारे सैनिकों ने करारा जवाब दिया।



रक्षामंत्री ने कहा, 'हम अगर शांति की आशा के लिए हाथ बढ़ाना जानते हैं, तो अशांति करने वालों के हाथ उखाड़ना भी जानते हैं। दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना पड़ता है। हमने भगवान कृष्ण से सीखा है कि शिशुपाल की 100 गलतियां माफ की जा सकती हैं, लेकिन अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है। हमारी प्रवृत्ति और प्रकृति भगवान राम और कृष्ण से प्रेरित है। आज भारत पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, लेकिन अगर कोई धोखा दे तो उसकी कलाई भी मोड़ना जानता है।' (अनंत ज्ञान)

## सीजफायर पर राहुल ने राजनाथ से पूछा- आपने हमले क्यों रोके



**नई दिल्ली।** लोकसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सीजफायर के बारे में जानकारी देते हुए बोल रहे थे कि पाकिस्तान ने हमसे कार्रवाई को रोकने के लिए कहा था। उनके डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ से बात की कि महाराज अब रोक दीजिए। यह सुनते ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तुरंत अपनी सीट से उठते हैं और कहते हैं, 'तो आपने हमले क्यों रोके? राजनाथ सिंह उनको बैठने के लिए इशारा करते हैं। साथ में कहते हैं कि थोड़ा रुकिए तो बता दूंगा। आप बैठ जाइए, इंतजार कीजिए।

### 'गृहमंत्री लें पहलगाम हमले की जिम्मेदारी'

**कांग्रेस** सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि हमले से कुछ ही दिन पहले गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की समीक्षा की थी, फिर यह हमला कैसे हुआ। इसकी जिम्मेदारी गृह मंत्री को लेनी होगी। आप एलजी के पीछे नहीं छिप सकते। देश के मुखिया हमले के वक्त सऊदी अरब में थे और वह वहां से आकर पहलगाम नहीं गए, बल्कि चुनावी सभा को संबोधित करने बिहार गए। गोगोई ने कहा कि ऐसा कहा गया कि पहले 21 टारगेट चुने गए और फिर सिर्फ 9 पर हमला किया गया। टारगेट कम क्यों किए गए। जब विपक्ष और पूरा देश पीएम मोदी के साथ था तो 10 मई को अचानक पाकिस्तान के साथ सीजफायर हो गया। ऐसा क्यों हुआ?



### पाकिस्तान को करारा जवाब दिया : जयशंकर



**लोकसभा** में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद हमें पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना था। हमने ऑपरेशन सिंदूर से उसे ठोस संदेश दिया। पहलगाम हमले के बाद हमने वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान के आतंकवाद के बारे में बताया। हम आतंकवाद को किसी प्रकार से स्वीकार नहीं करेंगे।

### ललन सिंह ने आतंकियों को शहीद कहा



**केंद्रीय** मंत्री और जेडीयू नेता ललन सिंह की लोकसभा में जुबान लड़खड़ा गई। उन्होंने कहा कि 7 और 8 मई की रात हमारे सैनिकों ने 9 आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। उसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे और शहीद हो गए। इस पर आतंकवादियों के आका मसूद अजहर 'साहब', हाफिज सईद रो रहे थे...।

# सुक्खू सरकार ने आपदा प्रभावितों को दिया स्पेशल राहत पैकेज

## मकान बनाने के लिए 7 लाख, गोशाला के लिए मिलेंगे 50 हजार



शिमला में प्रदेश कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले लिए। बैठक में कैबिनेट ने 2023 की तर्ज पर आपदा प्रभावितों को स्पेशल राहत पैकेज देने की मंजूरी दी। आपदा प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत देते हुए मंत्रिमंडल ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकान के लिए मुआवजे की राशि 7 लाख कर दी है, जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए यह मुआवजा 1 लाख हो गया है। दुकान या ढाबे के क्षतिग्रस्त होने पर अब 1 लाख मिलेंगे और क्षतिग्रस्त गोशालाओं के लिए 50,000 मिलेंगे। किरायेदारों के सामान की क्षति या हानि के लिए 50,000 और मालिक के सामान के नुकसान के लिए 70,000 निर्धारित किए गए हैं। बड़े दुधारू पशुओं के लिए 55,000 प्रति पशु और बकरी, सुअर, भेड़ व मेमने के नुकसान के लिए 9,000 प्रति पशु दिए जाएंगे। पूरी तरह से क्षतिग्रस्त पॉलीहाउस के लिए 25,000 और घरों से गाद निकालने के लिए 50,000 का मुआवजा मिलेगा। वहीं, कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश नगरपालिका चुनाव नियम, 2015 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। शिमला जिले के सुन्नी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत खैरा में एक नई पुलिस चौकी खोली जाएगी, और चंबा जिले में पुलिस चौकी हटली का अधिकार क्षेत्र पुलिस स्टेशन चुवाड़ी से पुलिस स्टेशन सिहुंता को हस्तांतरित किया जाएगा। हमीरपुर जिले के धनेटा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया गया है।

### मंत्रिमंडल ने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना को दी मंजूरी

**मंत्रिमंडल** ने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना को भी मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य समुदाय-संचालित दृष्टिकोण के माध्यम से वन संरक्षण और विकास को मजबूत करना है। इस पहल के तहत महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह और अन्य पंजीकृत सामुदायिक संगठन वन संरक्षण और विकास गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

# सेना ने श्रीनगर में पहलगाम हमले के मुख्य आरोपी मूसा समेत 3 आतंकी मारे

## भारतीय सेना ने ऑपरेशन महादेव के तहत कार्रवाई को दिया अंजाम

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास में सेना ने सोमवार को 3 आतंकियों को ढेर कर दिया है। भारतीय सेना ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के तहत यह कार्रवाई की गई है। मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। हालांकि सेना ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। आतंकियों के पास से अमेरिकी निर्मित एमवाई कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल ग्रेनेड मिले हैं। इनके अलावा और भी कई संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं।

आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकियों की पहचान करने की कोशिश जारी है। आर्मी के अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के बाद सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। ऑपरेशन महादेव को हाल के समय में घाटी में आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी रणनीतिक सफलता माना जा रहा है। यह ऑपरेशन इस बात का संकेत है कि सेना और अन्य सुरक्षाबल आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी मुस्तैदी और सटीक रणनीति के साथ जुटे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



श्रीनगर के लिडवास में सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए तीन आतंकियों के शव।

## हिमाचल के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अगले 24 घंटे तक मौसम खराब रहेगा। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 4 जिलों कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और शिमला में भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। इन चारों जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे कुछ स्थानों पर फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड जैसी घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। वहीं, बिलासपुर जिले में सतलुज नदी पर बने कोल डैम से सोमवार सुबह 6.30 बजे फिर पानी छोड़ा गया। इससे नदी का वाटर लेवल 4 से 5 मीटर बढ़ा है। डैम प्रबंधन ने बिलासपुर से पंजाब तक लोगों से नदी किनारे नहीं जाने की सलाह दी है। वहीं, 30 जुलाई को कुल्लू, कांगड़ा और मंडी जिला में हल्की बारिश के आसार हैं। अन्य जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के शिमला केंद्र के अनुसार, 31 जुलाई से मानसून फिर कमजोर पड़ेगा और पूरे प्रदेश में मौसम साफ हो जाएगा।

### कोल डैम से फिर छोड़ा गया पानी

## लुधियाना में नहर में गिरी गाड़ी, 6 श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी, लुधियाना**

पंजाब के लुधियाना में रविवार देर रात मलेरकोटला रोड पर जगेड़ा नहर के पुल से महिंद्रा पिकअप गाड़ी नहर में गिर गई। गाड़ी में कुल 29 लोग सवार थे, जिनमें से 2 बच्चों और 3 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 4 लोग नहर में लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। सभी लोग हिमाचल से माता नैना देवी के दर्शन कर अपने गांव मानकवाल लौट रहे थे। गाड़ी में सवार लोगों के अनुसार, पिकअप गाड़ी ओवरलोड थी। एक वाहन को ओवरटेक करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, एसएसपी ज्योति यादव और विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा रात में ही डेहलों के सिविल अस्पताल में पहुंच गए। अस्पताल में डिप्टी कमिश्नर ने घायल लोगों का हाल जाना और डॉक्टरों से पूरे मामले की जानकारी ली। (अनंत ज्ञान)

### चार लोग लापता

## थाईलैंड और कंबोडिया में बिना शर्त युद्धविराम

**एजेंसी, कुआलालंपुर।** दक्षिण-पूर्व एशिया में लंबे समय से जारी तनाव को लेकर एक बड़ी कूटनीतिक पहल सामने आई है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को ऐलान किया कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने 'तुरंत और बिना शर्त' युद्धविराम पर सहमति जताई है। यह अहम वार्ता मलेशिया की राजधानी पुतराजया में प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के सरकारी आवास पर हुई। बैठक में अमेरिका और चीन के राजदूत भी मौजूद रहे। बैठक का मकसद सीमा पर जारी हिंसा को रोकना और शांति बहाल करना था। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि यह पहल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर हुई और दोनों देशों ने इसे स्वीकार किया। (अनंत ज्ञान)


## इसराइली हमले में गाजा में 34 की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव।** इसराइल ने सोमवार को गाजा में जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम 34 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला उस समय हुआ जब इसराइल ने एक दिन पहले ही कुछ इलाकों में हर दिन 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)











## स्टे

### सर्वोच्च अदालत से हिमाचल के बागवानों को मिली बड़ी राहत, हाईकोर्ट के आदेश पर स्टे

# सेब के पेड़ों को काटने के आदेश पर सुप्रीम रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें अतिक्रमित वन भूमि पर उगाए गए सेब के पेड़ों को काटने का निर्देश दिया गया था। यह फैसला राज्य के बागवानों और पर्यावरण दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**बागवानों और पर्यावरण दोनों के लिए महत्वपूर्ण है फैसला**

जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने 2 जुलाई 2025 को वन विभाग को यह आदेश दिया था कि जो सेब के बागवान भूमि पर अवैध रूप से उगाए गए हैं, उन्हें हटा दिया जाए और उनकी जगह पर वन प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं। साथ ही, इन अतिक्रमणकारियों से भू-राजस्व के बकाया के रूप में इस लागत को वसूलने का भी निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इस फैसले से हजारों सेब बागवानों की आजीविका पर संकट आ गया था, क्योंकि सेब उनके लिए आय का मुख्य स्रोत है। शिमला के पूर्व उपमहापौर टिकेंद्र सिंह पंवर और अधिवक्ता राजीव राय ने नगर निगम शिमला के पूर्व उपमहापौर की ओर से उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ताओं ने अपनी दलीलों में कई तर्क दिए। पहला, उनका कहना था कि यह फैसला मनमाना और असंवैधानिक है। दूसरा, उन्होंने तर्क दिया कि मानसून के दौरान बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से हिमाचल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भूस्खलन और मिट्टी के कटाव का खतरा बढ़ जाएगा, क्योंकि यह भूकंपीय गतिविधि वाला क्षेत्र है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण तर्क यह था कि सेब के बाग केवल अतिक्रमण नहीं हैं, बल्कि वे मिट्टी की स्थिरता में योगदान करते हैं, स्थानीय वन्यजीवों को आवास प्रदान करते हैं

### आज शिमला में सचिवालय के बाहर होगा प्रदर्शन

**यह** फैसला सेब बागवानों के लिए बड़ी जीत है। सुप्रीम कोर्ट के वकील सुभाष चंद्रन ने इस मामले की पैरवी की। दूसरी ओर, हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ ने पहले ही 29 जुलाई को शिमला में सचिवालय पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इस दौरान वे सरकार से बेदखली, घरों की तालाबंदी और तोड़ने पर रोक लगाने की मांग करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन कॉलेज के छात्र का आईआईटी जोधपुर में प्रवेश



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन के लिए यह गर्व का विषय है कि भौतिक विज्ञान विभाग के प्रतिभाशाली छात्र साहिल चौधरी पुत्र मेश चंद,ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर में एमएससी. फिजिक्स (भौतिक विज्ञान) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शम्मी राठौर एवं प्रो. नरेश धीमान ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि साहिल शुरू से ही अत्यंत मेधावी, मेहनती तथा अनुसंधान के प्रति रुचि रखने वाला छात्र रहा है। उन्होंने कहा कि यह न केवल साहिल की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कॉलेज के लिए भी गौरव का क्षण है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने भी इस उपलब्धि पर छात्र, उसके माता-पिता एवं भौतिक विज्ञान विभाग को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, 'यह वर्ष हमारे कॉलेज के लिए विशेष उपलब्धियों से भरा रहा है। इस अवसर पर समस्त कॉलेज परिवार ने साहिल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं और आशा व्यक्त की है कि आने वाले वर्षों में कॉलेज के और भी छात्र देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में स्थान बनाएंगे।

### भोरंज कॉलेज में 9 अगस्त को होगी आम सभा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में 9 अगस्त को अध्यापक-अभिभावक संघ की आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह सभा दोपहर 1 बजे परीक्षा कक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी छात्रों के अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। सभा में छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अनुशासन तथा अन्य प्रासंगिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन का मानना है कि अध्यापक-अभिभावक संघ छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षण वातावरण को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने आधार कार्ड के साथ समय पर उपस्थित हों। महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं (अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति शास्त्र) में प्रवेश की अंतिम तिथि को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में आकर ऑफलाइन मोड में प्रवेश ले सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने इस पहल को छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद को सशक्त करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है।

### जिले के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे विकास चर्चा प्रभारी



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा आम लोगों से संबंधित समस्याओं के बारे में महत्वपूर्ण फीडबैक एवं विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए सरकार ने हमीरपुर जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में विकास चर्चा प्रभारी नियुक्त किए हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि अजय शर्मा को नादौन विधानसभा क्षेत्र, विक्रम शर्मा को बड़सर, सुमन भारती को सुजानपुर, राजेश आनंद को भोरंज और सुनील कुमार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास चर्चा प्रभारी बनाया गया है। ये प्रभारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जाकर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ व्यापक चर्चा करेंगे तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को एकत्रित करके एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे। वे अपनी-अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। सुरेश कुमार ने कहा कि विकास चर्चा प्रभारी प्रदेश सरकार और आम कार्यकर्ताओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। सुरेश कुमार ने बताया कि विकास चर्चा प्रभारियों को तुरंत प्रभाव से कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर महिलाएं की जागरूक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला हमीरपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी के निर्देशानुसार बड़सर की पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया। इस मौके पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने बताया कि हेपेटाइटिस एक गंभीर संक्रामक रोग है, जो लीवर को नुकसान पहुंचाता है और उसमे सूजन पैदा करता है। इनके लक्षण जैसे बुखार, थकान, पेट दर्द, मतली और उल्टी, भूख न लगना, पीलिया जैसी शिकायतें होती है और इसका कारण है हेपेटाइटिस और दूषित भोजन और पानी के सेवन के कारण होता है। इसके बचाव के लिए सभी को अपना टेस्ट करवाना चाहिए। इस मौके पर सुपरवाइजर दीपिका व बीसीसी समन्वयक सुलोचना ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर एकीकृत बाल विकास की सुपरवाइजर अनीता कुमारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजीव शर्मा, मनोज शर्मा, जितेंद्र कुमार, अंजू, सुषमा, उपप्रधान, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### प्रथम सत्र का साई वंदना के साथ आगाज



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कॉलेज, कल्लर जलाड़ी में 2025-30 के बीएएलएलबी प्रथम सत्र का साई वंदना के साथ आगाज किया गया। इस दौरान ओरिएन्टेशन प्रोग्राम के माध्यम से उन्हें पांच वर्षीय बीएएलएलबी पाठ्यक्रम की जानकारी दी। इस ओरिएन्टेशन प्रोग्राम में छात्रों को उनके भविष्य संबंधी अवसरों के बारे में भी जागरूक किया गया और साथ में लॉ की पढ़ाई से उनको भविष्य में होने वाले नौकरी पेशा संबंधित अवसरों के बारे में भी जागरूक किया गया। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश व अस्थायी-प्रधानाचार्य विजय कुमार ने कॉलेज प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस मौके पर सहायक प्राचार्य विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को कॉलेज नियमों के बारे में बताया। इस प्रोग्राम में कालेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं का होगा अंत: बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के ई-ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सुनील शर्मा बिट्टू को ई-ऑटो रिक्शा चालकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से अवगत करवाया तथा एक मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने हमीरपुर के पुराने और नए बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, नादौन चौक और गांधी चौक पर ऑटो खड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाने की मांग की। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न विभागों में आ रही अन्य समस्याओं का समाधान करवाने का भी आग्रह किया। सुनील शर्मा बिट्टू ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्रीसुक्खू के निर्देशानुसार ई-ऑटो रिक्शा चालकों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू के साथ एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे, जबकि, ई-ऑटो रिक्शा चालकों के प्रतिनिधिमंडल में लाल चंद पठानिया, अनमोल कुमार, दिनेश शर्मा, सुनील कुमार, सुनील ठाकुर, रमाकांत, विशाल, सुरिंदर कुमार, मुकेश कुमार और अन्य ई-ऑटो रिक्शा चालक शामिल थे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल बिझड़ी में आरकेएस ने संभाली कमान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता वृद्धि और अस्पताल के संचालन और प्रबंधन में सुधार के दृष्टिगत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिझड़ी में भी रोगी कल्याण समिति गठित कर दी गई है। सोमवार को अस्पताल में नवगठित समिति की प्रथम बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी एवं रोगी कल्याण समिति के कार्यकारी चेयरमैन डॉ. संजय शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि समिति के कार्यकारी सदस्य पंचायत बिझड़ी के प्रधान संजय शर्मा, सदस्य सचिव डॉ. सुरिंद्र धीमान, डॉ. विजय कुमार, सपना कुमारी एवं प्रीतम चंद भी बैठक में मौजूद रहे। एस.डी.ए.एम.ओ डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिझड़ी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना ही रोगी कल्याण समिति की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि समिति अस्पताल के बेहतर प्रबंधन के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह सुनिश्चित करेंगे कि अस्पताल प्रभावी ढंग से काम करे और रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल मिले। समिति के सदस्य सचिव एवं अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरिंद्र धीमान ने कहा कि आरकेएस का गठन अस्पताल में आने वाले मरीजों की बेहतरी के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

## नंदन, भराड़ी, प्लासी भगेटू मैड़ लिंक रोड विवाद को लेकर कोताही की इंतहा

# जांच अधूरी, फिर भी डंगे का निर्माण शुरू

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर डिवीजन में पड़ने वाले टाउन भराड़ी इलाके में नंदन, भराड़ी, प्लासी भगेटू मैड़ लिंक रोड के डंगे के निर्माण में हुए गड़बड़झाले में सत्ता का गुरूर सिर चढ़कर बोल रहा है। जांच अभी अधूरी है, लिए गए सैंपल्स की रिपोर्ट लैब से अभी आई नहीं है, लेकिन निर्माण करवाने वाले ठेकेदार ने डंगे के एक हिस्से को उखाड़ कर नए डंगे का निर्माण शुरू कर दिया है। जहां काम शुरू किया गया है, उसकी हालत देखकर साफ पता चल रहा है कि डंगे के निर्माण में बड़ी कोताही हुई है।

जिस जगह से बाहरी परत को हटाया गया है, वहां पुराना निर्माण मिट्टी युक्त ही दिखता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि 10 दिन से ज्यादा का वक्त हो गया है और विभाग अभी तक भी कोई कार्रवाई व्यावहारिक तौर पर अमल में नहीं ला पाया है। इससे साफ पता चलता है कि विभाग की मंशा क्या है, ठेकेदार की चाहत क्या है। काम की गुणवत्ता से समझौते को लेकर कौन कितना संजीदा है, लेकिन कोई भी टस से मस नहीं हो रहा है। काम गुणवत्ता के मुताबिक कहीं भी खरा नहीं बैठा है। जहां सीमेंट लगना चाहिए था, उसके निर्माण में मिट्टी निकल रही है। डंगे के पत्थर भी अब बाहर निकल रहे हैं।

क्या विभाग की अनुमति के बगैर ही फिर से डंगे का निर्माण हो सकता है। क्या विभाग के किसी अधिकारी ने इस क्षेत्र के एसडीओ, जेई या सर्वेयर के खिलाफ कोई कार्रवाई की है? मकम्मल तौर पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लापरवाही का अपना असर दिख रहे हैं।

**कुछ नहीं बोल रहे अधिकारी :** दरअसल इस तकरीबन 5 किलोमीटर लंबी सड़क पर लगभग 5 करोड़ रुपए ही खर्च हो रहे हैं, जिस ठेकेदार को पहले हिस्से का काम आवंटित है, गड़बड़ी दर असल में वहीं पर है। उसी के डंगे में गड़बड़झाला निकला है। विभाग के कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से गुरेज कर रहे हैं। लैब से जांच रिपोर्ट आने में कितने दिनों का समय लगता है, इस पर भी अधिकारियों के मुंह पर ताला लगा हुआ है।



डंगे के निर्माण में कोताही बरतने की जांच रिपोर्ट आने से पहले ही निर्माण शुरू कर दिया है।

#### गड़बड़झाले को दबाने का हो रहा प्रयास : विधायक

**उधर,** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा इस सारे मामले को लेकर खूब आग बबूला हैं। उनका कहना है कि गड़बड़झाले को दबाने का प्रयास हो रहा है। किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। यह तो केवल एक मामला प्रकाश में आया है। सारे काम ऐसे ही हैं और यदि विभाग ने ऐसे गलत ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम ही नहीं देना है, तो फिर सरकार के पैसे की बर्बादी क्यों हो रही है। इसका जवाब भी उन्हें देना चाहिए।

#### कार्रवाई तो होगी : विजय

हमीरपुर के एसई और अतिरिक्त रूप में चीफ इंजीनियर का कार्यभार संभाले विजय चौधरी का कहना है कि अपनी लैब की एक रिपोर्ट आ चुकी है। अब एक जांच प्राइवेट लैब की भी करवाई गई है। उसकी जांच रिपोर्ट का इंतजार है, ताकि विभाग कानूनी रूप में नियमों के तहत कार्रवाई अमल में ला सके। कार्रवाई तो सख्त होगी, थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल संबंधित ठेकेदार को डंगा लगाने के लिए कह दिया गया है और वह इसकी क्षतिपूर्ति खुद उठाएगा, क्योंकि 5 साल तक उसी को यह सड़क रखरखाव के लिए भी उपलब्ध रहेगी।

## पंजाब वेतन आयोग की तर्ज पर भत्तों में संशोधन की उठी मांग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

▶ हिमाचल में 9 साल से नहीं बढ़े भत्ते, कर्मचारी हो रहे आर्थिक रूप से प्रभावित

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश पंजाब वेतन आयोग का अनुसरण करता आया है, मगर भत्ते आज तक पंजाब की तर्ज पर नहीं मिल रहे। इससे सूबे के लाखों कर्मचारी और पेंशनर प्रभावित हो रहे हैं। वर्ष 1996 में वेतन आयोग आने के बाद 1998 में कर्मचारी भत्तों में संशोधन हुआ था। इसके बाद वर्ष 2008 में जो संशोधन होने थे, वे भी नहीं हुए। वर्ष 2012 में कुछ भत्ते संशोधित हुए, मगर इसके बाद वर्ष 2016 से नया वेतन आयोग लागू करने के बाद आज तक भत्ते नहीं बढ़ाए गए हैं। पंजाब में 1 जुलाई, 2021 से फिक्स मेडिकल भत्ता दोगना कर दिया गया है, मगर हिमाचल में अब भी 12 साल पहले तय भत्ता देने से प्रति कर्मचारी अब तक 25 हजार रुपए का नुकसान हो चुका है।

वर्ष 2016 से देय इस भत्ते का एरियर प्रति कर्मचारी 30 हजार होना था। इधर कर्मचारी मकान किराया भत्ता हिमाचल में वर्ष 2012 से मकान किराया भत्ता 600 से 1200 रुपए प्रति माह तय है, जबकि पंजाब में यह मूल वेतन का 10 से 15 प्रतिशत है। यानी पंजाब में यह भत्ता हिमाचल से कई गुना अधिक है। इसके चलते प्रदेश के कर्मचारियों को प्रतिमाह 2000 से 10000 रुपए मिल रहे हैं। हिमाचल में मोबाइल भत्ता नहीं मिल रहा, जबकि कर्मचारियों से अधिकांश काम मोबाइल पर लिए जाते हैं।

पंजाब में यह भत्ता 500 से 1000 रुपए प्रतिमाह है। पंजाब में प्रतिपूरक भत्ता दोगुना कर दिया गया है मगर हिमाचल में यह 200 रुपए प्रतिमाह मिल रहा है। यही स्थिति आवागमन भत्ते की है। ऐसे में राजकीय टीजीटी कला संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि पंजाब वेतन आयोग के तहत वर्ष 2016 से जो भत्ते संशोधित करने थे, उन्हें प्रदेश सरकार संशोधित करे।

पंजाब ने 4 साल पहले ये भत्ते रिवाइज किए थे और प्रदेश में आज तक इसे लंबित रखा गया है। संघ ने कहा कि पंजाब की तर्ज पर आरंभिक वेतनमान भी नहीं मिल सका है और एक भी भत्ता 2016 के वेतन आयोग के तहत 9 साल में नहीं बढ़ा है जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

## तकनीकी विवि में एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक पर्यावरण विज्ञान व बीटेक की 145 सीटें आवंटित



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर में सोमवार को काउंसिलिंग में मौजूद छात्र।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर में सोमवार को एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमए एमएससी योग व पर्यावरण विज्ञान की पहले चरण की काउंसिलिंग हुई।

इसके अलावा जेईई के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की एसटी मुख्य श्रेणी और सामान्य श्रेणी की ईडब्ल्यूएस सहित अन्य श्रेणी के तहत काउंसिलिंग के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग भी हुई। एमबीए पर्यटन, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमए एमएससी योग व पर्यावरण विज्ञान में कुल 43 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, जबकि बीटेक के 102 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं। जेईई मेन के आधार पर 29 जुलाई को बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) के सामान्य वर्ग और बेटी है अनमोल व ऑल इंडिया कोटा वाले अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी।

## बिझड़ी में तीन साल से नहीं बना पशु चिकित्सालय भवन

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** ब्लॉक हेडक्वाटर बिझड़ी में बन रहा पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है, जिस पर आम जनता ने सरकार की कार्य प्रणाली पर प्रश्न उठाने शुरू कर दिए हैं कि आखिर यह कब तक बनकर तैयार होगा। इस भवन का शिलान्यास 10 सितंबर 2022 को पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था। यह दो मंजिला भवन 3 वर्ष होने को है, लेकिन इसका निर्माण अभी भी पूरा नहीं हुआ है। तब से लेकर आज दिन तक यह भवन किराये के मकान में चल रहा है।

कई बार तो लोगों को इस पशु चिकित्सालयक को ढूंढने में सारा सारा दिन लग जाता है। लोगों का कहना है कि अब यह ढुडार-मंगनोटी सड़क मार्ग पर निजी भवन में चलाया जा रहा है। दूरदराज से आने वाले लोगों के लिए इस पशु चिकित्सालय भवन पहुंचना बहुत मुश्किल हो जाती है। लोगों का कहना है कि अब इस भवन को तैयार करने में और कितना समय चाहिए। प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन को लेकर सत्ता में आई थी परंतु अव लोगों को यह पता नहीं लग रहा है सत्ता परिवर्तन है या फिर कुछ और परिवर्तन सरकार चाहती है।

ब्लॉक मुख्यालय पर बनने वाले भवन में अभी तक छत पड़ी है तथा रंग रोगन, टाइल लगाने का काम चला हुआ है। धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर आम जनता ने संबंधित ठेकेदार जो इसका निर्माण करवा रहा है, साथ में सरकार की कार्यप्रणाली पर भी लोगों ने भेदभाव अपनाने के आरोप लगाना शुरू कर दिए हैं। उनका कहना है कि आखिरकार इस भवन निर्माण कार्य को पूरा करने में और कितना समय लगेगा ताकि ढटवाल क्षेत्र के लोगों को बेहतर पशु चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। अभी इस भवन में दरवाजे और खिड़कियां आदि लगना भी बाकी हैं। जहां भवन निर्माण का कार्य चला हुआ है, कैंपस में भी चारों तरफ भवन निर्माण सामग्री पड़ी हुई है।




बिझड़ी में पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण कार्य का कछुआ गति से कार्य किया जा रहा है।

▶ **10 सितंबर, 2022 को पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था शिलान्यास**

> मामला विभाग के ध्यान में है पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार को भवन निर्माण में हो रही देरी के लिए नोटिस भेज रखे हैं। कुछ समय का अल्टीमेट ठेकेदार ने मांगा था, अगर अब भवन निर्माण कार्य में और ज्यादा देरी होती है तो कड़ी करवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **सुरेश कौंडल, एसडीओ लोक निर्माण विभाग**

## जमीन दो, मैं बनाऊंगा बारीं गांव में खेल मैदान व एंबुलेंस रोड : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजारपुर**

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बारीं पंचायत के बारीं गांव ग्वारडु, टौणी देवी में लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने महिला मंडल भवन की मरम्मत, खेल मैदान और गांव के बीचोबीच एंबुलेंस रोड निकालने सहित सौर ऊर्जा की लाइटें बगैरा लगवाने की अपनी मांगें विधायक के समक्ष रखीं।

विधायक कै. रणजीत सिंह ने इन मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बारीं गांव में खेल मैदान और एंबुलेंस रोड के लिए ग्रामीण जमीन उपलब्ध करवाएं और बजट हमारी सरकार उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है तथा सुजानपुर विस क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य कांग्रेस सरकार में किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में सिर्फ एक ही व्यक्ति यह कहता है कि सरकार के पास पैसा नहीं है और आप सभी जानते हैं कि वह व्यक्ति कौन है।

**मिलन समारोह में की शिरकत :** पूर्व छात्र संघ मिलन समारोह में सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर पहुंचे विधायक कै. रणजीत सिंह का प्रधानाचार्य द्वारा स्वागत किया गया।

विधायक ने कहा कि मुझे खुशी महसूस हो रही है, जहां मैं पढ़ा हूं, उसी में विधायक बनकर आया हूं। विधायक ने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत है बच्चे की लिखाई की, जिस पर अध्यापकों को ध्यान देना बहुत जरूरी है। स्कूलों में वॉशरूम की सफाई हर दिन होनी चाहिए और अगर नहीं बने तो उसके लिए जो बजट लगेगा, वह मैं दे दूंगा।



बारीं पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर विधायक कै. रणजीत सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

## राष्ट्रीय पक्षी को दी श्रद्धांजलि, किया अंतिम संस्कार



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर की बीट के खारल जंगल में वनरक्षक राजेश कुमार शर्मा रूटीन में जंगल में गस्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक राष्ट्रीय पक्षी को मरा हुआ देखा। सूचना के बाद वन विभाग के ब्लॉक अधिकारी विनोद कुमार टीम को लेकर जंगल में पहुंचे तथा मोर का वहीं पर पोस्टमार्टम करवाया गया । इस मौके पर बल्ह बिहाल पंचायत की प्रधान कमलेश कुमारी भी उपस्थिति रही। बीओ बिझड़ी विनोद कुमार ने कहा कि मेडिकल टीम सहित वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मोर को रेंज कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई तथा उसका हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया।

## थुनाग में मंत्री को काले झंडे दिखाना लोकतंत्र नहीं, अराजकता : सुमन भारती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

थुनाग विधानसभा क्षेत्र में बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के काफिले को काले झंडे दिखाने और जूते फेंकने की घटना ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी की सुनियोजित साजिश बताया।

सुमन भारती ने कहा कि मंत्री आपदा प्रभावित लोगों का हाल जानने और राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए थुनाग पहुंचे थे, लेकिन बीजेपी के शरारती तत्वों ने इस मानवीय दौरे को बाधित करने का प्रयास किया। थुनाग में मंत्री नहीं, देश के झंडे का अपमान हुआ है, क्योंकि नेगी सरकारी प्रतिनिधि के तौर पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ दौरे पर थे। भारती ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी उनके दौरों के दौरान ऐसा अशोभनीय व्यवहार नहीं किया।

उन्होंने जूते फेंकने जैसी घटनाओं को दोहरे मापदंड और राजनीतिक गिरावट का प्रतीक बताया। उन्होंने पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए कहा कि ऐसे उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसा न हो।

## पात्र कामगारों तक पहुंचाएं बोर्ड की योजनाओं का लाभ : नरदेव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बोर्ड के मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक करके विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं का लाभ पात्र कामगारों तक पहुंचाने के लिए हिम परिवार पोर्टल के माध्यम से सभी कामगारों की ई-केवाईसी सुनिश्चित की जा रही है। ई-केवाईसी का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा होना चाहिए। बोर्ड की ओर से दिए जाने वाले क्लेम की रिपोर्ट तलब करते हुए नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि अगर वांछित दस्तावेज जमा न किए जाने के कारण कोई मामला लंबित चल रहा है तो उसके बारे में संबंधित कामगार को अवगत करवाया जाना चाहिए तथा उस मामले का त्वरित निपटारा किया जाना चाहिए।

निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने पर और वेरिफिकेशन के बाद तुरंत क्लेम जारी होना चाहिए। बोर्ड में आउटसोर्स आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के मानदेय की समीक्षा करते हुए कंवर ने कहा कि इन कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को बोर्ड के निदेशक मंडल की बैठक में रखा जाएगा।

इन कर्मचारियों को बोर्ड की कुल 26 शाखाओं और विभिन्न विभागों में एडजस्ट करने पर विचार किया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू हमेशा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी तत्परता के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान नरदेव ने बोर्ड की अलग-अलग शाखाओं का कार्यभार देख रहे एक-एक अधिकारी एवं कर्मचारी से विस्तृत रिपोर्ट ली और विभिन्न कार्यों में आ रही दिक्कतों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर बोर्ड मुख्यालय के एसओ विनय कुमार, एससीएफ और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष अधिकारियों के साथ।

**सम्मान** विधायक आशीष ने जिम का उद्घाटन कर महिला मंडल को किया सम्मानित

# युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विधायक आशीष शर्मा ने लाहलड़ी गांव में जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्थानीय महिला मंडल को सम्मानित किया गया और दीक्षा पटियाल स्थानीय छात्रा को गुरु रविदास आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय होशियारपुर के अंतर्गत आने वाले सभी 18 कॉलेजों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि जिम खोलने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। इससे नशे जैसी समस्याओं से भी युवा दूर रहेंगे। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद वकील सिंह, स्वाति जार, अनिल, रविंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

**लंबलू बाजार में सैनिटरी एवं डेकोर स्टूडियो का किया शुभारंभ :** विधायक आशीष शर्मा ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के लंबलू बाजार में ज्वालाजी सेनिटरी एवं डेकोर स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संचालक हंसराज शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि यह शुभारंभ करने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ है और इससे क्षेत्र के लोगों को सेरा कंपनी के सेनिटरी प्रोडक्ट्स खरीदने का अवसर मिलेगा। इस नए स्टूडियो के खुलने से क्षेत्र के लोगों को सैनिटरी उत्पादों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक नया विकल्प मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं और इस तरह के नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होता है।



लालहड़ी महिला मंडल को विधायक आशीष शर्मा ने सम्मानित किया।

## प्रदेश में बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी भगवान भरोसे : 'आप'

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में हैं। शुक्रवार को शिमला के दो प्रमुख सरकारी अस्पतालों में दो महिलाओं की मौत और शनिवार को हमीरपुर के एक निजी अस्पताल में एक महिला की मृत्यु ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है।

'आप' ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि वह स्वास्थ्य सेवाओं की प्राथमिकता के आधार पर गहन समीक्षा करे और ठोस कदम उठाए। पार्टी ने कहा है कि आज आम आदमी इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में घंटों कतार में खड़ा रहता है, महीनों बाद की जांच की तारीखें मिलती हैं, मशीनें खराब पड़ी हैं और टेक्नीशियन उपलब्ध नहीं हैं। सरकारी दवा भंडार में आवश्यक दवाएं नहीं मिलतीं। पार्टी के जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगत राम ने कहा कि प्रदेश में छह मेडिकल कॉलेज और एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल होने के बावजूद आम नागरिक की सेहत राम भरोसे है।

'आप' ने सरकार से मांग की है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, स्टाफ और तकनीकी कर्मचारियों की तत्काल भर्ती की जाए। सभी सरकारी मेडिकल स्टोर में जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और मशीनों की मरम्मत व नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, साथ ही निजी अस्पतालों की फीस पर नियंत्रण हेतु स्पष्ट नीति बनाई जाए और अस्पताल स्टाफ को मरीजों एवं परिजनों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ-होली सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा बैजनाथ-भरमौर-उतराला-होली सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं किया गया है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को दी। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा लोकसभा में इस सड़क मार्ग को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने और इसके पहले चरण के निर्माण के लिए बजट प्रावधान के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में नितिन गडकरी ने बताया कि केंद्र सरकार मुख्यता राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार को राज्य सरकारों/केंद्र शासित राज्यों से स्टेट हाइवेज को नए राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के प्रस्ताव प्राप्त होते हैं तथा इन पर पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से तालमेल और कनेक्टिविटी के आधार पर निर्णय लिया जाता है।

### वैज्ञानिक हर्बल विकल्पों पर शोध करेंगे प्रस्तुत

**अजय पाल,अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पशु चिकित्सा रोग विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार को ब्लूटन ट्रस्ट, यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय यात्रा अनुदान प्रदान किया गया है। यह अनुदान 23वें विश्व पशु चिकित्सा पोल्ट्री संघ (डब्ल्यूपीवीए) सम्मेलन में उनकी भागीदारी का समर्थन करेगा, जो 6-10 अक्टूबर, 2025 तक कुचिंग, सारावाक, मलेशिया में आयोजित होने वाला है। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने डॉ. राकेश कुमार को इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता के लिए बधाई दी और कहा, विश्वविद्यालय डॉ. राकेश की उपलब्धियों पर बहुत गर्व करता है। डॉ. राकेश पोल्ट्री में एस्चेरिचिया कोलाई और साल्मोनेला टाइफीम्यूरियम जैसे बैक्टीरिया के संक्रमण के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाओं के प्राकृतिक विकल्प के रूप में आर्टेमिसिया एनुआ (सेस्की) और सॉसुरिया कॉस्टस (कुठ) की जड़ के अर्क के मूल्यांकन पर अपना अग्रणी शोध प्रस्तुत करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. आरके असरानी के साथ सहयोग करते हुए, डॉ. राकेश ने यकृत क्षति, कैंसर और जूनोटिक संक्रमणों के लिए पादप-आधारित उपचारों के विकास में शोध में योगदान दिया है। उनके निष्कर्ष एंटीबायोटिक दवाओं के स्थायी और सुरक्षित विकल्प प्रदान करते हैं जो रोगाणुरोधी प्रतिरोध क्षमता से निपटने में एक बड़ा कदम।

### राहत तथा पुनर्वास कार्यों में न बरतें कोताही : पठानिया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने शाहपुर उपमंडल के सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में राहत तथा पुनर्वास के कार्यों में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतें तथा बारिश से क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों तथा पेयजल स्कीमों को भी त्वरित बहाल करवाएं ताकि लोगों को असुविधा नहीं झेलनी पड़े। कृषि भूमि, मकान, दुकानें, सड़कों को हुए नुकसान का जायजा लेने तथा प्रभावित परिवारों को जल्द सहायता प्रदान करने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत धर्मशाला में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सड़क तथा अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। वहीं, प्रदेश विधानसभा के चार विधायकों को अमेरिका के बोस्टन में 4 से 6 अगस्त तक आयोजित होने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटर्स में भाग लेने के लिए उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस के विभिन्न संगठनों पदाधिकारियों व विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने बधाई दी है।

### मांगों को लेकर 7 को सड़कों पर उतरेंगे कर्मचारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष को 'कर्मचारी विरोधी' और 'अनियमितताओं' के लिए जिम्मेदार ठहराया है। महासंघ ने मुख्यमंत्री से तत्काल उन्हें पद से हटाने और अपने पदाधिकारियों के खिलाफ जारी चार्जशीट रद्द करने की मांग की है। महासंघ ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री से कई बार मुलाकात के बावजूद कर्मचारियों की लंबित मांगों पर कोई समाधान नहीं निकला है। संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि 7 अगस्त तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे विद्युत बोर्ड कर्मचारी महासंघ के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे।

---

प्रदेश के सेब बागवानों को करारा झटका, भाजपा के दावों की खुली पोल, राहत की उम्मीद टूटी

# केंद्र का सेब पर एमआईपी बढ़ाने से इनकार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों को केंद्र सरकार से एक बड़ा झटका मिला है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने राज्यसभा में स्पष्ट कर दिया है कि सेब पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) 50 रुपए प्रति किलोग्राम ही रहेगा, फिलहाल इसे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह खुलासा हिमाचल के सांसद हर्ष महाजन के सवाल के जवाब में हुआ, जिसने उन तमाम दावों की पोल खोल दी जो हाल ही में कुछ भाजपा नेताओं द्वारा किए जा रहे थे। इस घोषणा ने राज्य के 5500 करोड़ रुपए के सेब उद्योग पर गहरा संकट ला दिया है, जो पहले से ही विदेशी आयात के कारण जूझ रहा है।

जानकारी के अनुसार यह खबर ऐसे समय आई है जब हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब बागवान लंबे समय से एमआईपी और आयात शुल्क बढ़ाने की मांग कर रहे थे। कुछ हफ्ते पहले, भाजपा नेता चेतन बरागटा ने 5 जुलाई को यह दावा किया था कि एमआईपी को 50 रुपए से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया गया है।

> **राज्यसभा में हुआ खुलासा 50 रुपए प्रति किलो ही रहेगा न्यूनतम आयात मूल्य**
>
> **घोषणा के बाद राज्य के 5500 करोड़ रुपए के सेब उद्योग पर मंडराया संकट**

इस घोषणा को सेब उद्योग के लिए एक बड़ी राहत माना जा रहा था, क्योंकि 80 रुपये एमआईपी और 50 फीसदी आयात शुल्क लगने के बाद विदेशी सेब 120 रुपए प्रति किलोग्राम से कम में भारत में नहीं उतर पाता, जिससे घरेलू बागवानों को सीधा फायदा होता। हालांकि, केंद्रीय मंत्रालय के जवाब ने स्पष्ट कर दिया है कि यह दावा निराधार था और एमआईपी आज भी 50 रुपए ही है।

### हर साल बढ़ रहा है विदेशों से सेब का आयात

**बता दें,** बागवानों की यह मांग नई नहीं है। साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी ने खुद मंडी के सुंदरनगर में एक जनसभा में सेब पर आयात शुल्क 100 फीसदी करने का वादा किया था। विडंबना यह है कि आयात शुल्क बढ़ा तो नहीं, बल्कि वाशिंगटन सेब पर यह 75 फीसदी से घटाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। विदेशों से सेब का आयात, खासकर तुर्की और ईरान से, हर साल बढ़ता जा रहा है, जो भारतीय बागवानों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है।

### विपक्षी दलों और बागवान संगठनों का भाजपा पर तीखा हमला

**राज्यसभा** में केंद्रीय मंत्रालय का जवाब आने के बाद हिमाचल में कांग्रेस, माकपा और सेब बागवान संगठनों ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है और इन सभी ने अपने अलग-अलग बयानों में स्पष्ट किया है, और कहा है कि भाजपा भ्रामक प्रचार करना छोड़ दे और लोगों को गुमराह करने से बाज आए। उनका कहना है कि ऐसे बयानों से लोगों को गलतफहमी में न रखें।

---

# जयराम ने पीएम मोदी से मांगा 'एरिया स्पेसिफिक पैकेज'

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए जयराम ठाकुर।

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मिलकर प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान से अवगत करवाया। प्रधानमंत्री ने जयराम से आपदा से हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और पुनर्वास में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री को हमने बताया कि इस आपदा में लोगों के घर ही नहीं उनकी जमीनें भी बह गई अब उनके पास घर बनाने की भी जगह नहीं बची है। ऐसे में उन्हें जमीन देने के लिए वन संरक्षण कानून में रियायत दी जाए, ताकि बेघर हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पुन: बसाया जा सके। साथ ही पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए एरिया स्पेसिफिक राहत पैकेज देने और प्रदेश में बार-बार आ रही प्राकृतिक आपदा के कारणों के अध्ययन के लिए भी प्रधानमंत्री से आग्रह किया, जिससे बार-बार हो रहे नुकसान से बचाव हो सके। उन्होंने आपदा के दौरान राहत और बचाव कार्य में हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद भी किया। जयराम ने कहा कि प्रदेश में 1200 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है, जिसमें लगभग 1000 करोड़ से अधिक का नुकसान सराज में ही हुआ है जबकि 30 जून की उस रात सराज, करसोग और नाचन में ही 42 की जान गई और अकेले सराज से ही 29 लोग आपदा का शिकार हुए। 500 से अधिक घर पूरी तरह बह गए और 1000 घर क्षतिग्रस्त हो गए जो रहने लायक नहीं बचे।

इसके साथ ही नाचन, करसोग और धर्मपुर में भी भारी नुकसान हुआ है। धर्मपुर में स्याठी गांव पूरी तरह जमींदोज हो गया और लोग खुले में रातें काट रहे हैं।

---

# नशे को लेकर सीएम सुक्खू का राज्यपाल पर पलटवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की 'उड़ता हिमाचल' वाली टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। सोमवार को शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल एक गरिमापूर्ण संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें हिमाचल के लोगों का सम्मान करना चाहिए। सुक्खू ने जोर देकर कहा कि राज्यपाल की ऐसी टिप्पणी उन्हें शोभा नहीं देती।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने एक प्रेस वार्ता में कहा था कि हिमाचल सरकार प्रदेश में नशा मुक्ति केंद्र खोलने के लिए गंभीर नहीं है और यदि हालात ऐसे ही रहे तो 'उड़ता हिमाचल' बनने में देर नहीं लगेगी। राज्यपाल ने सिरमौर में बन रहे एकमात्र केंद्र पर भी सवाल उठाए थे।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्यपाल के आरोपों का खंडन करते हुए बताया कि उनकी सरकार ने नशाखोरी के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट लागू करने और प्रदेश की 3,575 पंचायतों की मैपिंग करने की बात कही, ताकि धरातल पर नशा कारोबारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राज्यपाल से मुलाकात कर इस संदर्भ में स्पष्टीकरण लेंगे कि उन्होंने किस परिप्रेक्ष्य में यह टिप्पणी की थी।

### व्यवस्था परिवर्तन का जीवंत उदाहरण लगातार कैबिनेट की बैठकें

**मुख्यमंत्री** ने लगातार चार दिनों तक कैबिनेट बैठकें करने को व्यवस्था परिवर्तन का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इन बैठकों का उद्देश्य आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव को मजबूत करना है। ये बैठकें केवल दो घंटे की औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि इनमें विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हो रही है, जिनमें आपदा राहत पैकेज और आत्मनिर्भर हिमाचल से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

### भाजपा सांसदों पर भी साधा निशाना

**सुक्खू** ने आपदा राहत को लेकर भाजपा सांसदों पर भी निशाना साधा। अच्छा होता अगर भाजपा सांसद 2023-24 में, जब प्रदेश आपदा से जूझ रहा था, उस समय भी केंद्रीय मंत्रियों से मिलते और आपदा के लिए पीडीएनए की राशि लाते। हिमाचल सरकार केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में केंद्र सरकार से मिलने को तैयार है, बशर्ते केंद्र आपदा प्रभावितों को बसाने के लिए वन भूमि प्रदान करने में छूट दे।

---

# हिमाचल सरकार बीबीएमबी से 14 साल से लंबित ऊर्जा बकाया वसूलने को प्रयासरत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार अब भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड परियोजनाओं से पिछले 14 वर्षों से लंबित ऊर्जा बकाया की वसूली के लिए पूरी गंभीरता से प्रयास कर रही है।

यह महत्वपूर्ण कदम जेएसडब्ल्यू ऊर्जा मामले में सर्वोच्च न्यायालय में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद उठाया गया है। यह मामला 29 जुलाई, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। प्रदेश सरकार ने आज शिमला में बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार बीबीएमबी की सभी परियोजनाओं से ऊर्जा बकाया की वसूली के लिए लगातार गंभीर प्रयास कर रही है।

यह बकाया नवंबर 1966 से या संबंधित परियोजनाओं के चालू होने की तिथि से 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी के आधार पर मांगा गया है। सर्वोच्च न्यायालय के 27 सितंबर, 2011 के ऐतिहासिक निर्णय के बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बीबीएमबी को 1 नवंबर, 2011 से 7.19 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए थे।

### पंजाब और हरियाणा से वसूली करने के प्रयास

**मंत्रालय** ने नवंबर, 1966 से अक्टूबर, 2011 तक की ऊर्जा बकाया की रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत की थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, राज्य को बीबीएमबी परियोजनाओं से कुल 13,066 मिलियन यूनिट बिजली प्राप्त करने का हकदार है, जिसकी वसूली पंजाब और हरियाणा से 60:40 के अनुपात में होनी है। सरकार ने दृढ़ता से कहा कि प्रदेश सरकार अपने हक की लड़ाई पूरी प्रतिबद्धता के साथ लड़ेगी और इसे हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

---

### पर्यटन निगम का मुख्यालय धर्मशाला हुआ स्थानांतरित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रधान कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह महत्वपूर्ण निर्णय मंत्रिमंडल और निगम के निदेशक मंडल की बैठक में पहले ही लिया जा चुका था। अब यह कार्यालय धर्मशाला स्थित होटल कश्मीर हाउस में संचालित होगा। शिमला में, जहां यह कार्यालय वर्ष 1972 से एक किराए के भवन में चल रहा था, अब केवल एक क्षेत्रीय कार्यालय ही रहेगा।

इस स्थानांतरण का मुख्य कारण किराए के भवन को खाली करने के लिए लगातार मिल रहे नोटिस थे। इस स्थानांतरण से निगम के लगभग 75 अधिकारी और कर्मचारी प्रभावित होंगे जो अब धर्मशाला में सेवाएं देंगे। इनमें निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी), महाप्रबंधक (जीएम), सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) और अन्य स्टाफ सदस्य शामिल हैं। प्रदेश में पर्यटन विकास निगम के संचालन को सुव्यवस्थित करने और बेहतर कार्यस्थल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

# राजेश धर्माणी बने स्वच्छ छवि वाले नेता

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान**



> **जनता विकास पुरुष कहकर करती है सम्मानित**

**बिलासपुर।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से विधायक और प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी आज प्रदेश की राजनीति में स्वच्छ छवि, तकनीकी दृष्टिकोण और विकासशील सोच के प्रतीक बन चुके हैं। एक इंजीनियर के रूप में पेशेवर पृष्ठभूमि रखने वाले धर्माणी ने राजनीति में आने के बाद अपने वैज्ञानिक सोच और पारदर्शी कार्यशैली की गहरी छाप छोड़ी है। यही कारण है कि वे न केवल एक कुशल प्रशासक, बल्कि एक भरोसेमंद जनसेवक के रूप में जाने जाते हैं।

राजेश धर्माणी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र घुमारवीं को एक मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करने का सपना देखा है, जिसे साकार करने की दिशा में वे सतत प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में दर्जनों संपर्क सड़कों का निर्माण, पेयजल योजनाओं का विस्तार, ग्रामीण अस्पतालों का उन्नयन और युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई है। राज्य में तकनीकी शिक्षा को व्यवहारिक और रोजगार मूलक बनाने में धर्माणी की केंद्रीय भूमिका रही है। उन्होंने आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में स्मार्ट लैब्स, इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड कोर्सेज और अत्याधुनिक प्रशिक्षण की शुरुआत कर युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। यह सब एक ऐसे मंत्री की सोच का परिणाम है जो तकनीक को केवल ज्ञान नहीं, बल्कि आजीविका से जोड़कर देखता है। उनकी सादगी, ईमानदारी और जनभागीदारी पर आधारित राजनीति ने उन्हें जनता से जोड़ रखा है। धर्माणी लगभग हर सप्ताह जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनते हैं, बल्कि उस पर त्वरित कार्रवाई भी सुनिश्चित करते हैं। घुमारवीं की जनता उन्हें विकास पुरुष और जन-नेता कहकर सम्मानित करती है।

### घुमारवीं की जनता को योजनाओं का पहुंचाया लाभ

**एक** ईमानदार इंजीनियर नेता के रूप में धर्माणी ने यह सिद्ध कर दिया है कि राजनीति में भी तकनीकी दृष्टिकोण, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना से बड़े परिवर्तन लाए जा सकते हैं। उनके कार्य और सोच से स्पष्ट है कि घुमारवीं आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश का एक विकसित और तकनीकी रूप से सशक्त विधानसभा क्षेत्र बनने जा रहा है। बिलासपुर जिले की चार विधानसभा सीटों में जहां तीन पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है, वहीं घुमारवीं सीट पर कांग्रेस का परचम लहरा रहा है। राजनीतिक संतुलन के इस परिदृश्य में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र एक ऐसा केंद्र बनकर उभरा है, जहां विकास और सुशासन की स्पष्ट झलक देखी जा सकती है। धर्माणी अपने विभागीय प्रभाव और क्षेत्रीय संवाद की बदौलत घुमारवीं को लगातार सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सफल रहे हैं। उन्होंने साबित किया कि ईमानदार, व्यावसायिक और जनभागीदारी पर आधारित हो, तो सिर्फ राजनीतिक ताकत नहीं, नीयत भी विकास का रास्ता तय करती है।

# सेब उत्पादकों के भविष्य पर मंडराया खतरा : हरीश चौहान

**अनंत ज्ञान, शिमला**




हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों की ओर से, हिमाचल संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने, केंद्र सरकार का ध्यान सेब के न्यूनतम आयात मूल्य से जुड़े गंभीर मुद्दों और किसानों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरे की ओर आकर्षित किया है।

उन्होंने कहा, 'हमने लंबे समय से सेब का एमआईपी बढ़ाने की मांग की है, लेकिन मौजूदा 50 प्रति किलोग्राम का एमआईपी भी जमीनी स्तर पर पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रहा है। यह अत्यंत खेदजनक है कि जब हमारे किसान अपनी उपज के लिए उचित मूल्य पाने को संघर्ष कर रहे हैं, तो आयातित सेब बिना किसी बाधा के हमारे बाजारों में पहुंच रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय ने संयुक्त किसान मंच द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन के बाद इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, हमें इस पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद है।

चौहान ने कहा, हमारे किसानों को एक और गंभीर चिंता सता रही है अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते के तहत सेब पर शून्य आयात शुल्क लगाए जाने की आशंका।

यह हमारे बागवानों के लिए एक विनाशकारी कदम होगा। हम केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि वह हमारे बागवानों की इस गंभीर चिंता को समझे और त्वरित तथा ठोस कदम उठाए। हमारे सेब उत्पादकों का भविष्य दांव पर है। संयुक्त किसान मंच यह मांग करता है कि सरकार तत्काल प्रभाव से सेब पर 100 फीसदी आयात शुल्क लागू करे।




---

**बदलाव** हिमाचल पंचायत चुनाव में नई व्यवस्था, सेल्फ डिक्लेरेशन का दौर खत्म

# अब 'जाति प्रमाण पत्र' के बिना नहीं चलेगा काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




हिमाचल प्रदेश में इस साल होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। साल के अंत तक कभी भी चुनावी तारीखों का ऐलान हो सकता है। इस बार राज्य सरकार ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और आरक्षण के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को नामांकन के समय सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

जानकारी के अनुसार लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाली पंचायतीराज व्यवस्था, जो महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सपने को साकार करती है, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वशासन की अवधारणा को मूर्त रूप देती है।

ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद- इन तीन स्तरों पर कार्य करने वाली इस प्रणाली में अब एक नई अनिवार्यता लागू की गई है। पहले, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नामांकन दाखिल करते समय 'सेल्फ डिक्लेरेशन' ही पर्याप्त था। लेकिन, नियमों में संशोधन के बाद, अब इन वर्गों के उम्मीदवारों को तहसीलदार द्वारा जारी किया गया वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### प्रदेश की 3577 पंचायतों में होगा जनादेश

**प्रदेश** में कुल 3577 पंचायतों में जनता अपने मुखिया का चुनाव करेगी। इसके अतिरिक्त, 91 पंचायत समितियों और 249 जिला परिषद वार्डों के सदस्यों का भी चयन किया जाएगा। संविधान के 73वें संशोधन के तहत पंचायतीराज संस्थाओं को मिले संवैधानिक दर्जे के अनुरूप, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिए तीनों स्तरों पर सदस्यों और अध्यक्षों के पदों पर आरक्षण का प्रावधान है।

### पंचायत प्रतिनिधियों के लिए होगा आरक्षण लागू

**ग्राम** पंचायतों में प्रधान, वार्ड सदस्यों, पंचायत समितियों और जिला परिषद के सदस्यों के लिए भी आरक्षण लागू होगा। हालांकि, उप-प्रधान का पद अनारक्षित रहेगा, जिस पर किसी भी वर्ग का व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है।

### पिछली चुनावी झलक में एक तुलनात्मक विश्लेषण

**राज्य** में वर्तमान कार्यकाल में पंचायतों में आरक्षण की स्थिति देखें तो महिलाओं के लिए 50.57 फीसदी, अनुसूचित जाति के लिए 25.39, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.58 और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 6.75 फीसदी सीटें आरक्षित हैं। पिछली बार, वर्ष 2021 में, पंचायतीराज संस्थाओं के लिए 17, 19 और 21 जनवरी को तीन चरणों में मतदान हुआ था। राज्य निर्वाचन आयोग ने 22 दिसंबर 2020 को इन चुनावों की अधिसूचना जारी की थी।

### चरस मामले में आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** फतेहपुर-चंदेश सड़क मार्ग पर पकड़ी गई 843 ग्राम चरस की बड़ी खेप मामले में सरकाघाट पुलिस ने आरोपी मोहर सिंह को निशानदेही पर हमीरपुर से दो अन्य युवकों को गिरफ्तार किया है।



तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसकी पुष्टि करते हुए एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने बताया कि मामले की गहनता से जांच जारी है और अन्य संभावित संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है। चरस तस्करी के इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर काम कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को बल मिला है।

# हिमालय की गोद में दिव्य शक्ति का उद्भव
# कोट काली माता का अलौकिक धाम

**हिमालय की शांत, बर्फीली वादियों में जहां देवदार के पेड़ों से झरती ओस की बूंदें प्रकृति की पवित्रता का गुणगान करती हैं, वहीं शिमला जिले के ननखड़ी से आगे पुराने हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग पर, लगभग 11,000 फुट ऊंची चोटी पर विराजमान है कोट काली माता का भव्य मंदिर। यह केवल एक असंख्य पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि युगों-युगों से प्रवाहित होती आस्था और दिव्य शक्ति का जीवंत प्रमाण है। यहां की हर सांस में मां की महिमा घुली है। हर पत्थर में तपस्या की गाथा अंकित है और हर कण में आध्यात्मिक ऊर्जा का स्पंदन महसूस होता है। यह स्थल प्रकृति की अनमोल देन और देवी के दिव्य आशीर्वाद का ऐसा संगम है, जहां आकर हर भक्त को असीम शांति और नव चेतना का अनुभव होता है। मंदिर के चारों ओर फैला हिमालय का विराट और शांत स्वरूप, मानो स्वयं देवी की महानता का बखान कर रहा हो, जहां हर दिशा से बहती पवन मां के यशोगान का संदेश लेकर आती है।**

## मां का विहंगम स्वरूप
### काली की परम शक्ति का आवरण

**कोट** काली माता वास्तव में महाकाली के ही एक प्रचंड और तेजस्वी स्वरूप का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनका श्याम या गहरा नीला वर्ण अनंत आकाश और अगाध गहराई का प्रतीक है, जो सृष्टि के समस्त रहस्य को अपने में समेटे हुए है। उनकी प्रतिमा में अकसर चार या दस भुजाएं होती हैं, जिनमें वे विभिन्न आयुधों को धारण किए, दुष्टों का संहार करती और भक्तों को अभय प्रदान करती दिखती हैं। यह स्वरूप केवल विनाश का नहीं, बल्कि परिवर्तन, अज्ञान के अंधकार का नाश और सकारात्मक ऊर्जा के प्रस्फुटन का प्रतीक है। मां के दर्शन मात्र से ही भक्तों के भीतर का भय और संशय दूर हो जाता है और वे एक अदृश्य शक्ति से परिपूर्ण महसूस करते हैं। उनकी उग्रता में भी मातृत्व की वह करुणा समाहित है, जो अपने बच्चों को हर विपदा से बचाती है।



## उत्पत्ति की गाथा :
### किन्नौर से कोट तक का दिव्य प्रवास

**कोट** काली माता की स्थापना को लेकर लोकमानस में कई पवित्र कथाएं प्रचलित हैं। एक प्रमुख मान्यता के अनुसार, मांग काली का यह स्वरूप मूल रूप से किन्नौर जिले के कामरूप नामक स्थान से अवतरित हुआ था। कामरूप, अपनी तांत्रिक परंपराओं और शक्तिपीठों के लिए विख्यात है और माना जाता है कि वहीं से मां ने अपने दिव्य प्रवास की शुरुआत की। किंवदंती है कि किसी विशेष समय या घटना के फलस्वरूप, मां ने उस स्थान को छोड़कर एक नए धाम की ओर प्रस्थान किया। यह भी कहा जाता है कि सदियों पूर्व, एक सिद्ध महात्मा या कोई दैवीय शक्ति किन्नौर के कामरूप से इस उन्नत चोटी तक पहुंची। उन्होंने अपने साथ मां के इस पवित्र स्वरूप को धारण किया या उनके मार्गदर्शन में इस स्थान पर देवी को 'कोट' नामक जगह पर स्थापित किया गया।

***यह स्थान अपनी प्राकृतिक दृढ़ता और दुर्गम स्थिति के कारण ही 'कोट' कहलाया, जिसका अर्थ है किला या दुर्ग। इस प्रकार मां ने यहां स्वयं को एक दुर्ग में स्थापित कर अपने भक्तों के लिए अभेद्य सुरक्षा का कवच प्रदान किया। यह प्रवास, केवल भौगोलिक दूरी तय करना नहीं था, बल्कि शक्ति के एक धाम से दूसरे धाम तक के स्थानांतरण की एक अलौकिक यात्रा थी, जिसने कोट काली मंदिर को एक अद्वितीय पौराणिक महत्व प्रदान किया।***

विशेष रिपोर्ट: सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।

## 'कोट काली' का गहन अर्थ :
### सुरक्षा, न्याय का सिंहासन

'कोट काली' नाम अपने आप में गहरे अर्थ समेटे हुए है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, 'कोट' शब्द किले या दुर्ग का पर्याय है, जो अभय, दृढ़ता और सुरक्षा का प्रतीक है। मां काली इस रूप में अपने भक्तों के लिए एक अभेद्य किला है, जो उन्हें हर नकारात्मक शक्ति, भय और विपत्ति से बचाती हैं। वे सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी सुरक्षा प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त 'कोट' शब्द का अर्थ न्यायालय या दरबार भी होता है। मान्यता है कि मां कोट काली यहां अपने एक दिव्य दरबार में विराजमान है, जहां वे अपने भक्तों की पुकार सुनती हैं, उनके कष्टों का निवारण करती हैं और उन्हें न्याय प्रदान करती हैं। इस प्रकार यह नाम मां की उस सर्वोपरि शक्ति को दर्शाता है, जो अपने भक्तों को आश्रय देती है, उन्हें गलतियों से बचाती है, और उन्हें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।



## अद्वितीय आस्था का संगम
### एक आध्यात्मिक तीर्थ

**कोट** काली माता का यह पावन धाम केवल एक पर्यटक स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत आस्था का केंद्र है, जहां हर वर्ष हजारों भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और आत्मिक शांति की तलाश में आते हैं। विशेषकर नवरात्र के पावन पर्व पर यह स्थान भक्तों के जयकारों और भजन-कीर्तनों से गूंज उठता है। यहां की पवित्र वायु में मां की उपस्थिति का अनुभव होता है और हिमालय की अलौकिक सुंदरता आध्यात्मिक अनुभव को और भी गहरा कर देती है। कोट काली मंदिर हिमाचल की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का एक अनमोल रत्न है, जो हमें हमारी प्राचीन परंपराओं और देवी-शक्ति की असीम कृपा की याद दिलाता है।

# कलयुग के अंत में होगा कल्कि अवतार





**भगवान** श्री विष्णु के मुख्य अवतारों में से एक है। यह अवतार अभी प्रकट भी नहीं हुआ है। पौराणिक कथाओं के आधार पर कल्कि अवतार अंतिम चरण में होगा। कल्कि जयंती का पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कलियुग के अंतिम काल में भगवान विष्णु के दसवां अवतार कल्कि अवतार का नाम अमृत होगा। यह अवतार कलियुग और सतयुग की संधि काल में होगा, जो 64 कलाओं से युक्त होगा।


पौराणिक कथाओं के अनुसार, श्री विष्णु के कल्कि अवतार का आगमन उत्तर प्रदेश के आंध्र जिले के संभल स्थान पर होगा। यहां पर रहने वाले स्टोन विष्णुयशा नाम के एक ब्राह्मण परिवार में होगा। कल्कि भगवान का वाहन सफेद रंग का घोड़ा होगा, जिस पर सवार होकर वह सभी दुष्टों का अंत करेंगे। पापियों का नाश करके फिर से धर्म की रक्षा करेंगे। श्रीमद्भावत के 12वें स्कंद के 24वें श्लोक में कल्कि अवतार के बारे में बताया गया है। इसके अनुसार गुरु, सूर्य और चंद्रमा जब एक साथ पुष्य नक्षत्र में होंगे, तो उसी समय श्री विष्णु भगवान कल्कि रूप में जन्म लेंगे।

कलयुग के अंत में कल्कि अवतार होगा और पुनः पृथ्वी पर सतयुग आएगा। कलयुग में मनुष्य पाप में संलिप्त होकर गरीबों, ब्राह्मणों, गाय और धर्म के कार्य की हानि करने वाला बन जाएगा, जिसके उपरांत श्री विष्णु का कल्कि अवतार होगा।

# नाग पंचमी

## नागों का पूजन करना कल्याणकारी

**देश** की समृद्ध विरासत को यदि सांस्कृतिक दृष्टि से देखें तो इसमें अनेकों रंग देखने को मिलते हैं। इन रंगों में विभिन्न कलाएं अपने रंग बिखेरती हैं। वहीं, यहां के रीति-रिवाज, त्योहार व व्रत आदि भी अपनी पहचान के साथ अलग ही महक बिखेरते हैं। तभी तो यहां के जीव-जंतुओं से लेकर पेड़ पौधों तक की महिमा, यहां के तीज त्योहारों में भी देखने को मिल जाती है और ये सभी बातें अपने पर्यावरण और जैविक तंत्र को बचाने के लिए भी जरूरी हैं। श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाए जाने वाले इस त्योहार को नाग पंचमी के नाम से ही जाना जाता है। इस दिन सुबह सवेरे स्नान के पश्चात स्वच्छ वस्त्र धारण करके नाग देवता का पूजन कच्चे दूध, फूल, मैदे की सेवइयां, हल्दी, कुमकुम, चावल व मिठाई आदि के साथ की जाती है। यह पूजन मंदिर में या घर पर नाग देवता की तस्वीर या मूर्ति के समक्ष की जाती है। मूर्ति पत्थर, लकड़ी, सोने या चांदी की भी ली जा सकती है। इसके अलावा घरद्वार के बाहर की ओर भी सांपों को अंकित किया जाता है और उनकी भी पूजा-अर्चना की जाती है, क्योंकि सांपों व नागों की पूजा-अर्चना को शक्ति, समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना गया है। इसके साथ ही साथ ऐसा भी बताया जाता है कि नाग पूजन व दूध के छिड़काव से सांप किसी भी प्रकार का नुकसान व कष्ट नहीं पहुंचाते। वैसे भी तो सांप व नाग हमारी फसलों को हानिकारक (चूहों आदि) जीवों से भी तो बचाते हैं। इन पूजे जाने वाले नागों व सांपों में आ जाते हैं अनंत, वासुकी, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट, शंख, कालिया और पिंगल आदि। नागों व सांपों का पूजन पंजाबी समुदाय के लोगों द्वारा भी किया जाता है, लेकिन वह नाग पंचमी के दिन न करके गुग्गा नवमी के दिन किया जाता है। इस दिन ये लोग नाग पूजा के लिए मैदे की मीठी सेवियां और पूड़े बनाते हैं और फिर किसी बेरी की झाड़ी या पेड़ पर सूती धागे से सात लपेटे, धूप बत्ती के साथ पूजन करके गुग्गा देवता (नाग देवता) से क्षमा याचना करते हैं। मीठी सेवियों व पूड़ों का प्रसाद बेरी को चढ़ाने के पश्चात बेरी को जल भी अर्पित किया जाता है और फिर वही प्रसाद घर व पड़ोस में बांटा जाता है। यदि कहीं मंदिर पास हो तो वहां भी हाजिरी लगाई जाती है। कुछ लोग गुग्गा पूजन मंदिर में भी कर लेते हैं।





डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

नाग पंचमी के इस त्योहार को मनाए जाने के संबंध में भी कई एक पौराणिक कथाएं सुनने को मिलती हैं, जिनका संबंध आगे से आगे कई दूसरी कथाओं में भी देखने सुनने में आ जाता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार बताया जाता है कि किसी श्राप के फलस्वरूप तक्षक नाग, राजा परीक्षित को उसके महल की सुरक्षा के बीच किसी तरह पहुंचकर उसे डंस लेता है। जब परीक्षित के पुत्र जन्मेजय को इस की जानकारी मिलती है तो वह अपने पिता की मौत का बदला लेने के लिए समस्त सर्प जाति को मिटाने के लिए सर्पसत्र यज्ञ का आयोजन करता है। फलस्वरूप दूर-दूर से सांप उड़कर यज्ञ की अग्नि में भस्म होने लगते हैं, जिसे देखकर सब भयभीत हो जाते हैं और फिर विनाश को देखते हुए ऋषि आस्तिक मुनि आगे आते हैं और यज्ञ वेदी पर कच्चे दूध का छिड़काव करके अग्नि की ज्वाला को शांत करके यज्ञ को रोक देते हैं। इस तरह से तक्षक नाग और उसके समस्त वंश को बचा लिया जाता है। कहते हैं कि उस दिन शुक्ल पक्ष की पंचमी ही थी, तभी से नाग पंचमी के दिन सांपों व नागों की पूजा करते हुए कच्चे दूध का छिड़काव करते आ रहे हैं। इस वर्ष नाग पंचमी 28 जुलाई की रात 11 बजकर 24 मिनट से शुरू होकर 30 जुलाई सुबह 12 बज कर 45 मिनट रहेगा, इसलिए यह पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा।

**श्रवण** मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन नागों का पूजन करना कल्याणकारी माना जाता है। नाग क्षेत्रपाल देवताओं में से एक हैं, क्षेत्रपाल देवता अर्थात क्षेत्र की रक्षा करने वाले देवता माने जाते हैं। नाग इच्छा से संबंधित देवता हैं तथा इच्छाओं की पूर्ति करने वाले कहे जाते हैं। भगवान शिवजी ने नाग धारण किए हैं, तो भगवान विष्णु शेषासन पर शयन करते हैं। नागदेवता की पूजा करने की पद्धति नागों में भी कई जातियां होती हैं, नागों के नौ रूप प्रसिद्ध हैं, जो नवनाग स्तोत्र में बताए हैं। इस स्त्रोत का पाठ करने से नागो के कष्ट से मुक्ति मिलती है। इस दिन प्रातः नित्यक्रम से निवृत होकर, स्नान कर घर के दरवाजे पर पूजा के स्थान पर गोबर से नाग बनाया जता है। मुख्य द्वार के दोनों ओर दूध, दूब, कुशा, चंदन, अक्षत, पुष्प आदि से नाग देवता की पूजा करते हैं। इसके बाद लड्डू और मालपूओं का भोग बनाकर भोग लगाया जाता है। इसके पश्चात वस्त्र सौभाग्य सूत्र, चंदन, हरिद्रा, चूर्ण, कुमकुम, सिंदूर, बिल्वपत्र, आभूषण और पुष्प माला, सौभाग्य द्रव्य, धूप दीप, नैवेद्ध, ऋतु फल, तांबूल चढ़ाने के लिए आरती करनी चाहिए। इस प्रकार पूजा करने से मनोकामना पूरी होती है। इस दिन नागदेव की पूजा सुगंधित पुष्प, चंदन से करनी चाहिए। पूजा के वक्त नाग देवता का आह्वान करना चाहिए। उसके पश्चात जल, पुष्प और चंदन का अर्ध्य देना चाहिए। नाग प्रतिमा का दूध, दही, घृत, मधु और शर्कर का पंचामृत बनाकर स्नान करना चाहिए। उसके पश्चात प्रतिमा पर चंदन, गंध से युक्त जल चढाना चाहिए।



# शिवमय बैजनाथ नगरी

## भगवान शिव को सावन का महीना अत्यधिक प्रिय

**हिमाचल** प्रदेश में अनेक देवी-देवताओं व ऋषि-मुनियों का वास रहा है, इसीलिए यह राज्य देश-विदेश में देवभूमि के नाम से प्रचलित है। प्रदेश की गगन को आच्छादित करती पर्वत की दिव्य चोटियों में बसा कांगड़ा जिले में यूं तो अनेक प्राकृतिक छटा से ओत-प्रोत रमणीक व पावन-पवित्र धार्मिक और पर्यटन हैं, लेकिन पालमपुर से मात्र 10-15 किलोमीटर और पठानकोट से लगभग 132 किलोमीटर की दूरी पर व समुद्र तल से 1250 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बैजनाथ का ऐतिहासिक पुरातन शिव मंदिर अपना विशेष महत्व रखता, जो पूर्ण रूप से भगवान शिव को समर्पित है और इसकी महत्ता आज भी देश विदेश में यथावत बनी हुई है। प्राचीनकाल में बैजनाथ को 'कीर ग्राम' के नाम से विख्यात था, लेकिन कई सदियों से बैजनाथ नगरी से प्रचलित हो गया। अन्य किंवदंतियों के आधार पर यह भी कहा जाता है कि यहां चार वेदों के ज्ञाता लंकापति रावण ने शिव की शक्ति प्राप्त करने के लिए यहां घोर तपस्या कि थी। वहीं, पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय यहां व्यतीत किया था जिसके दुर्लभ चिन्ह आज भी देखे जा सकते हैं। यूं तो हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह हर वर्ष स्थानीय मेलों और उत्सवों का आयोजन चलता रहता है। जिले कांगड़ा के उपमंडल बैजनाथ मंदिर,जो कि धार्मिक दृष्टि से विश्व ख्याति प्राप्त मंदिर है। सावन महीने और शिवरात्रि के पर्व के समय पूरा क्षेत्र आस्था और देवतुल्य शिवमय से सरोबार हो जाता है। सावन माह के बाहर प्रांगण व अंदर विराजमान शंकर भगवान का शिवलिंग, नंदी व अन्य कलात्मक और भव्य मूर्तियां एक अलग ही श्रद्धा की अनुभूति कराती हैं, जिनके आगे भक्तजन नतमस्तक हुए नहीं रह सकता। हिंदू धर्म के अनुसार, सावन के पूरे महीने में भोलेनाथ के पूजन की परंपरा है। इस दौरान मंदिर में सुबह-शाम आरती का भव्य और अलौकिक दृश्य तो देखते ही बनता है। मंदिर के गर्भगृह को फूलों से सुसज्जित किया जाता है। वहीं, रात्रि के समय चारों ओर टिमटिमाती रोशनी के प्रकाश से एक अनूठी भव्यता का नजारा देखने को मिलता है। प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं का सैलाब देखते हुए स्थानीय प्रशासन, पुलिस और मंदिर न्यास जहां भक्तों को सुगमता एवं सहजता के साथ दर्शन करवाने की सुचारु रूप से व्यवस्था करते हैं।



तुलसी राम डोगरा, पालमपुर

### सोमवार को व्रत करने से मनवांछित फल


**आज** कल सावन माह के सोमवार मेले लगे हुए हैं, जो आगामी 11 अगस्त सोमवार तक चलेंगे। किंवदंतियों के अनुसार, भगवान शिव को सावन का महीना अत्यधिक प्रिय है। इस सावन माह में बैजनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ रहा है। इस मौके पर भक्तजन दूर-दूर से पहुंच कर शिव स्तुति की महिमा का गुणगान कर भक्ति सागर में डूब जाते हैं। जनश्रुति के अनुसार, जिन महिलाओं को संतान की प्राप्ति नहीं होती है, वे महिलाएं अगर सावन के सोमवार के व्रत पूरे विधि-विधान व पूरी श्रद्धा के साथ के साथ से करें, तो उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

**शिवलिंग पर चढ़ाएं दूध और बिल्व पत्र :** सावन माह में प्रतिदिन शिव भगवान को दूध आदि अर्पित करें, तो उनकी सभी बाधाएं दूर होती है। इसके अलावा जिन कन्याओं के विवाह में विलंब अथवा अन्य किसी बाधा को भी सावन सोमवार के व्रत रखने से दूर किया जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि सावन माह में बैजनाथ शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग में दूध और बिल्व पत्र चढ़ाने तथा उनके दर्शनार्थ के लिए प्रातःकाल ही लंबी-लंबी कतारों में भक्तजनों को देखा जा सकता है। भगवान शिव को बिल्वपत्र सबसे प्रिय है। शंकर के प्रति आस्थावान भक्तजन यहां सावन महीने में आने वाले सभी सोमवार बड़ी ही श्रद्धा और हर्षोल्लास से इस उत्सव को मनाते हैं।

## तुलसीदास जयंती पर विशेष

# भक्ति, दर्शन व सामाजिक चेतना के महामुनि

**श्रावण** मास की सप्तमी तिथि को संत तुलसीदास की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। वे न केवल भगवान श्रीराम के अद्वितीय भक्त थे, बल्कि उन्होंने भारतीय आध्यात्मिक साहित्य को अमर काव्य-संपदा से समृद्ध किया। गोस्वामी तुलसीदास का जन्म सन 1589 में उत्तर प्रदेश के राजापुर (जनपद चित्रकूट) नामक ग्राम में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम हुलसी और आत्माराम दुबे था। जीवन के आरंभिक दिनों में ही माता-पिता से बिछड़ जाने के कारण उनका पालन-पोषण कठिन परिस्थितियों में हुआ, परंतु उन्हीं संघर्षों ने उन्हें अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर किया।



तुलसीदास ने जीवनभर श्रीराम और हनुमानजी की उपासना में स्वयं को समर्पित रखा। उनका मानना था कि ईश्वर प्राप्ति के लिए केवल जाति, कर्मकांड या वर्ण व्यवस्था नहीं, बल्कि शुद्ध अंतःकरण और भक्ति ही आवश्यक है। उन्होंने 'रामचरितमानस' की रचना कर न केवल लोकभाषा में वेदांत का सार प्रस्तुत किया, बल्कि श्रीराम के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाया। उनकी अन्य प्रसिद्ध रचनाओं में विनय पत्रिका, कवितावली, गीतावली, हनुमान चालीसा, बरवै रामायण और जानकीमंगल प्रमुख हैं। ये कृतियां केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सामाजिक संदेशवाहक भी हैं। तुलसीदास ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव और कुरीतियों पर कठोर प्रहार किए। उन्होंने सत्य, धर्म, करुणा और मानवता के मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास किया। तुलसीदास ऐसे संत कवि थे, जिन्होंने लोकमंगल को अपना ध्येय बनाया और रामराज्य की उस कल्पना को साकार रूप में देखा, जहां न्याय, करुणा और सदाचार के साथ सबका कल्याण हो। वे मानते थे कि धर्म का मर्म आडंबर में नहीं, अपितु आत्मिक साधना और सेवा में है। उनकी रचनाओं को लेकर ईर्ष्यालु तत्वों ने कई बार विरोध किया, उन्हें मिटाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन सच्चे तप और भक्ति से उपजा साहित्य चिरंजीवी होता है और यही तुलसीदास की सबसे बड़ी विजय रही। आज भी गोस्वामी तुलसीदास न केवल एक महान कवि, बल्कि एक युग दृष्टा, समाज सुधारक और संत-दार्शनिक के रूप में स्मरण किए जाते हैं।

-अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी

# अवैध कटान : गुम्मर में खैर के 11 पेड़ों को जड़ों से उखाड़ा

## वन विभाग की टीम ने मौके से बरामद किए 21 मोछे

पंकज सोनी, अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी उपमंडल के साथ लगते गुम्मर वार्ड नंबर 1 के कालीधार चकवन जंगल से खैर के पेड़ों का अवैध कटान का मामला सामने आया है। जंगल से खैर के 11 पेड़ जड़ों समेत उखाड़े गए हैं।

वहीं, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और वहां से 21 खैर के मोछे बरामद किए हैं। रेंज ऑफिसर ज्वालामुखी ईशानी ने बताया कि जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जमीन लालदीन नामक व्यक्ति की बताई जा रही है, जिन्होंने इस अवैध कटान को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। लालदीन ने बताया कि उनकी निजी भूमि पर लगे खैर के पेड़ उनकी अनुमति के बिना काटे गए। उन्होंने कहा कि बीते समय में कई ठेकेदार खैर काटने की मांग लेकर आए थे, लेकिन मैंने हमेशा मना किया। हाल ही में एक ठेकेदार आया और उसने भरोसा दिलाया कि वह नियमों के तहत कटान करेगा। 11 पेड़ों के लिए कुल 60 हजार रुपए तय हुए, लेकिन मुझे आज तक एक पैसा नहीं मिला।



जड़ से उखाड़े गए खैर के पेड़ को दिखाती गुम्मर पंचायत की प्रधान।

### दोषियों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

पंचायत गुम्मर की प्रधान शिमला देवी ने इस घटनाक्रम पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वन संपदा को बर्बाद किया जा रहा है। विभाग को पहले ही सतर्क रहना चाहिए था। उन्होंने मांग की कि दोषियों को जल्द पकड़कर कड़ी सजा दी जाए।

### सुरानी रोड पर भी हो रहा अवैध कटान

इसी बीच सुरानी रोड से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें बड़े-बड़े खैर के पेड़ कटे हुए दिखाए गए हैं। वीडियो में देखा गया कि कटे हुए पेड़ों की टहनियां मौके पर ही बिखरी हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में सड़क बंद होने का पूरा फायदा उठाकर लकड़ी माफिया बेखौफ होकर पेड़ों का कटान कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना वैध वीजा विदेशी महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत मैक्लोडगंज क्षेत्र में घूमने आई एक विदेशी महिला के वीजा एक्सपायर संबंधित होने का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा महिला को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार कीनिया की यह महिला बीते दो तीन दिन पहले यहां घूमने आई थी। इसके बाद इसके दस्तावेजों की जांच के दौरान महिला का बीजा एक्सपायर होने की बात सामने आई, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पुलिस जिला कांगड़ा आदिति सिंह ने पुष्टि की है।

### बंजर भूमि पर किसान लगाएं औषधीय पौधे : विपन

**अनंत ज्ञान। नूरपुर।** औषधीय पौधे किसानों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो सकते हैं। खासकर उन स्थानों पर जहां की भूमि बंजर या फिर कम उपजाऊ होती है। कांगड़ा जिले के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र जाच्छ (नूरपुर) की सह निदेशन एवं वैज्ञानिक डॉ. विपन गुलेरिया ने किसानों को औषधीय पौधों की खेती करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों की खेती आमदनी बढ़ाने के लिए मददगार होते हैं। बरसात में आंवला, तुलसी, नीम, एलोवेरा, अश्वगंधा, गिलोय, ब्राह्मी, शतावरी, अदरक, हल्दी, और मेथी, हरड़ और बेहड़ा आदि के पौधे लगाए जा सकते हैं। जंगली औषधीय पौधे से वे अच्छे किस्मे के पौधे तैयार करते हैं, जिससे अच्छी पैदावार हो रही है। संस्थान में यह पौधे किसानों को उपलब्ध करवाए जाते हैं। औषधीय पौधों व फलों की मांग भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी है, इसलिए औषधीय पौधे लगाने चाहिए।

### बीड़ होटल एसोसिएशन ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ होटल एसोसिएशन यानी भाषा की टीम ने सोमवार को घरनाला रोड़ के साथ लगते जंगल में पौधरोपण किया। संस्था के अध्यक्ष सतीश अबरोल में बताया कि देवदार और बॉन के डेढ़ सौ पौधे लगाए गए। अभी तक 950 पौधों का रोपण हो चुका है, जिसमें 800 के लगभग पौधे जंगल में सकुशल लहलहा रहे हैं।

### 31 तक करवाएं मक्की तथा धान की फसल का बीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी मक्की और धान की फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा लें। प्राकृतिक कारणों से किसानों की फसलों को यदि नुकसान होता है, तो फसल बीमा योजना के अंतर्गत इसकी भरपाई की जा सकती है। इसके साथ ही जिन किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन लिया है, उन किसानों को फसल का बीमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। जिन किसानों ने बैंक से कृषि के लिए कोई ऋण नहीं लिया है वह किसान भी 31 जुलाई से पहले किसी भी लोकमित्र केंद्र में जा कर अपनी मक्की व धान की फसलों का बीमा करवा सकते हैं।

### केदारा महादेव गढ़ में उमड़ी भक्तों की भीड़

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना उपमंडल के तहत केदारा महादेव मंदिर गढ़ केदारा में सावन महीने के दूसरे सोमवार को महादेव के भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक कर भोले शंकर पर आस्था जताई। उन्होंने केदारा महादेव मंदिर में भोले के जयकारों के साथ-साथ भजन संकीर्तन भी किया।

### भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान। पालमपुर।** नेताजी सुभाष नर्सिंग कॉलेज पालमपुर में शहीद भगत सिंह फार्मेसी कॉलेज के सहयोग से सीएमओ कांगड़ा डॉ. राजेश गुलरी की अध्यक्षता में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ ने प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप एक महान पेशे से जुड़े हैं। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सेजल प्रथम, स्नेहा द्वितीय व पलक तृतीय, फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवांश प्रथम, भावना द्वितीय व कृष तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, श्रेया द्वितीय व सितांशी तृतीय, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्नेहा व रितिका प्रथम, चिराग व अर्पित द्वितीय व सितांशी व शगुन तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें सीएमओ द्वारा सम्मानित किया गया।

### पठानकोट महिला क्रिकेट टीम ने जीता मैच

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पंजाब स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट महिला सीनियर वनडे लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट में पठानकोट महिला सीनियर क्रिकेट टीम ने फिरोजपुर टीम को 7 विकेट से हराकर विजयी सफर की मजबूत नींव रखी। पठानकोट की गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जहां प्रगति ने 4 अहम विकेट झटके और प्राची सिंह ने 3 महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को आउट कर विपक्षी टीम को एक सीमित स्कोर पर रोक दिया। बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट से आसान जीत हासिल की। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन पठानकोट के सचिव सनी महाजन ने टीम को बधाई दी।

### रक्कड़ पंचायत में लगाया निक्षय शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रक्कड़ पंचायत भवन में सोमवार को निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। बीएमओ डॉ. रूबी भारद्वाज ने बताया कि निक्षय शिविर में टांगलेन संस्था की ओर से कोरिया से लाई गई मोबाइल एक्सरे मशीन की सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। पंचायत में ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया था, जिनको टीबी रोग होने की संभावना या उसका खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे लोगों की मैपिंग की गई थी। इनमें 60 वर्ष से अधिक, मधुमेह रोगी, जो धूम्रपान व शराब का सेवन करते हैं, शारीरिक तौर पर कमजोर और कैंसर से पीड़ित लोग शामिल हैं।

### भद्रेहड़ भाटी मोड़ पर चीड़ के पेड़ बने खतरा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के तहत भद्रेहड़ भाटी मोड़ पर चीड़ के पेड़ खतरा बने हुए हैं। बरसात के चलते ये पेड़ कभी गिरकर किसी हादसे को न्यौता दे सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही किसी भी समय वाहन चालकों पर भारी पड़ सकती है, क्योंकि बारिश के चलते यहां भूस्खलन भी हो रहा है, जिसके चलते सड़क की ओर झुके चीड़ के पेड़ कभी भी गिर सकते हैं।

### छात्रों को किया एड्स के बारे में जागरूक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में सिविल अस्पताल पालमपुर से काउंसलर मिस रोजी और सुमित, सिविल कोर्ट जयसिंहपुर से एडवोकेट कुलभूषण अवस्थी और मीनाक्षी महाजन साथ ही सिविल अस्पताल जयसिंहपुर से रमेश चंद मौजूद रहे। छात्रों को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक किया।

# आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम के बजाए एफआईआर के निर्देश : त्रिलोक



धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर व अन्य।

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** मंडी जिले में आई आपदा के प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाए एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। यह आरोप प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने सोमवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में लगाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में एक ऐसे बेलगाम मंत्री हैं, जिनकी हरकतों व बदजुबानी को पिछले अढ़ाई साल से जनता झेल रहे हैं। त्रिलोक ने कहा कि सरकार के मंत्री को यह भी जानकारी नहीं कि किन्नौर के साथ तिब्बत की सीमा लगती है, न कि चीन की। त्रिलोक ने कहा कि प्रदेश सहित मंडी के सराज में भयंकर तबाही हुई है, वहां के लोगों 30 से अधिक अपनों को खो दिया। साथ ही मंत्री पीड़ित लोगों में से 65 पर एफआईआर दर्ज करके और दुखी किया जा रहा है। उन्होंने सीएम से मांग की है कि इस एफआईआर को जल्द से जल्द निरस्त किया जाए। ऐसा न करने पर प्रदेशस्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में टोलियां बनाकर राशन किटें व जरूरी सामान पहुंचाने का काम किया। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे व केंद्रीय मदद के लिए कदम आगे बढ़ाया है, जबकि राजस्व मंत्री वहां बैठकर राहत व बचाव कार्य चलाने की बजाए 25 दिनों तक सचिवालय में ही बैठे रहे। लोगों के आवाज उठाने पर राजस्व मंत्री 25 दिनों के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्र पहुंचे, जिस पर लोगों की समस्या सुनते हुए उन्हें मदद न करने की बात तक कह दी।

## मनरेगा में इंटरलॉक टाइल व भवनों के निर्माण पर नहीं रोक : अशोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत इंटरलॉक टाइल और भवनों का निर्माण भी हो सकेगा। इन कार्यों पर कोई भी प्रतिबंध नहीं है। खंड विकास अधिकारी परागपुर अशोक कुमार ने बताया कि मनरेगा के तहत भूमि विकास कार्यों के तहत किए जाने वाले कार्यों में इंटरलॉक टाइल और भवनों के निर्माण पर रोक लगी है, जो भूमि विकास कार्यों से संबंधित हैं। ध्यान में आया है कि कुछेक पंचायतों में भूमि विकास कार्यों के तहत इंटरलॉक टाइल बिछाने तथा भवनों के निर्माण कार्य हो रहे हैं, जो गाइडलाइन के विपरीत हैं। सरकार ने मनरेगा में 65 फीसदी कार्य कृषि गतिविधियों पर खर्च करने के निर्देश जारी किए हैं, जिनके अनुसार ही पंचायतों में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, उन परिवारों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 90 दिनों का मस्टरोल दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में जो पंचायतें बेहतरीन कार्य करेंगी, उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। बीपीएल सूची की समीक्षा को लेकर कहा कि जिन पंचायतों के अंदर ग्राम सभाओं का कोरम पूरा नहीं हुआ है । उन पंचायत में 15 दिन के भीतर दोबारा से ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## 12 हजार श्रद्धालुओं ने किए मां ज्वाला के दर्शन



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** श्रावण मेले के चौथे दिन शक्तिपीठ मां ज्वाला के मंदिर में करीब 12 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आज बीच-बीच में बारिश होती रही, लेकिन भक्तों के कदम नहीं रुके। तीसरे मेले में मंदिर में 7 लाख 25 हजार 834 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया गया, जिसकी जानकारी मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने दी।

## दिव्यांशु कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले पहले छात्र



कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने दिव्यांशु को बधाई दी।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस) की कक्षाएं आरंभ हो गई हैं। हटवास के दिव्यांशु कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले पहले विद्यार्थी बने हैं। विधायक एवं पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष एवं कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने दिव्यांशु से फोन पर बात कर बधाई दी। प्रधानाचार्य दीपक बंसल ने भी दिव्यांशु को बधाई दी।

## शिक्षक संघ ने सौंपे 1,80,100 रुपए के ड्राफ्ट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा खंड रैत ने सोमवार को खंड प्रधान दलजीत पठानिया की अगुवाई में उप मुख्य सचेतक और विधायक केवल पठानिया के माध्यम से मंडी जिले के सराज में हुई त्रासदी के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष 2025 के लिए 153 कर्मचारियों के 1,80,100 राशि के ड्राफ्ट सौंपे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा संघ रैत की कार्यकारणी से खंड महासचिव तिलक ठाकुर, कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार, पूर्व खंड प्रधान राकेश शर्मा, नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान राजिंदर मन्हास, खंड प्रधान सुनील शर्मा आदि उपस्थित रहे। पठानिया ने प्राथमिक शिक्षक संघ का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुश्किल की घड़ी में सरकार को हर वर्ग से सहयोग मिल रहा है।

## एबीवीपी का धर्मशाला कॉलेज में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज में एबीवीपी इकाई द्वारा विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को लेकर और प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इकाई अध्यक्ष आयुष चौधरी ने कॉलेज में समस्याओं को उजागर किया। प्रवेश द्वार खस्ताहाल व शौचालयों में गंदगी का आलम है। उन्होंने महाविद्यालय के पुस्तकालय की मरम्मत करवाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार शिक्षा विरोधी निर्णय ले रही है। उन्होंने लंबे समय से बंद किए गए छात्र संघ चुनावों को शीघ्र बहाल करने और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शीघ्र और प्रभावी रूप से लागू करने की मांग भी उठाई।

## कॉमेट मेंसा स्कूल में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कॉमेट मेंसा पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान का आयोजन किया गया। अमित शर्मा डीएफओ नूरपुर ने बतौर मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया गया। वहीं, विद्यार्थियों ने कई रचनात्मक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। मुख्य अतिथि ने छात्रों को पौधरोपण का महत्व बताया। प्रधानाचार्य मृदुल सोनी ने एकल प्रजातियों (मोनोकल्चर) से बचने और अधिक से अधिक विविध वृक्ष लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उपप्रधानाचार्या साक्षी महाजन ने अपने विचार साझा किए।

## बार एसोसिएशन देहरा में स्वर्ण जयंती वर्ष पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा न्यायालय परिसर के 50वें वर्ष में प्रवेश करने पर बार एसोसिएशन देहरा में स्वर्ण जयंती वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांगड़ा राजीव वाली ने बतौर मुख्यातिथि शिकरत की। कार्यक्रम में पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीके गुप्ता और बीएल सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विशेष इसलिए भी रहा, क्योंकि पूर्व में रहे दिवंगत वकीलों के परिवारों को भी आमंत्रित किया गया था और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक पाधा ने कहा कि बिना अतीत को जाने हुए कोई भी वर्ग उन्नति के पथ पर अग्रसर नहीं हो सकता।

## ठेकेदार की लापरवाही से बढ़ा हादसों का खतरा



**अनंत ज्ञान, ढलियारा।** डाडासीबा-ढलियारा मार्ग पर कनोल गांव के पास सड़क पर अधूरा छोड़ा गया काम अब दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। सड़क पर स्लैब डालने का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन एक ओर का हिस्सा अधूरा छोड़ दिया है, जिससे खतरनाक जंप बन गया है। कई बाइक सवार इस उभार पर संतुलन खोकर गिर चुके हैं और घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही से यह सड़क हादसों का कारण बन गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तुरंत रिपेयर का काम नहीं हुआ तो विरोध करने को मजबूर होंगे। लोक निर्माण विभाग देहरा के सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार का कहना है कि हमें जानकारी मिली है कि काम अधूरा रह गया है। ठेकेदार को निर्देश दिए जा रहे हैं कि तुरंत सुधार कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए।

## बैडमिंटन के एकल मुकाबले में करण और भारती का दबदबा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** इंडोर स्टेडियम में कांगड़ा जिला बैडमिंटन संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर अंडर-19 एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आयुष ग्रुप ऑफ कंपनीज इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जितेंद्र सोढी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिला बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया की अंडर-19 लड़कों के एकल मुकाबले में करण शर्मा विजेता और ऋतुल ठाकुर उपविजेता रहे। अंडर-19 लड़कियों के एकल मुकाबले में भारती शर्मा ने अमृता ठाकुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 लड़कों के युगल मुकाबले में अंशुमान ठाकुर एवं रितु ठाकुर की जोड़ी विजेता बनी। अंडर-19 लड़कियों के युगल मुकाबले में अमृता ठाकुर एवं भारती शर्मा ने बाजी मारी। अंडर-19 मिश्रित मुकाबले में ऋतुल ठाकुर एवं भारती की जोड़ी विजेता रही। पुरुष एकल मुकाबले में करण शर्मा व महिला एकल मुकाबले में रूबी कटनोरिया विजेता रहे। पुरुष युगल मुकाबले में करण शर्मा तथा ऋतुल ठाकुर की जोड़ी विजेता बनी। महिला युगल मुकाबले में भारती शर्मा एवं रूबी कटनोरिया की जोड़ी विजेता तथा अमृता ठाकुर एवं सिमरन पंडिता की जोड़ी उपविजेता रही।

## बैजनाथ : बारिश भी नहीं रोक पाई आस्था का सैलाब



शिव मंदिर बैजनाथ में दूसरे सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर माथा टेका।

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर बैजनाथ में सावन माह के दूसरे सोमवार को बारिश के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर माथा टेका। पिछले मेले की अपेक्षा इस बार श्रद्धालुओं की तादात में बढ़ोतरी रही।

वहीं, मंदिर न्यास अधिकारी एवं तहसीलदार रमन ठाकुर, मंदिर न्यास सदस्यों में मिलाप राणा आदि ने मंदिर में आकर सुविधा व कार्यों का जायजा लिया। मंदिर के कपाट लगभग 3 बजे से ही खोल दिए गए थे। श्रद्धालु पहले से ही मंदिर के गेट पर लाइनों में खड़े हो गए थे। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने खीर गंगाघाट पर स्नान कर भगवान शिव के पवित्र दर्शन किए। वहीं, भगवान भोलेनाथ के प्रति गहरी आस्था रखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पति जुबेन भी बैजनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ के दर्शन करके उन्हें असीम शांति मिली है व बार-बार यहां आना चाहते हैं।

## आम आदमी पार्टी ने पंचायतीराज चुनाव को आप ने बनाई रणनीति

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर की बैठक सोमवार को कैप्टन विनोद कुमार की अध्यक्षता में लोक निर्माण विश्राम गृह जयसिंहपुर में हुई। इसमें विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का सदस्यता अभियान चलाने तथा लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाने बारे चर्चा की गई। विधानसभा क्षेत्र में जोन बनाने के साथ जिला परिषद ब्लॉक समिति सदस्य तथा आने वाले पंचायत चुनाव के लिए पार्टी के प्रतिनिधि तैयार करने का तथा पार्टी के नाम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया। बैठक में निर्णय लिया कि पार्टी जल्द जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाएगी और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर प्रत्येक सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

## भविष्य निधि और बीमा लाभों की दी जानकारी



ईपीएफओ के प्रवर्तन अधिकारी शरणजीत कौर, ईएसआईसी के शाखा प्रबंधक प्रदीप ने विशेष रूप से बैठक में भाग लिया।

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** डीएवी तियारा के कर्मचारियों ने ईपीएफओ और ईएसआईसी के अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर ईपीएफओ के प्रवर्तन अधिकारी शरणजीत कौर, ईएसआईसी के शाखा प्रबंधक प्रदीप शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। ईपीएफओ में कर्मचारी योगदान और ईएसआईसी की ओर से प्रदान किए गए लाभों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कर्मचारियों को अपने भविष्य निधि और बीमा संबंधी अधिकारों और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, उन्हें उमंग ऐप के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपने पीएफ और बीमा खातों को ऑनलाइन प्रबंधित कर सकते हैं और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों को उनके अधिकारों और लाभों के बारे में जागरूक करना और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

**अनदेखी** न बिजली, पानी और न ही स्टाफ, अभी करना होगा लंबा इंतजार

# राजनीति की भेंट चढ़ा मातृ-शिशु अस्पताल नूरपुर

भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान

**नूरपुर।** कांगड़ा जिले के नूरपुर में करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से बना मातृ-शिशु अस्पताल अब भी अधूरा है। न बिजली, पानी और न ही स्टाफ है। इस कारण जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। नूरपुर का यह मातृ-शिशु अस्पताल राजनीति की भेंट चढ़ा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हाल ही में 1.59 करोड़ रुपए की राशि जारी की है, लेकिन अस्पताल प्रशासन की माने तो अस्पताल को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अब भी 3.18 करोड़ रुपए की और जरूरत है। इस बहुमंजिला भवन का शिलान्यास 13 सितंबर, 2017 को तत्कालीन एवं मौजूदा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह और तत्कालीन विधायक अजय महाजन की मौजूदगी में हुआ था।

भाजपा सरकार के दौरान तत्कालीन वन, खेल एवं युवा मंत्री राकेश पठानिया ने 8 अक्तूबर 2022 को अस्पताल का उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दिया था। वहीं, कांग्रेस सरकार को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल की घोषणा के बाद पहली बार 1.59 करोड़ की राशि जारी की गई है, जिससे अधूरे कार्यों के पूरा होने की उम्मीद जगी है, लेकिन अभी भी बिजली-पानी कनेक्शन, सीवरेज व्यवस्था, उपकरणों की खरीद और सबसे अहम स्टाफ की नियुक्ति जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य शेष हैं।



> **अब** तक 11 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं और शेष कार्यों के लिए विभाग ने उच्चाधिकारियों को बजट प्रस्ताव भेज दिया है। शीघ्र शेष बजट स्वीकृत होने की उम्मीद है। जो पैसा अभी आया है उसे संबंधित विभाग को कार्य पूरा करने के लिए जारी किया गया है। काम के पूरे होते ही भवन विभाग को हैंडओवर हो जाएगा। विभागीय आदेशों पर इसे शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-डॉ. सुभाष ठाकुर, एमएस, सिविल अस्पताल नूरपुर।**

### शिफ्ट सामान तुरंत हो वापस : राकेश पठानिया

**पूर्व** वन मंत्री राकेश पठानिया ने प्रदेश सरकार से इस मातृ शिशु अस्पताल का शिफ्ट किए सामान को तुरंत वापस करने व संचालन शुरू करने मांग की है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल उद्घाटन के बावजूद सितंबर, 2022 से अब तक तालों में बंद है। सुक्खू सरकार द्वारा मातृ शिशु अस्पताल नूरपुर से स्वास्थ्य सुविधाओं का साजोसामान ऊना शिफ्ट करना नूरपुर की जनता से अन्याय है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद यह अस्पताल चल नहीं पाया और कांग्रेस सरकार ने इस अस्पताल के लिए आया हुआ समान अन्य अस्पतालों को भेज दिया, जो कि निंदनीय है।

## धर्मशाला-गगल सड़क पर जगह-जगह गिरे ल्हासे



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में रविवार रात से जारी बारिश के चलते धर्मशाला-गगल सड़क पर जगह-जगह ल्हासे गिरने से यातायात करीब ढाई से तीन घंटे बाधित रहा। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि रात करीब दो बजकर 35 मिनट पर ल्हासे गिरने की सूचना मिली थी, जिस पर राजोल से एनएच की जेसीबी को मंगवाया गया, जिसके चलते सुबह पांच बजे तक मलबा हटाने उपरांत इस मार्ग पर यातायात बहाल हो पाया। धर्मशाला-गगल मार्ग पर जगह-जगह ल्हासे गिरने से रात को गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहनों को धर्मशाला आने व जाने के लिए वाया शीला-दाड़ी मार्ग से होते हुए गुजरना पड़ा।

**तीन कच्चे मकानों व दो गोशालाओं को पहुंची क्षति :** भारी बारिश के कारण तीन कच्चे मकान और दो गौशालाओं को क्षति पहुंची है। आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कांगड़ा मंडल के तहत बारिश से एक गोशाला और एक कच्चे मकान को क्षति पहुंची है। इसके अलावा ज्वालामुखी में एक गोशाला और जयसिंहपुर के तहत दो कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। इससे करीब तीन लाख रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है।

## प्रदेश सरकार की बीपीएल की नई शर्तें गरीबों पर भारी

अनंत ज्ञान, फतेहपुर



**नए परिवार का चयन तो दूर, जो पहले से हैं वे भी हो रहे बाहर : गुनेश**

**बीपीएल** चयन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगाई गई शर्तें गरीब लोगों पर भारी पड़ रही हैं। सरकार की इन शर्तों के आगे नए परिवार चयनित होना तो दूर, पहले से ही जो बीपीएल सूची में हैं, वे भी बाहर हो रहे हैं। ऐसे में पुरानी बीपीएल लिस्ट में चयनित लोगों में ही सरकार की नई शर्तों के अनुसार, 95 प्रतिशत लोग बाहर हो जा रहे हैं। विकास खंड फतेहपुर की पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं से ग्रामीणों की उपस्थिति न के बराबर रही।

विकास खंड फतेहपुर के तहत 66 से 66 पंचायतों में कोरम पूरा नहीं हो पाया है, जबकि फतेहपुर की आधी पंचायतों में दूसरी बार की ग्राम सभाओं में भी कोरम पूरा न होने से बैठकें स्थगित करनी पड़ीं। कोरम पूरा न होने पर दोबारा बैंठकें बुलाई गईं, लेकिन इनमें भी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं हुई है।

पंचायत झुम्ब खास के प्रधान गुनेश कुमार शर्मा ने नई बीपीएल गाइडलाइन का विरोध करते हुए कहा कि इस सूची में इक्का-दुक्का लोगों को ही स्थान मिल रहा, जबकि उनकी पंचायत में तो किसी को भी स्थान नहीं मिला है। उन्होंने पुरानी गाइडलाइन बहाल करने की मांग की। पुरानी गाइडलाइन को बहाल करना आवश्यक है, ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। उन्होंने पंचायतों की शक्तियों को सीमित करने को गलत ठहराया।

## न्यूज ब्रीफ

### खाई में गिरी गाड़ी; महिला की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** घनासीधार के पास दिवाल ढांक में एक जिमनी गाड़ी 700 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में फरोग गांव की 48 वर्षीय महिला आशा देवी की आईजीएमसी शिमला में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एसडीपीओ प्रणव चौहान ने दुर्घटना की पुष्टि की और जांच जारी है।

### 10.22 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिलादेश के 20 वर्षीय युवक सुजल को 10.22 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को मेहदली स्थित सेब मंडी के पास गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया। थाना रोहड़ू में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगामी कार्रवाई जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने कहा कि क्षेत्र में नशा तस्करी पर पुलिस की नजर कड़ी है और इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और नशा मुक्त समाज के लिए ऐसे प्रयासों को आवश्यक बताया है।

### टैक्सी ऑपरेटर यूनियन का कार्यालय खुला

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** टैक्सी ऑपरेटर यूनियन सुन्नी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन सोमवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत एएसआई टेक सिंह ठाकुर द्वारा रिबन काट कर किया गया। टैक्सी ऑपरेटर्स द्वारा आयोजित समारोह के दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा, थाना प्रभारी सुन्नी दिलु राम, पार्षद रूप लाल, समाज सेविका सीमा सोनी जितेंद्र सिंह तथा राजेंद्र भारद्वाज भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान यूनियन के प्रधान दिनेश कुमार द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया और मुख्यातिथि तथा उनके साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों को टोपी पहना कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि काफी लंबे समय सुन्नी में टैक्सी चालकों को बैठने के लिए कोई उपयुक्त स्थान न होने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा ने टैक्सी स्टैंड पर एक सोलर लाइट तथा लोक निर्माण मंत्री के माध्यम से सहयोग राशि देने की भी घोषणा की गई। इस दौरान टैक्सी यूनियन सुन्नी खीर भंडारे का भी आयोजन किया गया और राहगीरों को खीर वितरित की गई।

### राहगीरों ने खीर भंडारे का उठाया आनंद

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** तत्तापानी में स्थानीय युवाओं के सौजन्य से खीर भंडारे का आयोजन किया गया। ठहराव तत्पनिमें आयोजित हुए इस भंडारे में राहगीरों सहित यात्रियों ने भी खीर भंडारे का आनंद लिया। प्रातः से आरम्भ हुए भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खीर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के वितरण में लगे युवा मोहन लाल,रोशन लाल तथा महेंद्र शर्मा ने बताया कि तत्तापानी में हर वर्ष खीर भंडारे का आयोजन श्रावण मास में किया जाता है और स्थानीय युवाओं के सहयोग से इस आयोजन को किया जाता हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए सभी विभाग मिलकर करें काम

## शिमला में सड़क सुरक्षा को लेकर डीसी कार्यालय में जागरूकता समागम आयोजित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज उपायुक्त कार्यालय में एक महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा जागरूकता समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त शिमला ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ काम करने का पुरजोर आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिमला, प्रदेश का मुख्यालय होने के नाते, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विशेष और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों वाला जिला है, और इन चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट प्रयास नितांत आवश्यक हैं।

बचत भवन सभागार में आयोजित इस संवाद में पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन विभागों के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में 'राह वीर योजना' की विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि यह योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नागरिक को 25,000 तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने इस योजना के बारे में अधिकतम जन जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि लोग बिना किसी संकोच के घायलों की सहायता के लिए आगे आएं और उन्हें राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मानित भी किया जा सके।

### 'राह वीर योजना' को मिलेगी गति, घायलों की मदद करने वालों को मिलेगा 25 हजार तक प्रोत्साहन



### संसाधनों से लैस करने की प्रशासन की प्राथमिकता

**उपायुक्त** ने स्वीकार किया कि राजधानी क्षेत्र होने के कारण पुलिस विभाग को सड़क सुरक्षा के मोर्चे पर विशेष चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दृढ़ता से कहा, 'विभाग को सभी आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।' उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने और चलते वाहन के सनरूफ में खड़े होकर सेल्फी लेने जैसी खतरनाक प्रवृत्तियों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

### घायल का करवाया जाता डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज

**उपायुक्त** ने एक और जीवन रक्षक पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को बिना किसी अग्रिम भुगतान या औपचारिक प्रक्रिया के सरकारी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में 1.5 लाख तक का मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जाता है।' उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर देने का निर्देश दिया।

### सुन्नी कॉलेज परिसर में लगाए औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय सुन्नी सोमवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में परिसर सौंदर्यीकरण अभियान के तहत एक




विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन इको क्लब द्वारा किया गया, जिसमें रोवर्स एंड रेंजर्स, तथा भूगोल, वनस्पति विज्ञान और जन्तु विज्ञान विभागों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधेरोपण अभियान से हुई, जिसमें महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अंजलि चौहान ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब की संयोजक प्रो. सुचित्रा एवं सदस्य प्रोफेसर मोनिका, डॉक्टर ज्योति प्रो. धर्मेंद्र की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर केडी वर्मा तथा पदम भी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** खंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर आज सोमवार मिनी सचिवालय सभागार रामपुर में उप-मण्डलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजन की रूपरेखा, स्थल सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड, झण्डारोहण तथा अन्य आवश्यक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बताया गया कि इस वर्ष भी गत वर्ष की भांति स्वतंत्रता दिवस समारोह पद्म राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप-मण्डलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेन्द्र सिंह झण्डारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। हिमाचल पुलिस, वन विभाग, एनसीसी और स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं परेड में भाग लेंगे। उपमंडलाधिकारी (ना.) ने सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## एसडीएम ने सतत विकास व पारदर्शिता के लिए पंचायतों को दिए दिशा-निर्देश



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

### रामपुर में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पर समीक्षा बैठक आयोजित

**रामपुर** विकास खंड की पंचायतों के सतत विकास और पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप-मंडलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) पर आधारित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल-संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण और पारदर्शिता जैसे घटकों की गहन समीक्षा की गई। एसडीएम ने सभी पंचायतों को निर्देश दिए कि वे 4 और 5 अगस्त तक इंडेक्स को और व्यवहारिक व जनोन्मुखी बनाएं। साथ ही, पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे सामूहिक भागीदारी और सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग कर रामपुर की 37 पंचायतों को मॉडल पंचायतों के रूप में विकसित करें।

## आपदा प्रभावितों को दी राहत सामग्री और सोलर लाइटें

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** देव भूमि स्वर्ण संगठन व राजपूत सभा फतेहपुर के द्वारा संयुक्त रूप से आपदा प्रभावित क्षेत्र मंडी के थुनाग का दौरा किया तथा आपदा प्रभावित ग्रामीणों को मौके पर जाकर राहत सामग्री और सोलर लाइटें वितरित की गई। इस दौरान प्रभावितों को सोलर लाइट सहित राशन भी वितरित किया गया। राहत सामग्री में जूते चप्पल और बच्चों के लिए कॉपी पेंसिल विशेष रूप से वितरित की गई। संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी स्तर पर प्रभावितों तक पहुंचकर रोजमर्रा की वस्तुएं वितरित कीं। देव भूमि स्वर्ण संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक कुटलैहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को राहत समाज पहुंचना बहुत ही आवश्यक है। प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों के आशियाने पूरी तरह ध्वस्त हो गए है।

## चेतन बरागटा बागवानों से एमआईपी पर झूठ बोलने के लिए सार्वजनिक माफी मांगें: मुंगटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की राजनीति में सेब के न्यूनतम आयात मूल्य को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा ने भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा पर बागवानों को गुमराह करने और एमआईपी को लेकर झूठी जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है। मुंगटा ने बरागटा से इस 'झूठ' के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की भी मांग की है।

कौशल मुंगटा के अनुसार, चेतन बरागटा ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने सेब पर एमआईपी को 50 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये कर दिया है। मुंगटा ने इस दावे को 'सबसे बड़ा झूठ' करार दिया, जो पिछले दिनों तब बेनकाब हुआ जब संसद में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने स्पष्ट किया कि एमआईपी अभी भी 50 रुपए ही है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के पास इसे बढ़ाने या आयात शुल्क बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं आया है। मुंगटा ने अंत में चेतन बरागटा को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर चेतन बरागटा स्वयं को केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से भी बड़ा मानते हैं तो ज़रूर इस पर भी टिप्पणी करें, अन्यथा माफी मांगें।'

### 'ओछी राजनीति और बचकाना व्यवहार'

**कौशल** मुंगटा ने चेतन बरागटा पर अपनी 'ओछी राजनीति चमकाने' के लिए लगातार झूठ परोसने का आरोप लगाया। मुंगटा ने कहा, 'उन्हें इतना बड़ा झूठ जनता के सामने बोलने के लिए सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए और अपनी ओछी राजनीति से बाज आना चाहिए।' मुंगटा ने यह भी कहा कि बरागटा प्रधानमंत्री मोदी को हिमाचल की जनता से चुनावों में किए गए 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के वादे को याद दिलाने के बजाय, लोगों का ध्यान झूठ बोलकर भटकाने में लगे हैं, जो निंदनीय है।

### एमआईपी और डब्ल्यूटीओ का पेंच



**कौशल** मुंगटा ने एमआईपी के कानूनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एमआईपी एक 'कच्चा कानून' है, जिसे विश्व व्यापार संगठन के तहत वैश्विक न्यायालय में आसानी से हटवाया जा सकता है। मुंगटा ने दलील दी कि यह डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के लिए उनके कानूनों का उल्लंघन करने वाला कानून माना जाता है। उन्होंने 2016 का उदाहरण दिया जब जापान ने आ रहे स्टील पर भारत द्वारा एमआईपी लगाए जाने पर जापान ने कोर्ट के माध्यम से इसे डब्ल्यूटीओ के कानूनों के खिलाफ बताकर हटवा दिया था। मुंगटा के अनुसार, सेब पर इसे लगाने से भी बागवानों को ज़्यादा फायदा नहीं होता है

# भंजवानी पुल का पंचकूला की फर्म को टेंडर, शुरू की सॉयल टेस्टिंग

## घुमारवीं, झंडूता और बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों को मिलेगा लाभ, वर्षों से अधूरी पड़ी मांग को मिली गति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले की बहुप्रतीक्षित भंजवानी पुल परियोजना अब जमीन पर आकार लेने लगी है। राज्य लोक निर्माण विभाग ने इस महत्वपूर्ण पुल निर्माण के लिए पंचकूला की एक अनुभवी फर्म सिंगला को टेंडर अवार्ड कर दिया है, जबकि देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी रुड़की को पुल का तकनीकी डिजाइन तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। टेंडर मिलते ही निर्माण कंपनी ने मिट्टी की परतों का परीक्षण (सॉयल इन्वेस्टिगेशन) शुरू कर दिया है।



मिट्टी का परीक्षण करते पंचकूला की कंपनी के इंजीनियर।

### विकास की दिशा में बड़ा कदम

**भंजवानी** पुल का निर्माण बिलासपुर जिले के लिए विकास की दृष्टि से एक मील का पत्थर माना जा रहा है। यह पुल घुमारवीं, झंडूता और बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्रों के बीच यातायात को सीधा, सुरक्षित और कम दूरी वाला विकल्प प्रदान करेगा। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग वैकल्पिक लंबे और जर्जर मार्गों से होकर गुजरते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है।

### आईआईटी रुड़की की निगरानी में डिजाइन

**परियोजना** की तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आईआईटी रुड़की जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान को डिजाइन की जिम्मेदारी दी गई है। उम्मीद है कि यह पुल भूकंपरोधी, जल निकासी सक्षम और भारी वाहन यातायात के लायक बनाया जाएगा। डिजाइन तैयार होते ही डीपीआर को अंतिम रूप देकर निर्माण की विधिवत शुरुआत होगी।

### स्थानीय जनता को मिली राहत

यह परियोजना वर्षों से स्थानीय लोगों की लंबित मांग रही है। कई बार मांग उठाए जाने के बावजूद योजना फाइलों में ही अटकी रही, लेकिन अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और लोक निर्माण विभाग के समन्वय से इस दिशा में ठोस प्रगति देखने को मिल रही है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने भी इस पुल की स्वीकृति और प्रक्रिया को गति देने में विशेष प्रयास किए हैं। लोगों को अब इस बात की उम्मीद है कि निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा होगा और जल्द ही यह पुल बिलासपुर की जीवनरेखा के रूप में उभरेगा।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने युवाओं को भेंट की क्रिकेट किट




युवक मंडल को किट प्रदान करती जिला परिषद अध्यक्ष बिमला देवी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** परिषद अध्यक्ष बिमला देवी ने रिहंगली गांव में गोदडिया युवक मंडल के युवाओं को क्रिकेट किट वितरित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि देश और राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गांवों में बेहतर खेल मैदान बनाए जाएंगे और युवक मंडलों को आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला पार्षद अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश सरकार की उन योजनाओं की भी सराहना की।

### कल्याण कला मंच की संगोष्ठी रविवार को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी तीन अगस्त को सुनहाणी स्थित शीतला माता मंदिर में होगी। मंच की सचिव पूजा कुमारी ने बताया कि सुबह ग्यारह बजे शुरू होने वाली संगोष्ठी की अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेंद्र सिंह मिन्हास करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त शिक्षक और लेखक भगत राम शास्त्री शामिल रहेंगे।

### लढ़यानी गांव में लगाया खीर का लंगर

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी के लढ़यानी गांव में सावन माह के तीसरे सोमवार को ग्राम सुधार समिति लढ़यानी की ओर से खीर का लंगर लगाया गया। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत ठाई माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात शिव मंदिर में भोग अर्पित कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। वहीं, राहगीरों, यात्रियों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समिति के प्रधान रवि शर्मा, गतवाड़ पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा, मनोहर लाल, प्रेम सागर शर्मा, प्रकाश चंद, नवीन कुमार, अनिल कुमार, रत्नेश, जयनंद, संजीव कुमार, तिलक धीमान, विवेक कुमार, प्रवीण कुमार, अनिल शर्मा सहित कई अन्य श्रद्धालु व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नक्श ने चमकाया डाहड स्कूल का नाम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय डाहड के नक्श ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में जिला स्तर पर पहले 25 विद्यार्थियों में स्थान बनाकर डाहड स्कूल का नाम चमकाया है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन चंदेल, केंद्रीय मुख्य शिक्षक राजेंद्र पाल, जेबीटी शिक्षक अजय कहोतरा, अंजना ने नक्श और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी है।

### दो पेयजल टैंकों का स्थान बदलने की मांग



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** गेहड़वीं पंचायत स्थित प्राचीन श्री गुग्गा जाहरवीर मंदिर परिसर में 49 वर्ष पुराने रुक्मणी कुंड उठाऊ पेयजल योजना के दो पेयजल टैंकों को अन्य स्थान पर शिफ्ट कर एक बड़ा ओवरहेड टैंक बनाने की मांग उठाई है। क्षेत्र के सुशील नड्डा, पवन नड्डा, बली राम नड्डा, विनोद चंदेल, अनूप महाजन, संजीव महाजन ने बताया कि दोनों पेयजल भंडारण टैंक दंगल मैदान के बीच में आते हैं। अगस्त माह में हर साल जब यहां गुग्गा जाहरवीर के मेले लगते हैं, तो उस समय भी ये टैंक दंगल मैदान के बीच में होने के कारण दंगल के आयोजन में बाधा उत्पन्न करते हैं। टैंकों को जल शक्ति विभाग द्वारा कई बार रिपेयर किया जा चुका है, लेकिन अब यह अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इसका लैंटर भी गिरने के कगार पर हैं। पंचायत प्रधान प्यार सिंह, उप प्रधान सुनील नड्डा ने बताया कि दंगल मैदान से दो पेयजल टैंकों को हटाकर किसी अन्य स्थान पर एक बड़ा ओवरहेड टैंक बनवाने के बारे में पंचायत द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसको जल्द ही संबंधित विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए दिया जाएगा।

## बरठीं में मारपीट; दुकानों को लगाया ताला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई पुलिस थाना तलाई के तहत आने वाले बरठीं क्षेत्र में रविवार को एक व्यक्ति व अपने बेटों, पुत्र बंधुओं के अलावा पंद्रह से 20 महिलाओं के साथ अचानक हमला कर दुकानों पर ताला लगा दिया। दोनों पक्षों में झगड़ा होने के कारण क्षेत्र में मौहाल तनावपूर्ण हो गया। निलम देवी पत्नी स्व. प्रेम लाल निवासी बरठीं ने पुलिस थाना तलाई में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि मेरे पति की मृत्यु तीन माह पूर्व सड़क दुर्घटना में हो गई थी। पति ने करीब 35 वर्ष पूर्व पुस्तैनी जमीन पर दुकानें बनाई थी, जो जर्जर हालत में होने के कारण कभी भी गिर सकती थी। कुछ दिन पहले ही उन दुकानों की मुरम्मत का कार्य लगाया हुआ है। रविवार को उपरोक्त दुकानों के निर्माण कार्य में मिस्त्री और मजदूर लगे हुए थे। इतने विक्रम सिंह व अन्य लोगों ने निर्माण कार्य में लगे लोगों को डरा धमाका कर बाहर निकाल दिया। जब वहां पहुंची और उपरोक्त लोगों से दुकानों पर ताला लगाने के बारे में पूछा तो विक्रम सिंह के दो बेटों ने मुझे गले से पकड़कर बदसलूकी की और मुझे और मेरी बेटियों को जान से मारने की धमकीं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू, पुलिस अधीक्षक बिलासपुर से मांग की कि विक्रम सिंह के साथ हमला करने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। पुलिस उपमंडलाधिकारी चंद्रपाल ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## श्रावण मेले में श्रद्धालुओं के लिए जर्मन हैंगर बना सहारा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** श्री नयना देवी में दूसरे नवरात्र तक करीब 50,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इस बार मंदिर न्यास द्वारा पहली बार रात्रि ठहराव के लिए जर्मन हैंगर की सुविधा दी गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रही है। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए, मंदिर प्रशासन ने बस अड्डे के समीप एक बड़ा अराइवल हॉल और गुफा के पास स्टेडियम में जर्मन हैंगर स्थापित किया है, जिसमें पंखे और पीने के पानी की व्यवस्था है। सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ आराम कर सकते हैं। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना की है। मंदिर न्यास अध्यक्ष एवं एसडीएम धर्मपाल ने बताया कि यह सुविधा खासकर पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए राहतदायक है। खान-पान की व्यवस्था पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा की गई है। 42 लंगरों में सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन के अलावा चाय-पानी और अन्य व्यंजन श्रद्धालुओं को परोसे जा रहे हैं।

### लंगर कमेटियों और वालंटियरों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** श्री नयना देवी में श्रावण अष्टमी मेले के दौरान आयोजित सम्मान समारोह में मंदिर न्यास अध्यक्ष व एसडीएम धर्मपाल ने पंजाब, हिमाचल और हरियाणा की लंगर कमेटियों व ड्यूटी निभा रहे वालंटियरों को माता की चुनरी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। धर्मपाल ने कहा कि ये समाजसेवी संस्थाएं लाखों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, चाय-पानी और ठहरने की सुविधा देकर महान सेवा कर रही हैं, विशेषकर गरीब तबके के श्रद्धालुओं के लिए। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर ड्यूटी निभा रहे वालंटियरों की भी सराहना की। लंगर कमेटी पंजाब के प्रधान डॉ. सतपाल अग्रवाल व मुरारी लाल मित्तल ने मंदिर न्यास का आभार जताया और कहा कि सेवा भाव इसी तरह जारी रहेगा।

## चरस तस्करों को चार-चार साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में विशेष जिला सत्र न्यायाधीश चिराग भानु की अदालत में तीन आरोपियों को एनडीपीएस की धारा 20 व 29 में दोषी करार देते हुए चार-चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 6-6 महीने का साधारण कारावास भी भुगतना पड़ेगा। जिला न्यायवादी चंद्रशेखर भाटिया ने बताया कि शिवम फजिल्का, अंकित ददाहु तथा राकेश नौराधार के निवासी को यह सजा सुनाई गई है। आरोपी हेमराज भुंतर को भी इसी धारा में दोषी करार देते हुए 9 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख जुर्माना किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में इस दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। आरोपी अक्षय शर्मा तथा आरोपी हीरो देवी नगर निवासी को बरी किया गया है। 2020 को पुलिस ने कार नंबर पीवी 22/ 0324 से 1.642 किलो चरस बरामद की। यह मामला थाना स्वारघाट में दर्ज हुआ और अदालत में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने 23 गवाहों को पेश किया उसके बाद माननीय न्यायाधीश ने दोषियों को सजा सुनाई है।

## खेतों में जहरीली दवाओं का अंधाधुंध छिड़काव, लोगों की सेहत पर खतरा

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** खेतों में खड़पतवार नाशक जहरीली दवाइयों का प्रयोग अब आम जनजीवन के लिए सीधा मौत का न्यौता बनता जा रहा है। मक्की की फसल और घास में अवांछनीय झाड़ियों को खत्म करने के नाम पर खेतों में छिड़की जा रही दवाइयां अब मानव और पशु जीवन दोनों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। बुद्धिजीवी वर्ग ने इसे गंभीर संकट करार दिया है। कुछ लोगों ने आलस और लापरवाही के चलते खेतों में जहर उड़ेलना शुरू कर दिया है, जिससे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

छत-संडियार गांव के अमित कुमार उर्फ नन्हू, जो जहरीली दवा की चपेट में आ गए हैं, पिछले एक सप्ताह से दवा लेने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि किसी ने उनके गांव में खेतों और घास में स्प्रे कर दिया था, जिससे उन्हें सिरदर्द, चक्कर, बदन में जकड़न और भारीपन जैसी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। ऐसी जहरीली दवाई की चपेट में आने से उनकी 19 वर्षीय भांजी की मौत भी हो चुकी है। इस पर बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की जहरीली दवा का प्रयोग तुरंत बंद होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जो जहरीली दवा का छिड़काव कर दूसरे लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। जहरीली दवा की चपेट में आने से हुई मौत की पुष्टि होने पर दोषी के खिलाफ केस चलाया जाए।

### शिवा फार्मेसी संस्थान में बताए हेपेटाइटिस बी के कारण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शिवा फार्मेसी संस्थान बिलासपुर में विश्व हेपेटाइटिस बी दिवस का आयोजन डॉ. कंचन बाला की अगुवाई में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अमित कुमार, जन शिक्षण अधिकारी गोपी चंद शर्मा, स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल की उपस्थिति में संपन्न किया गया। गतिविधियों में भाषण प्रतियोगिता तथा चिकित्साधिकारी द्वारा हेपेटाइटिस बी के कारण और बचाव के बारे में चर्चा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2024 में 165339 व्यक्तियों का हेपटाइटिस बी की जांच की गई, जिसमें 1469 लोग हेपटाइटिस बी संक्रमित पाए गए।

### गसौड़ में मनाया वर्ल्ड हेपेटाइटिस-डे

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** सदर ब्लॉक मार्कंड के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक सिंगला के दिशा-निर्देश में एसआईवीटी कंप्यूटर सेंटर गसौड़ में वर्ल्ड हेपेटाइटिस-डे मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटला पंचायत की प्रधान पूनम ने की। उन्होंने हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्त्व पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण में मनीष कुमार ने प्रथम, शिवम ठाकुर ने द्वितीय और ईश्वी कौंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार्ट मेकिंग में बलवीर कौर, अनन्या शर्मा और ज्योति क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।

### प्रभावित लोगों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर की अगुवाई में रघुनाथपुरा गांव का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी राहुल कुमार से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गांव की प्रमुख समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की भूमि रेलवे द्वारा अधिग्रहित कर ली गई है। अधिग्रहण के बाद न तो उनके पास स्थायी रास्ता शेष बचा है और न ही सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। गांव में कुल 12 परिवार निवास करते हैं, जो वर्तमान में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। डीसी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें जल्द मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। गांव को स्थायी सड़क से जोड़ा जाएगा और रास्ते, पानी का उचित प्रबंध किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय वाहिनी पर सोमवार सुबह भरमौर चौक पर तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासी इस दुर्घटना को लेकर गहराई से चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र दुर्घटनाओं के लिए प्रसिद्ध है, हाल ही में एक युवक की भी मौत हुई थी। लोग मांग कर रहे हैं कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण द्वारा चौक का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था सुधारें जाए।

### धरवाला में प्रदान की 2 लाख की बीमा राशि



**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा धरवाला में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने की। इसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत स्व. विद्या देवी के नाम पर उनके पुत्र सचिन कुमार को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। विद्या देवी का निधन 8 अप्रैल को हुआ था और वे योजना में नामांकित थीं। शाखा प्रबंधक ने लोगों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ₹436 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का बीमा कवर मिलता है। शिविर में सहायक प्रबंधक रोहित, कपिल चौधरी और अजय कुमार भी मौजूद रहे।

### विधिक अधिकारों की जानकारी को लगाया स्टॉल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रीति ठाकुर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगाए गए जागरूकता स्टॉल का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह स्टॉल आमजन को विधिक अधिकारों व लोक अदालतों की जानकारी देने हेतु लगाया गया है। स्टॉल पर अधिवक्ता मौजूद रहकर लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में अन्य न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

### छात्राओं को दिए आत्मविश्वास व स्वास्थ्य के मंत्र

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में किशोरावस्था पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सेना अस्पताल की मेजर तेजस्विनी ने बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने आत्मविश्वास, संयम व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने इस पहल की सराहना की। छात्राओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शैलजा कालिया ने किया।

### छात्र पंकज ने राज्यपाल को पेंटिंग भेंट कर विद्यालय का बढ़ाया मान



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्रैही के 12वीं कक्षा के छात्र पंकज कुमार ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के शुभारंभ अवसर पर अपनी बनाई गई पेंटिंग राज्यपाल को भेंट की। इस सराहनीय कार्य से न केवल पंकज का नाम रोशन हुआ, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि पंकज बहुत ही प्रतिभावान छात्र है और उसकी कला में विशेष निपुणता है।

# डॉ. जनक राज ने सड़क परिवहन मंत्री से मांगा विकास का रोडमैप

## सांसद सिकंदर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रखीं 3 जीवनरेखा परियोजनाओं की मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** पांगी-भरमौर की दुर्गम वादियों की दशकों पुरानी मांगें आखिरकार दिल्ली दरबार तक पहुंचीं। क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से भेंट की। इस मुलाकात में मंडल अध्यक्ष पवन भारद्वाज, ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष सूरज शर्मा, राघव राणा, केवल जरयाल, मदन, धनी राम और कृष्ण चंद भी शामिल रहे।



परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को सांसद डॉ. सिकंदर सम्मानित करते व साथ में विधायक डॉ. जनक राज व अन्य मौजूद।

इस दौरान क्षेत्र की तीन अहम परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इसमें पठानकोट-किलाड़ मार्ग-चंबा-पांगी की जीवनरेखा कहलाने वाले इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूती की मांग। दूसरी मांग भरमौर-द्रुकुंड-करेरी सुरंग-भरमौर को सीधे कांगड़ा से जोड़ने वाली इस सुरंग को पर्यटन और रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम बताया गया और तीसरी मांग होली-उतराला सड़क परियोजना-भरमौर और बैजनाथ के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने वाली सड़क को क्षेत्रीय विकास की रीढ़ करार दिया गया। विधायक डॉ. जनक राज ने मंत्री को अवगत करवाया कि ये तीनों परियोजनाएं केवल सड़कें नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक उन्नति की जीवनरेखाएं हैं। उन्होंने कहा, 'अगर ये योजनाएं धरातल पर उतरती हैं तो पांगी-भरमौर के लोग बेहतर परिवहन, पर्यटन और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ सकेंगे। यह क्षेत्र का दशकों पुराना सपना है।'

सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने भी आग्रह किया कि इन परियोजनाओं को विशेष महत्व देकर शीघ्र मंजूरी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि 'ये परियोजनाएं पूरी होने पर चंबा, भरमौर और पांगी की तस्वीर ही बदल जाएगी।' सड़क परिवहन मंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि मंत्रालय इन प्रस्तावों का गहन अध्ययन कर जल्द ठोस कार्रवाई करेगा।

## राज्यपाल ने चंबा को आकांक्षी जिला से बाहर लाने के उपायों पर चर्चा की



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में चंबा के बचत भवन में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चंबा जिले और उसके विकास खंड तीसा व पांगी के विभिन्न विकासात्मक पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्य प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर बैठक में जिले की प्रगति की समीक्षा की गई व सुधार के लिए सुझाव दिए गए।

राज्यपाल ने कहा कि चंबा जिले को आकांक्षी जिला की श्रेणी से बाहर लाने के लिए कृषि, स्वास्थ्य, सड़क सुविधा और अन्य प्रमुख संकेतकों में सुधार लाना आवश्यक है। जन प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा से इन संकेतकों में सुधार संभव है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विधायक नीरज नैयर और डॉ. हंस राज ने विकासात्मक सुधार के लिए कई सुझाव दिए। विशेष रूप से, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए विशेष प्रावधान और पहाड़ी क्षेत्रों में आवास योजना की राशि बढ़ाने का सुझाव दिया गया।

बैठक में रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पर भी चर्चा की गई और विशेषज्ञों ने इस दिशा में जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता बताई। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राज्यपाल द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# मणिमहेश यात्रा को मिलेगी नई दिशा

## विधायक डॉ. जनक राज ने 'प्रसाद योजना' में शामिल करने का किया आग्रह

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर मणिमहेश यात्रा को 'प्रसाद योजना' में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उत्तर भारत का प्रमुख धार्मिक आयोजन है, लेकिन दुर्गम भूगोल और सीमित सुविधाओं के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाइयां होती हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस यात्रा को 'प्रसाद योजना' में शामिल किया जाए, तो यात्रा मार्ग पर आधुनिक सुविधाओं का विकास, श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित आवास, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, स्वच्छता और मार्ग सुधार जैसे महत्वपूर्ण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जा सकते हैं।



केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात के दौरान पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज

डॉ. जनकराज ने यह भी कहा कि भरमौर क्षेत्र में धार्मिक और साहसिक पर्यटन की जितनी विशाल क्षमता है, वैसी शायद ही देश के किसी और हिस्से में हो। उन्होंने बताया कि यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक आस्थाओं को जोड़ते हुए यदि योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जाएं, तो यह क्षेत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन का बड़ा केंद्र बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए मणिमहेश यात्रा को 'प्रसाद योजना' में शामिल करने की दिशा में सकारात्मक आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों में इस पहल को लेकर गहरी संतुष्टि और उम्मीद देखी जा रही है। उनका कहना है कि यदि यह योजना लागू होती है तो न केवल श्रद्धालुओं की कठिनाइयां कम होंगी बल्कि चंबा जिले के पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी।

# चंबा में 9.71 करोड़ से बनेगी 150 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था: नीरज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विधानसभा** क्षेत्र सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने चंबा शहर की दशकों पुरानी पार्किंग समस्या का समाधान कर दिया है। विधायक के अथक प्रयासों से अब चंबा में 9.71 करोड़ रुपए की लागत से 150 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बनाई जाएगी। इस बहुमंजिला पार्किंग का कार्य 730 दिनों में पूरा किया जाएगा।

विधायक नीरज नैय्यर ने इस परियोजना को लेकर कहा, 'आज चंबा के लिए गर्व का दिन है। यह पार्किंग न केवल शहरवासियों के लिए, बल्कि यहां आने वाले पर्यटकों के लिए भी राहत का कारण बनेगी।' इस परियोजना से चंबा शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और पार्किंग की कमी से जूझ रहे नागरिकों को राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विशेष सहयोग से यह परियोजना संभव हो पाई है। विधायक ने उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'यह पार्किंग चंबा के भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है।'

यह परियोजना चंबा के पर्यटन को भी नया आयाम देगी, जिससे पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### विधायक का संकल्प आगे भी करेंगे काम

**नीरज** नैय्यर ने कहा, 'चंबा के विकास के लिए मैं हरसंभव प्रयास कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। यह पार्किंग केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि चंबा के सुनहरे भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। काम किया है, काम करेंगे।



## कल से चंबा प्रवास पर केवल सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 30 जुलाई से चंबा जिले के दौरे पर रहेंगे। वे 31 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि होंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार, वह 30 जुलाई को रैत (कांगड़ा) से प्रस्थान कर बनीखेत पहुंचेंगे और वहां पौधशाला का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद भलेई में माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे व पर्यटन विभाग के कार्यों का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 2.30 बजे तलेरू में जिला खेल समिति से संवाद करेंगे। उनका रात्रि विश्राम डलहौजी में रहेगा। 31 जुलाई को वह खज्जियार झील का निरीक्षण, अधिकारियों संग बैठक, बचत भवन में कार्यक्रम की अध्यक्षता और सांस्कृतिक संध्या में भाग लेंगे। 1 अगस्त को वह रैत लौटेंगे।

# सरकार को सौंपी जाएगी बरसात से हुए नुकसान की रिपोर्ट: दीपक शर्मा

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस द्वारा गठित 'आपदा क्षति मूल्यांकन समिति' ने चंबा में जिला किसान कांग्रेस पदाधिकारियों और समस्त ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय समन्वयक व समिति अध्यक्ष दीपक शर्मा ने की, जिसमें बरसात के चलते किसानों व बागवानों को हुई क्षति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मक्की, धान, सेब की फसलें, भूमि, मकान व बागीचों को हुए नुकसान का आकलन किया गया। दीपक शर्मा ने कहा कि यह रिपोर्ट केंद्र व राज्य सरकार को भेजी जाएगी ताकि प्रभावितों को सहायता मिल सके।



किसान कांग्रेस की आपदा क्षति मूल्यांकन समिति ने की समीक्षा बैठक

उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से जैविक खेती व जैतून पौधों को बढ़ावा देने की सलाह दी, जिससे चंबा को 'जैतून वैली' के रूप में विकसित किया जा सके। हिमाचल किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि बारिश के बाद किसान-बागवानों से संवाद के लिए जिलेभर में पदयात्राएं की जाएंगी और एक समाधान प्रस्ताव सरकार को सौंपा जाएगा। समिति सदस्य रवि शर्मा ने किसान कांग्रेस की बूथ स्तर तक उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

## मार्सोनिना ब्लॉच से बचाव के लिए वैज्ञानिक परामर्श

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिकों ने सेब बागवानों को फफूंद जनित रोग मार्सोनिना ब्लॉच से बचाव के लिए वैज्ञानिक परामर्श जारी किया है। इस रोग से पत्तियां समय से पहले गिरने लगती हैं और फल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार और पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. जया चौधरी ने कहा कि मानसून का मौसम इस रोग के फैलाव के लिए अनुकूल होता है, इसलिए नियमित छंटाई, घास-खरपतवार की सफाई और वायुसंचार जरूरी है। रासायनिक रोकथाम के लिए फ्लक्सापायरोक्सैड, पाइराक्लोस्ट्रोबिन, टेबुकोनाज़ोल, डोडिन, मैन्कोज़ेब और मेटिराम जैसे संयोजनों का निर्धारित मात्रा में छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

## पूर्व अध्यक्ष स्व. कंवर हरि सिंह की पुण्यतिथि पर हिम्मोत्कर्ष परिषद ने दी श्रद्धांजलि

# कंवर हरि के सपनों को आगे बढ़ाने का दोहराया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिम्मोत्कर्ष** साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद, चंबा द्वारा पूर्व संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय कंवर हरि सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चंबा शाखा के सदस्यों, श्री श्री वेद पाठशाला चमीनु के विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान स्व. कंवर हरि सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। परिषद के अध्यक्ष वाई के पुरी ने उनके जीवन और समाजसेवा में योगदान पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कंवर हरि सिंह एक समर्पित स्वयंसेवक और समाज सुधारक थे, जिन्होंने 1974 में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होकर एक समाजसेवी संस्था की स्थापना की। यह संस्था हिमाचल प्रदेश में आठ शाखाओं के माध्यम से शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। परिषद हर वर्ष समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करती है। संस्था का संचालन बिना किसी सरकारी अनुदान के, केवल सदस्यों और दानदाताओं के सहयोग से किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में वैदिक पाठशाला के छात्रों को फल वितरण और भोजन भी सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शेखर सहित डॉ. कविता बिजलवान, हरीश शर्मा, सुषमा पुरी, आरती पाल, केवल धीमान, बुढ़िया राम, रोहिणी शर्मा, विशाल कपूर और सुधा पुरी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कंवर हरि सिंह जी के सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।



स्वर्गीय कंवर हरि सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

### सूडोकु नवताल- 7505

****☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7504 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**मंगलवार, 29 जुलाई 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** पंचमी (24:48) : **नक्षत्र** उत्तरा फाल्गुनी (19:28), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शिव (27:04), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54)। **राहुकाल** (15:50-17:32)।

### विशेष दिन

- 29 जुलाई: नागपंचमी आज।
- 29 जुलाई: रंगीली-जागृत पंचमी आज।
- 29 जुलाई: मंगला गौरी पूजा आज।

**मेषः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृषः** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**मिथुनः** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**कर्कः** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

**सिंहः** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**कन्याः** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**तुलाः** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**वृश्चिकः** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनुः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकरः** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभः** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए काम में लाभ मिलेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीनः** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

# मिंजर मेले में समग्र शिक्षा की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेले में समग्र शिक्षा की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां पर अभिभावकों व बच्चों का जमावड़ा रह रहा है क्योंकि यहां खेल खेल में शिक्षा की कई बाल मनोरंजक गतिविधियां करवाई जा रही हैं और बच्चे भी इसका खूब आनन्द ले रहे हैं। कस्तूरबा बालिका विद्यालयों के द्वारा तैयार उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र है। ब्रेही स्कूल के छात्र पंकज कुमार की जीवंत पेंटिंग्स जो दर्शकों को आश्चर्यचकित कर रही हैं। डाईट मीडिया समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान ने बताया कि यह प्रदर्शनी शिक्षा उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल व जिला प्रयोजना अधिकारी समग्र शिक्षा कमलेश ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई है। इस प्रदर्शनी में उप शिक्षा निदेशक हायर, प्रारंभिक, का मार्ग दर्शन भी मिल रहा है। इसके अतिरिक्त डाइट के स्टाफ, प्रशिक्षुओं, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास के स्टाफ व उर्जावान, समर्पित अध्यापकों का विशेष सहयोग व योगदान रहा है।

## कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मानंद शास्त्री पंचतत्व में विलीन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधानसभा क्षेत्र के बलद्वाड़ा निवासी जिला मंडी के पूर्व अध्यक्ष व सरकाघाट ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मानंद शास्त्री के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया। कांग्रेस के पूर्व मंत्री रंगीला राम राव, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर, प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर मंडी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल शर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सचिन वर्मा युवा कांग्रेस नेता पंकज कपूर नप के पूर्व उपाध्यक्ष अश्विनी गुलेरिया सहित कई नेताओं ने कहा कि सरकाघाट कांग्रेस ने एक ईमानदार कर्मठ कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी व एक अभिभावक खो दिया है। पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ है।

# सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के फैसले पर एनएसयूआई का विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**एनएसयूआई** जिला चंबा ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी (एसपीयू) मंडी के हालिया फैसले का विरोध करते हुए चंबा के छात्रों के लिए दाखिले की मांग की है। एसपीयू के नोटिफिकेशन में चंबा के महाविद्यालयों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधीन करने के कारण छात्रों को अन्य जिलों से स्नातक की डिग्री पूरी करने का निर्देश दिया गया है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि यह निर्णय खासकर दूरदराज़ क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए शिक्षा में बड़ी बाधा बनेगा। उन्होंने कुलपति से शीघ्र समाधान की मांग की है, अन्यथा धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल जैसी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष समीर और कैंपस अध्यक्ष सुजल समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रोशनी व सांस्कृतिक रंगों से सजी मिंजर मेले की संध्या

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार सायं ऐतिहासिक चौगान में दीप प्रज्वलित कर अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 की पहली सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी जानकी शुक्ला भी उपस्थित रहीं। राज्यपाल ने चंबा के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राज्यपाल को चंबा की पारंपरिक धातु कलाकृति 'चंबा थाल' भेंट कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान जिला प्रशासन और आईसीआरटी इंडिया फाउंडेशन के बीच एक एमओयू भी हस्ताक्षरित हुआ, जिसके तहत रिस्पांसिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण व परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, विधायक नीरज नैय्यर, डॉ. हंसराज, डीएस ठाकुर समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।



राज्यपाल को चंबा की पारंपरिक धातु कलाकृति 'चंबा थाल' भेंट कर सम्मानित किया।

## राज्यपाल ने 'मिस्टिक विलेज' का दौरा किया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यपाल ने मिस्टिक विलेज खज्जियार (पुखरी) का दौरा किया तथा गांव की प्राकृतिक खूबसूरती व समृद्ध संस्कृति से अत्यंत प्रभावित हुए। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उनके साथ उपस्थित थीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पुखरी गांव की प्राकृतिक सुंदरता व स्वच्छ वातावरण पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश के अन्य विख्यात पर्यटन क्षेत्रों की तुलना में कहीं बेहतर है। उन्होंने पर्यटन विकास को बढ़ावा देने की दिशा में किए प्रयासों की सराहना की।

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं विचित्र सिंह**, पुत्र श्री भादर सिंह, वीपीओ - ठाकुरद्वारा, टटेहल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176103, घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने अपना नाम 'बचित्र सिंह' से बदलकर 'विचित्र सिंह' कर लिया है। 'बचित्र सिंह' और 'विचित्र सिंह' एक ही लड़का/पुरुष हैं। कृपया सभी इस बात का ध्यान रखें।

उच्च विचारों से हमेशा कमजोरी दूर होती है, हमेशा उच्च विचार रखने चाहिए। –सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का औचित्य

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान के आतंक के खिलाफ छेड़े गए ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 घंटे की विशेष चर्चा शुरू हो गई। लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी चर्चा का दौर शुरू होगा। संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। कभी देश में एकजुटता की बात कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे पर लांछन लगा रहे हैं। आखिर यह कैसी चर्चा है? क्या इस चर्चा का कोई औचित्य है? सत्ता पक्ष भारत में हो रहे आतंकी हमलों को लेकर कांग्रेस सरकार के फैसलों को जिम्मेदार बता रहा है तो वहीं, विपक्ष अपने तरीके से सत्ता पक्ष पर सवाल दाग रहा है और कह रहा है कि जिन दहशतगर्दों ने पहलगाम में कत्लेआम किया वो अब तक पकड़े क्यों नहीं गए और मारे क्यों नहीं गए? इस घटनाक्रम को 100 दिन से ऊपर हो गए हैं, लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सरकार को विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर खूब घेरा है। विपक्ष का काम केवल सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उठाना ही नहीं होता, बल्कि अगर सरकार से कुछ गलतियां हुई हैं तो उसे सुधारना होता है। इसे ही लोकतंत्र कहा जाता है।

देश हित में हर उस मसले पर चर्चा संसद में जरूर होनी चाहिए जो सीधे-साधे देश की सुरक्षा से जुड़ा होता है, लेकिन चर्चा सार्थक होनी चाहिए और उस चर्चा का देश के लिए फायदा भी हो, ताकि हम अपनी सुरक्षा को और ज्यादा मजबूत कर सकें। जब देश इस पूरे घटनाक्रम को टीवी और सोशल मीडिया पर देख चुका है, तो सवाल उठता है कि संसद में इस पर 16 घंटे लंबी विशेष चर्चा का औचित्य क्या है? क्या यह चर्चा देशहित है या फिर यह भी वोट बैंक की सियासत का हिस्सा है? लोकसभा में इस विषय पर विशेष चर्चा की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को एक सर्जिकल, सीमित और रणनीतिक जीत बताया। उनका कहना था कि यह ऑपरेशन भारतीय सैन्य कौशल और कूटनीतिक संतुलन का प्रमाण है। हमने अधिकतम आतंकी क्षति पहुंचाई और न्यूनतम नागरिक हानि सुनिश्चित की, परंतु विपक्ष ने इस चर्चा को एकदम अलग दिशा में मोड़ा। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा, हमारे ही देश के अंदर सैनिकों की वर्दी पहनकर आतंकी आ जाते हैं, कत्लेआम कर देते हैं और 100 दिन बाद भी कोई ठोस जानकारी नहीं मिलती। क्या यह सरकार की खुफिया विफलता नहीं है?

गोगोई ने प्रधानमंत्री पर भी तीखा हमला बोला–जब हमला हुआ, तब प्रधानमंत्री सऊदी अरब में थे, लेकिन वापस आकर उन्होंने पहलगाम जाने की जरूरत नहीं समझी। हां, बिहार में रैली जरूर कर ली। उन्होंने मोदी सरकार को बुजदिल सरकार तक कह दिया और सवाल किया कि अभी तक हमले के मास्टरमाइंड को क्यों नहीं पकड़ा गया? देश के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब जनता ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई लाइव देख चुकी है, जब सरकार खुद कह रही है कि लक्ष्य हासिल हो गए हैं, तो फिर इस बहस का मकसद क्या है? सत्ता पक्ष की मंशा शायद यह थी कि इस अभियान की सफलता को जनता के बीच व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए और इसके राजनीतिक लाभ भी हासिल किए जाएं।

विपक्ष की मंशा थी कि इस मंच पर सरकार को घेरा जाए, ताकि सुरक्षा चूक, खुफिया असफलता और प्रधानमंत्री की प्राथमिकता पर सवाल उठाए जा सकें, पर वास्तविक सवाल यह है कि क्या इस बहस से भविष्य काल पर नीति मजबूत होगी? क्या इससे आतंकवाद से निपटने की क्षमता बढ़ेगी या फिर यह चर्चा महज राजनीतिक स्कोर कार्ड साबित होकर रह जाएगी? जनता का नजरिया थोड़ा अलग है, उसके मन में सवाल अब भी बाकी हैं। क्या ऑपरेशन सिंदूर अंतिम था?

सरकार कह रही है कि अभियान केवल रोका गया है, बंद नहीं। तो क्या फिर से कार्रवाई होगी? क्या पहलगाम हमले की साजिश का पर्दाफाश हुआ? नहीं। न कोई गिरफ्तारी हुई, न कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की गई। क्या आतंकी संगठन की पहचान और उसके नेटवर्क पर कार्रवाई हुई? सीमित जानकारियों के अनुसार कुछ संदिग्ध सहयोगियों को पूछताछ में लिया गया है, लेकिन कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। क्या ऑपरेशन के प्रभाव से पाकिस्तान पर दबाव पड़ा है? विदेश मंत्रालय के अनुसार पाकिस्तान ने अब भी आतंकियों पर कार्रवाई नहीं की है यानी सैन्य सफलता के बावजूद कूटनीतिक मोर्चे पर चुनौतियां बरकरार हैं।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में शुरू हुई चर्चा जितनी जरूरी थी, उतनी ही राजनीति से दूषित भी दिखी। जहां एक ओर सरकार ने इसे अपनी उपलब्धि के रूप में पेश किया, वहीं विपक्ष ने सरकार की कथनी–करनी में फर्क गिनाया। इससे यह स्पष्ट होता है कि संसद, जो राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर एकता का मंच बननी चाहिए, वही अब राजनीतिक रैली बनती जा रही है। देश की जनता यह बहस इसलिए नहीं देखती कि कौन किसे नीचा दिखा रहा है, बल्कि इसलिए देखती है कि आतंकवाद पर सरकार की नीति, नीयत और क्षमता क्या है? जब तक इस चर्चा से एक ठोस रणनीति, स्पष्ट जवाबदेही और पारदर्शिता नहीं निकलती, तब तक यह सिर्फ सियासत रह जाएगी, सुरक्षा नहीं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# लोकसभा के महासचिव

**उत्पल** कुमार सिंह लोकसभा के महासचिव हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी उत्पल कुमार सिंह को लोकसभा का महासचिव नियुक्त किया है। उत्पल कुमार सिंह 1986 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 1 दिसंबर 2020 से अपना प्रभार ग्रहण किया है। उन्होंने निवर्तमान स्नेहलता श्रीवास्तव की जगह ली है। 34 वर्ष के समृद्ध और विविध प्रशासनिक अनुभव से संपन्न, वरिष्ठ सिविल सेवक, उत्पल कुमार सिंह ने केंद्र और राज्य सरकारों में अर्थव्यवस्था और शासन के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इस अवधि के दौरान उन्होंने अवसंरचना और विशेषकर लोक कार्य, ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी; कृषि और बागवानी; मानव संसाधन; और हरिद्वार में अर्ध कुंभ जैसे महोत्सव के प्रबंध आदि जैसे विविध क्षेत्रों में नीति–निर्माण और प्रबंध कार्य किया है। ■



उत्पल कुमार सिंह
**जन्म :** 29 जुलाई, 1960



कविता

## हे किसान ! कैसा तू अन्नदाता

*अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़, बिलासपुर*

*हे किसान ! कैसा है तू अन्नदाता महान,*
*होती थी तेरी जय, उगाता था जब मक्की गेहूं धान।*
*खून पसीना बहाया करता था जब परिवार संग,*
*होती थी तेरी जय, समझते थे धरतीपुत्र समान।*
*छोड़ दी है अब तूने करनी खेती,*
*खेत खेती हुआ करते थे तेरी पहचान।*
*तोड़ दी है अब तूने अपनी मर्यादा*
*सड़क पे आकर शुरू कर दिया नया काम।*
*भूल गया है तू करना निराई गुड़ाई सब,*
*सड़क पे हल्ला बोल कर दिया संस्कृति का अपमान।*
*क्या देगा अब तू बच्चों को संस्कारों की धरोहर,*
*अपनी संस्कृति संस्कार माटी का किया नहीं सम्मान।*
*कब से शुरू कर दी है तूने नेताई,*
*चुपचाप खेती कर तेरे बस में नहीं यह काम।*
*करेगा गर तू भी नेताई कोई नहीं पूछेगा,*
*कभी नहीं करेगा कोई तेरी महिमा का गुणगान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता: एक बड़ी उपलब्धि

भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ-साथ रोजगार के असंख्य अवसरों का सृजन करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च-गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा। भारत और ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री की रणनीति-वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुन: स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए, व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं।



पीयूष गोयल
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं, दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था। यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थी और उस समय भारत को दुनिया की 'पांच कमजोर' अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपए हो गया है।



क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने में सहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ-साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है। बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त-यह एफटीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100 प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्यापक अवसरों के वर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है। छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी। फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेन में अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा। असंख्य रोजगार-आकर्षक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से निर्यात स्थायित्व के साथ-साथ निवेश और रोजगार सृजन में वृद्धि होगी। भारत वस्त्र, चमड़ा और जूते से जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायता मिलने के साथ ही यह छोटे व्यावसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा। रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है। किसान प्रथम-95 प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि-निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाजार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा।

हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोजगार के असंख्य अवसर सृजित होंगे। कमजोर वर्गों की सुरक्षा-घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीए में भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं। मछुआरों का विकास-भारतीय मछुआरे, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरे, ब्रिटेन के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से उल्लेखनीय विस्तार का अनुभव करेंगे। झींगा और अन्य समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन का आयात शुल्क वर्तमान 20 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा।

यह संभावना अभूतपूर्व है, क्योंकि ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है। सेवाएं और पेशेवर-यह समझौता आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवा और शिक्षा सहित विभिन्न सेवाओं को गति प्रदान करेगा और भारतीयों के लिए नवीन अवसरों का सजृन करेगा। इस समझौते में संविदा सेवा प्रदाता, व्यावसायिक यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइए सहित कुशल पेशेवरों के लिए भारत ने अनुकूल गतिशीलता प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। अभिनव एफटीए-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत के एफटीए में वस्तुओं और सेवाओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। इस एफटीए ने नए मानक स्थापित किए हैं। इस ईएफटीए के साथ, भारत ने 100 अरब डॉलर के निवेश की बाध्यकारी प्रतिबद्धता हासिल की है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। सीईटीए बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के लिए एक मानक है। यह हमारे मूल हितों से समझौता किए बिना, वंचित समुदायों के लिए आकर्षक वैश्विक अवसरों के द्वार खोलता है। यह इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि नया भारत व्यापार किस प्रकार करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# प्रदेश सरकार पेंशन के लिए जोड़े अनुबंध सेवाकाल

पेंशन सरकारी कर्मचारियों के लिए जीवन दायिनी संजीवनी से कम नहीं होती, क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति को वही तो बुढ़ापे का सहारा होती है। सरकारी कर्मचारी जब भी सेवाकाल में अपना पदार्पण करते हैं, तो वह संपूर्ण जीवन अपने कार्य क्षेत्र से बंधा होने के कारण अन्यत्र सोच भी नहीं पाते। उन्हे पता होता है कि उनकी कार गुजारी के प्रतिफल के रूप में पेंशन ही रिटायरमेंट के बाद एक सहारे के रूप में होगी।



बचन सिंह घटवाल
मस्सल, कांगड़ा

पेंशन बहाली के मसीहा के रूप में अवतरित सुक्खू सरकार कर्मचारियों के दिलों में हमेशा राज करते रहेंगे, क्योंकि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारियों के हित में ओपीएस के रूप में पुरानी पेंशन को बहाल करने में अपनी स्वर्णिम भूमिका अदा कर सकी। इसमें संदेह नहीं है कि एनपीएस के दायरे से निकालकर ओल्ड पेंशन स्कीम में लाने की कटिबद्धता निभाने वाली वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों के दिलों में खास जगह बनाई हुई है। चुनाव के समय कर्मचारियों से किए गए वादे स्वरूप ओल्ड पेंशन स्कीम लागू है, परंतु पेंशन की कसौटियों में अनुबंध सेवाकाल का पेंशन में जोड़े जाने का संशय वर्तमान में सेवारत व सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को टीसता जा रहा है। अभी हाल ही में विभाग के एक पत्र ने दस साल से कम नियमित सेवा वाले असंख्य कर्मचारियों में रोष की लहर पैदा कर दी है।

सरकार के वादे के अनुसार जिन कर्मचारियों का अनुबंध सेवाकाल मिलाकर दस वर्ष बनते थे उनके साथ अन्याय होता हुआ नजर आ रहा है।



इसमें संदेह नहीं है कि सरकार ने अपने अभिभाषणों में हमेशा से पेंशन जैसे मुद्दों पर कर्मचारियों के साथ सार्थक सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाया है।

ऐसे में वर्तमान सरकार से पूर्ण आशा है कि वह पेंशन रूपी इस संवेदनशील मुद्दे को हल करके आशा की किरण के रूप में पेंशन से वंचित कर्मचारियों के साथ न्याय करे। वर्ष 2003 के बाद भाजपा सरकार द्वारा एनपीएस लाने का जो कार्य हुआ था इसमें कर्मचारी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे थे, जिसमें पिछली सरकार में कर्मचारी नेताओं और सरकार के बीच में संघर्ष पूर्ण असफल वार्तालाप के कारण सिर्फ कांग्रेस पार्टी में ही अपना भरोसा जताया था। इसमें संदेह नहीं है कि सरकार ने सत्ता में आते ही ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू कर अपना वादा निभाया। सरकार ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करने में पूर्णतया कामयाब रही। आज प्रदेश का कर्मचारी वर्ग वर्तमान सरकार को पेंशन मसीहा के रूप में याद करती है।

आज सरकारी विभाग में अधिकतर ऐसे कर्मचारी हैं, जिनको लगभग 45 वर्ष की आयु के बाद में ही नौकरी मिली है। अधिकतर कर्मचारियों का अनुबंध 5 से 8 वर्ष तक रहा है ऐसे में अधिकतर कर्मचारियों का नियमित सेवा काल 10 वर्ष से कम रह जाता है, जबकि अनुबंध को मिलाकर उनका सेवाकाल पेंशन के लिए पूर्ण होता है। अनुबंध सेवाकाल जो शुरू में 8 वर्ष तक था, जो बाद में 5 वर्ष और फिर 2 वर्ष के दायरे में आने से कर्मचारियों का क्या दोष? ऐसे में माननीय उच्च न्यायालय ने भी अनुबंध काल को जोड़ने के लिए कहा है, जिससे कर्मचारियों का हित हो और वह पेंशन के करण मानसिक परेशानियों से उबर सके और उनका भविष्य उज्ज्वल हो। वर्तमान में 10 साल से कम नियमित सेवाकाल वाले सैकड़ों कर्मचारी सरकार की तरफ आशा लगाए बैठे हैं कि वह उनके भविष्य का फैसला करें।

ओल्ड पेंशन स्कीम में अपना भविष्य खोजते सेवानिवृत्त कर्मचारी अपना एनपीएस का शेयर भी ट्रेजरी में जमा करवा चुके हैं। सरकार का यह न्याय पूर्ण फैसला अवश्य ही सैकड़ों घरों में सकारात्मक उम्मीद व सरकार के प्रति पूर्ण भरोसा दर्शाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**विश्व** के हर मानव को शिक्षित होना अति आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा मानव की हर सोई हुई ऊर्जा को जगाती है। शिक्षक होने का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मनुष्य की मानवता जागृत न हो, उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं। वर्तमान समय में जो शिक्षा प्रणाली है, वह कैसी है, आप सब जानते है। आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा के ज्ञान का स्वरूप वातावरण में व्याप्त अराजकता के लिए जागरूकतापूर्वक प्रयास हों। यह चिंता का विषय है कि विद्यार्थी देशभर में आत्महत्याएं कर रहे हैं। कोर्ट ने भी इस पर चिंता जताते हुए विद्यार्थी की मनोचिकित्सा के ठोस प्रबंध करने को कहा है। आत्महत्याओं को रोकना होगा और परेशान चल रहे विद्यार्थियों की मनोचिकित्सा का प्रबंध करना होगा। तभी विद्यार्थी गलत दिशा की ओर जाने से बच सकते हैं। अभिभावकों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**विपिन सिंह, कांगड़ा**

# भारत की सरकारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आहट

भारत के सरकारी स्कूल केवल शिक्षा के केंद्र नहीं हैं, बल्कि सामाजिक समानता, समावेश और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। ये स्कूल विशेष रूप से उन बच्चों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो सीमित संसाधनों के बीच असीम सपने देखते हैं। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई ) 2023-24 के अनुसार, देश में संचालित लगभग 14.7 लाख स्कूलों में से 10.17 लाख से अधिक सरकारी हैं।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

स्पष्ट है कि शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ सरकारी स्कूल ही हैं। देश की 75 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या मध्यम व निम्न आय वर्ग से आती है, जिनके लिए निजी स्कूलों की भारी फीस असंभव-सी होती है। ऐसे में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा, साथ में मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस, बैग और मिड-डे मील जैसी सुविधाएं सरकारी विद्यालयों को वास्तविक विकल्प बनाती हैं। फिर भी, समाज में सरकारी स्कूलों को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं जैसे पढ़ाई का स्तर निम्न होना, शिक्षकों की लापरवाही या अनुशासनहीनता। किंतु जब हम इन विद्यालयों में जाकर समर्पित शिक्षकों की मेहनत, नवाचार और प्रतिबद्धता को देखते हैं, तो ये मिथक स्वयं टूट जाते हैं। हजारों शिक्षक सीमित संसाधनों में भी शिक्षण को सृजन और सेवा का माध्यम बनाकर बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने में लगे हैं।

शिक्षक किसी भी शिक्षा व्यवस्था की आत्मा होते हैं। सरकारी स्कूलों में वे बच्चों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सोचने की शक्ति को भी विकसित करते हैं। दीवारों को शिक्षण सामग्री से सजाना, प्राकृतिक संसाधनों से प्रयोगशालाएं बनाना और स्थानीय



संदर्भों को शिक्षा से जोड़ना यही उनकी विशिष्टता है। वे साबित करते हैं कि प्रेरित शिक्षक शिक्षा को सशक्तिकरण का माध्यम बना सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के सरकारी शिक्षकों ने नवाचार और उत्कृष्टता में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। राज्य सरकार ने शिक्षकों को सिंगापुर के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण दिलवाकर उनकी वैश्विक दृष्टि को विस्तार दिया है।

आईआईएम जैसे उच्च संस्थानों से प्रशिक्षण ने शिक्षकों में नेतृत्व और प्रबंधन कौशल विकसित किए हैं। अब एक नई पहल के तहत राज्य सरकार लद्दाख स्थित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लद्दाख (एचआईएएल) के साथ समझौता कर रही है, जिसकी स्थापना प्रसिद्ध शिक्षाविद् सोनम वांगचुक ने की है। यह संस्थान व्यावहारिक और अनुभव-आधारित शिक्षा का मॉडल प्रस्तुत करता है। साथ ही, छात्रों के लिए आदान-प्रदान कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा, जिससे वे देश के विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश को समझ सकें।

ये कदम न केवल शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, बल्कि उन्हें शिक्षा में बदलाव का वाहक बनाएंगे। शिक्षकों का योगदान तब और प्रभावी होता है, जब उसमें अभिभावकों की भागीदारी जुड़ती है। सरकारी स्कूलों में यह और भी जरूरी है, क्योंकि बच्चों के अभिभावक कई बार शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं होते।

यदि माता-पिता नियमित रूप से स्कूल बैठकों में भाग लें, शिक्षकों से संवाद करें और बच्चों की प्रगति पर ध्यान दें, तो यह बच्चों के व्यवहार और प्रदर्शन दोनों में सुधार लाता है। इसी प्रकार, सरकार द्वारा चलाए जा रहे समग्र शिक्षा अभियान, निपुण भारत मिशन, पीएम-श्री योजना और 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम ने सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में आशाजनक परिवर्तन लाया है। आज स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग, पुस्तकालय और विज्ञान प्रयोगशालाएं अनेक स्कूलों की पहचान बन रही हैं। सरकारी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की यह आहट केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि एक नई सामाजिक चेतना की शुरुआत है जिसमें शिक्षा अब विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का मूल अधिकार होगी। यही दृष्टि भारत को न्यायपूर्ण, समावेशी और सशक्त राष्ट्र बनाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया मीट 2025 में संस्कृति, समाज और डिजिटल चेतना का संगम

जब विचारों की दिशा भटकने लगे और तकनीक की गति सामाजिक मूल्यों से आगे निकलने लगे तब आवश्यकता होती है संवाद के ऐसे मंचों की, जो नई पीढ़ी को जड़ों से जोड़ने, संस्कृति को वर्तमान से जोड़ने और तकनीक को उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य करें।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

इसी दिशा में शिमला में आयोजित सोशल मीडिया मीट 2025 एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ, जहां प्रदेशभर से आए 150 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स ने सहभागिता कर इस बात को सिद्ध कर दिया कि डिजिटल मंचों पर भी सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का उजाला फैलाया जा सकता है। इस भव्य आयोजन का सूत्रपात हुआ सभी प्रतिभागियों के परिचय और अनुभवों की सांझेदारी के साथ जहां एक ओर अनुभव ने गहराई दी, वहीं नई सोच ने नई दिशा दी। पूरे कार्यक्रम का वातावरण विचारों की गरिमा और उद्देश्य की स्पष्टता से ओतप्रोत रहा।

यह केवल एक परिचयात्मक बैठक नहीं थी, बल्कि यह आत्मा से आत्मा के संवाद का आयोजन था, जिसने यह सिद्ध किया कि डिजिटल युग में भी मनुष्य के भीतर सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक सम्मान जीवित हैं, बस उन्हें सही मंच की आवश्यकता है। इस आयोजन की केंद्रीय भावना थी कि सोशल मीडिया केवल व्यक्तिगत ब्रांडिंग या मनोरंजन



का उपकरण न रहकर, समाज के लिए जागरूकता, सेवा और सृजन का सशक्त माध्यम बने। इसी उद्देश्य से आयोजित इस मीट में सामाजिक समरसता, नैतिक पत्रकारिता, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की पृष्ठभूमि में चलने वाले 'पंच परिवर्तन' अभियान पर विशेष चर्चा की। सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वत्व का भाव और नागरिक कर्तव्य ये पांच ऐसे स्तंभ बताए गए, जिन पर राष्ट्र और समाज की मजबूती टिक सकती है, बशर्ते डिजिटल युग के योद्धा यानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स इन विषयों को अपने कंटेंट का हिस्सा बनाएं।

यह आह्वान किसी औपचारिक वक्तव्य से अधिक एक आंतरिक प्रेरणा बनकर उपस्थित प्रतिभागियों के हृदय में उतरा। इस आयोजन का सबसे मार्मिक और प्रेरक पक्ष रहा, नौ वर्षीय ब्लॉगर सुहानी शर्मा की प्रस्तुति, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि उम्र विचारों की गहराई का पैमाना नहीं होती। सुहानी ने संयुक्त परिवार व्यवस्था और बुजुर्गों की देखभाल को केंद्र में रखकर जो विचार रखे, उन्होंने सभी को भीतर तक झकझोर दिया। उनका ब्लॉग जिसमें वे अपने दादा-दादी के साथ संयुक्त रूप से भाग लेती हैं, केवल एक डिजिटल प्रयास नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है जो धीरे-धीरे खोते जा रहे पारिवारिक मूल्यों को नई पीढ़ी के समक्ष पुन: जीवंत कर रहा है।

सोशल मीडिया मीट के दौरान चर्चा के अनेक विषयों ने मंच को एक विचारशील संवाद का केंद्र बना दिया जैसे डिजिटल नैतिकता, समाज निर्माण में सोशल मीडिया की भूमिका, लोक संस्कृति का डिजिटलीकरण, सामग्री में प्रामाणिकता आदि। हर चर्चा केवल विमर्श तक सीमित न रही, बल्कि उसमें से स्पष्ट कार्य दिशाएं भी निकलीं, जिनके माध्यम से डिजिटल रचनाकार समाज में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। यह मीट केवल संवाद का मंच नहीं रहा, बल्कि यह एक संकल्प का साक्षी बना, संकल्प उस डिजिटल युग का जो केवल तकनीकी दक्षता का नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का वाहक भी हो। यही इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही विचारों से संकल्प की ओर और स्क्रीन से समाज की ओर एक प्रगति।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गावर कंपनी के खिलाफ इंटक का धरना

## फोरलेन निर्माण की कटिंग से हो रहा भारी नुकसान, लोगों ने प्रशासन से की मदद की मांग

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



साहल में गावर कंपनी के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते इंटक वर्कर्स।

**मंडी।** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस जिला मंडी की ओर से द्रंग विधानसभा क्षेत्र के साहल स्थित गावर कंपनी के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें किसानों, महिला मंडलों ने धरना प्रदर्शन व नारेबाजी कर भारी वर्षा में निर्माणाधीन फोरलेन की कटिंग को नहीं रोका गया, जिसकी वजह से लोगों के घरों, गोशालाओं और रास्तों को भारी नुकसान हुआ। जबकि लोगों के घर गिरने के कगार पर हैं, जिससे लोग रात को आराम की नींद नहीं सो पा रहे हैं। कंपनी की लापरवाही के चलते जमीन सड़क से कई गुणा नीचे खिसक कर तबाह हो गई। इंटक के जिला प्रधान वाईपी कपूर ने बताया कि धरने के मौके पर डरी-सहमी महिलाओं ने आंसू भरी आंखों से महिलाओं ने अपनी सुरक्षा के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि लोगों के श्मशान घाट, मंदिर, घराट, रास्ते, कूहलें आदि सब तबाह हो चुकी है।

> समस्याओं के समाधान में देरी करने पर चक्का जाम की दी चेतावनी

इस धरने प्रदर्शन में मैगल, मेहड़, टांडू,द्रंग, पाली, कुन्नू मोहड़धार, नारला के लोगों ने अपनी समस्याओं को उजागर किया। इंटक के प्रधान वाईपी कपूर ने बताया कि डीसी मंडी को समस्याएं लिखित में देंगे। अगर समय पर लोगों की समस्याओं और मांगों का निपटारा नहीं हुआ तो संघर्ष और भी तेज और उग्र रूप धारण करेगा। जिसके चलते चक्का जाम जैसे कदम किसान हित में उठाने पड़ सकते हैं।

इस मौके पर जिला प्रधान वाईपी कपूर, इंटक के महामंत्री नरेश शर्मा, सलाहकार एसडी चांदला, इंटक के राज्य उपप्रधान हितेंद्र ठाकुर, मनरेगा व भवन मजदूर यूनियन के प्रधान महेंद्र सिंह, जिला उप प्रधान पूर्ण चंद, किसान फोरलेन विकास समिति पधर के प्रधान सोबर दत्त,इंटक पधर इकाई के प्रधान श्रवण कुमार, सतीश, नागनू राम आदि उपस्थित रहे।

# राहत व बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी : रमेश

## जुगांध गांव में पहुंचकर स्थानीय प्रशासन ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जुगांध गांव में स्थानीय प्रशासन ग्रामीणों की समस्याएं सुनता हुआ।

**सराज** क्षेत्र में हाल ही हुई प्राकृतिक आपदा के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और पुनर्वास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। एसडीएम थुनाग रमेश कुमार ने बताया कि जल आपूर्ति, सड़क, बिजली समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि आज जुगांध गांव में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें जल्द समाधान का भरोसा दिया गया। प्रशासन की ओर से जुगांध तक अस्थायी सड़क मार्ग खोलने का काम चल रहा है।

नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को 41 सोलर लाइटें वितरित कीं, जिससे अब कुल 125 सोलर लाइटें क्षेत्र में उपलब्ध हो चुकी हैं। थुनाग में राहत शिविर का निरीक्षण भी किया गया। क्षेत्र की 38 सड़कें यातायात के लिए खोल दी गई हैं, जबकि अन्य की बहाली जारी है। विद्युत बोर्ड के कर्मचारी बिजली सप्लाई बहाल करने में लगे हुए हैं। केलोधार सेक्शन के तहत 250 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत की गई और कुल 202 ट्रांसफार्मर प्रभावित थे, जिनमें से 191 बहाल हो चुके हैं।

सराज क्षेत्र में बगस्याड, थुनाग, जंजैहली और शील्ही बागी के फीडर भी बहाल कर दिए गए हैं। प्रशासन ने प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाने का भरोसा दिलाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### आशीष और हीरा ठाकुर ने दिए 7100 रुपए

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह उपमंडल के नलसर निवासी युवा आशीष ठाकुर व उनकी चाची हीरा ठाकुर ने मिलकर आपदा राहत कोष के लिए 7100 रुपए की राशि दान की। आशीष ठाकुर ने यह धनराशि एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी के माध्यम से जिला डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी मंडी के लिए दी है एसडीएम स्मृतिका नेगी ने आशीष ठाकुर और हीरा ठाकुर का इस सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा की उनका यह दान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए महत्वपूर्ण होगा। डीडीएमए मंडी के प्रयासों से यह राशि प्रभावित लोगों तक पहुंचाई जाएगी। यह दान समाजसेवा और मानवता की भावना को दर्शाता है।

### माता काली मुंडखर मंदिर में लगेगी नई मूर्तियां

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** माता काली मुंडखर देवी कमेटी की मासिक बैठक मंदिर परिसर में कमेटी के प्रधान गोवर्धन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधान सहित उप प्रधान ओंकार सिंह, सचिव देश राज, सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, भंडारी नेक राम, कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार और सोनी कुमार इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसहमति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए। मंदिर में हनुमान और गणेश की मूर्ति को पुनः मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछली कमेटी के कार्यकाल के दौरान हनुमान मूर्ति को मंदिर परिसर से अज्ञात कारणों से हटा दिया गया था, जिसको लेकर क्षेत्र में बहुत बबाल भी मचा था। अब लोगों की धार्मिक भावनाओं के चलते कमेटी ने दोबारा से नई मूर्तियां लाकर इनकी स्थापना सावन मास में ही करवाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा मंदिर परिसर में साफ सफाई और अन्य विकासात्मक कार्यों को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए। कमेटी ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि सावन मास में चार अगस्त सोमवार को मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन करवाया जाएगा, जिसके लिए मंदिर कमेटी ने क्षेत्र के सभी लोगों इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी उपस्थिति दर्ज करने का आवाहन किया है।

### 5 किलोमीटर लंबी रेड रन मैराथन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडी में 29 जुलाई को पांच किलोमीटर लंबी रेड रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. दीपाली शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय यूथ फेस्ट-25 के अंतर्गत एक विशेष रेड रन मैराथन का आयोजन 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। इस 5 किलोमीटर लंबी दौड़ में 10 रेड रिबन क्लबों से दो-दो पुरुष एवं दो-दो महिला प्रतिभागी भाग लेंगे। यह मैराथन सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी से आरंभ होकर भीमाकाली मंदिर, पुरानी मंडी, समखेतर होते हुए पुनः एसपीयू मंडी परिसर में समाप्त होगी। डॉ. दीपाली शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, एड्स के प्रति जागरूकता तथा नशा विरोधी सोच को बढ़ावा देना है।

### मीठी खीर का भंडारा, लोगों ने उठाया आनंद

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को छोटाभंगाल और चौहार घाटी में श्रद्धालुओं द्वारा मीठी खीर का भंडारा लगाया गया। मुल्थान बाजार में व्यापारी प्राकम चंद, बरोट गांव में होटल व्यवसायी महेंद्र सिंह और मुल्थान निवासी नानक चंद ने शिव पूजा के बाद भंडारे का आयोजन किया। स्कूली बच्चों सहित दूरदराज से आए लोगों ने मीठी खीर का आनंद लिया और पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### भंगरोटू में व्यापारियों ने लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** सावन मास को हिंदू धर्म में सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस पावन माह में एक तरफ जहां शिव भक्त कांवड़ यात्रा, शिवालयों व कैलाशों पर दर्शन के लिए जाते हैं, वहीं कुछ श्रद्धालु खीर या अन्य कई प्रकार से भंडारे लगाकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। सावन मास के इस मौके पर बल्ह में भी अनेक स्थानों पर खीर के भंडारे लगाए जा रहे हैं। इस पावन माह के दूसरे सोमवार को भंगरोटू बाजार में स्थानीय व्यापारियों ने दो क्विंटल दूध से बनी खीर का भंडारा लगाकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया। व्यापारियों ने इस अवसर पर सड़क मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, निजी वाहन चालकों, बसों में सवार लोगों व वहां से गुजरने वाले तीर्थयात्रियों तथा सैलानियों को भी खीर बांटी। इस पवित्र कार्य में स्थानीय व्यापारी ओम प्रकाश खडयाल, कुलदीप एलीम्युनियम, राजीव जनरल स्टोर, रामलाल सीट मेकर, रूकमण टी स्टाल व अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### जीवन ठाकुर ने त्रिवेणी महादेव में की पूजा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर सोमवार को लडभड़ोल उपतहसील के ऐतिहासिक त्रिवेणी महादेव मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और हाल ही में आई आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए राहत की प्रार्थना की। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। जीवन ठाकुर ने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी और क्षेत्र की सेवा का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वे पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता और सहयोग के साथ खड़े हैं। ग्रामीणों ने भी इस आयोजन को धार्मिक आस्था का प्रतीक बताते हुए उनका आभार जताया। यह कार्यक्रम श्रद्धा और जनभावना का एक सुंदर मेल बना।

# एनडीपीएस मामले में 4 वर्ष का कारावास व 40 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विशेष न्यायालय-1 मंडी ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत हुकम राम पुत्र नरोतम राम निवासी ठिगलि डाकघर थाची जिला मंडी को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष का कठोर कारावास और 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यदि जुर्माना न भरा गया तो आरोपी को अतिरिक्त छह माह के लिए साधारण कारावास भुगतना होगा।

> चरस सहित पकड़े गए आरोपी को मंडी की विशेष अदालत ने सजा सुनाई

मामले की जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 16 जून 2019 को पुलिस टीम बिंद्रबनि में गश्त के दौरान आरोपी की मोटरसाइकिल जांच के लिए रोकी गई थी। इस दौरान आरोपी के जूतों से 418 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामदगी की प्रक्रिया पुलिस टीम व स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में पूरी की गई और जांच अधिकारी ने मामले की गहन जांच कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया।

अभियोजन पक्ष ने इस मामले में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत दोषी पाया और सजा सुनाई। यह फैसला नशा मुक्त समाज के निर्माण में एक सशक्त संदेश माना जा रहा है।

## सीटू ने सरकाघाट पुलिस पर हाईवे कंपनी को बचाने और मजदूरों को डराने के लगाए आरोप

# पुलिस ने मजदूरों को धमकाकर करवाए हस्ताक्षर : भूपेंद्र

**रितेश, अनंत ज्ञान**



**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग हमीरपुर से सरकाघाट धर्मपुर पर सूर्या व गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मजदूरों का वेतन न देने और उनके लिए रहने व खाने के लिए की गई व्यवस्था बंद करने के बारे में मजदूरों ने एसडीएम सरकाघाट को मजदूर संगठन सीटू के मार्गदर्शन में शनिवार को मांगपत्र दिया था और दो दिन में मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर सोमवार को कंपनी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी, लेकिन कंपनी ने पुलिस थाना सरकाघाट प्रभारी के हस्तक्षेप पर सूर्या कंपनी के उप परियोजना प्रबंधक श्रीकांत ने डेढ़ दर्जन मज़दूरों जिनमें प्रमोद, शरवन कुमार, जितेंद्र, इरशाद, हरप्रीत, सुनील, रविन्द्र, राजकिशोर, बीरबल, लोकेंद्र, विनय, बालम राम, राजीव लवकुश इत्यादि के साथ लिखित में इकरारनामा करके अगस्त 15 के बाद सभी मजदूरों का फुल एंड फाइनल करने का लिखित में इकरार किया है।

इस बारे में सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, दिनेश काकू, सुरेश शननी, सतीश राणा मजदूरों और कंपनी डीपीएम के साथ बैठक की और ये तय किया गया कि लंबित वेतन 5 अगस्त तक मजदूरों को अदा कर दिया जाएगा तथा सभी का फाइनल 20 अगस्त तक कर दिया जाएगा।

इस दौरान किसी मजदूर की गैरकानूनी छंटनी नहीं की जाएगी। ठहरने की व्यवस्था चोलथरा में कर दी गई है और खाना पहले की तर्ज पर नियमित तौर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। क्योंकि कंपनी ने इन मजदूरों को पिछले दो महीने की सैलरी नहीं दी है। भूपेंद्र ने बताया कि पुलिस को मजदूरों के लंबित वेतन को दिलवाने के लिए कंपनी पर एक्शन लेना चाहिए था लेकिन वे उन्हें थाने में बुलाकर धमकियां देने का काम करते हैं।

### मनगढ़ंत आरोप लगा रहे माकपा नेता : एसएचओ

**इस** संदर्भ में एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने कहा माकपा नेता मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने किसी भी मजदूर को ना ही धमकाया और ना ही जबरन कोई साइन करवाए हैं। कंपनी के नुमाइंदों और मजदूरों को उनके सामने मध्यस्था हुई है उसके बाद ही मजदूरों ने काम करने की हामी भरी है।

# जोगिंद्रनगर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर निकाली स्वास्थ्य जागरूकता रैली



**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** स्वास्थ्य विभाग पधर द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जोगिंद्रनगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिमालयन नर्सिंग कॉलेज और जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि हेपेटाइटिस एक गंभीर वायरल संक्रमण है, जो लिवर को प्रभावित करता है और समय पर इलाज न मिलने पर लिवर कैंसर या फेलियर हो सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 'हेपेटाइटिस से बचाव करो' जैसे नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज परिसर में भाषण प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने इस बीमारी के प्रकार, कारण, बचाव और भ्रांतियों पर प्रकाश डाला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और सभी उपस्थित लोगों को उपयोगी जानकारी वाली पर्चियां वितरित की गईं।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि नियमित जांच, टीकाकरण और साफ-सफाई से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

# दो दिन पहले छिड़की कीटनाशक दवा से महिला की संदिग्ध मृत्यु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरकाघाट मंडी के गांव तर्लोचन-कोठी डाकघर रोपड़ी तहसील सरकाघाट की रहने वाली 30 वर्षीय महिला दिव्या भारती पत्नी मनोज कुमार को उनके परिजनों द्वारा 27 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएच) सरकाघाट लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से तथ्यात्मक जानकारी जुटाई एवं घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। परिवारजनों के अनुसार दिव्या भारती ने दो दिन पूर्व खेतों में जहरीली और हानिकारक घास को नष्ट करने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव किया था। 27 जुलाई को जब वह खेतों में अन्य कृषि कार्य कर रही थी, तो संभवत: इसी कीटनाशक की प्रतिक्रिया से अचानक बेहोश हो गई। बेहोशी की स्थिति में उसकी सास उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकाघाट ले गई, लेकिन रास्ते में ही महिला की मृत्यु हो गई। महिला का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकाघाट में करवाया गया और बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# आपदा प्रभावितों की मदद के लिए उपायुक्त को सौंपा 9 लाख का चेक



डीसी मंडी अपूर्व देवगन को चेक भेंट करते हुए सर्व देवता सेवा समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सर्व** देवता सेवा समिति, जिला मंडी के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा ने जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन को मंडी में हाल ही में आई त्रासदी के पीड़ितों की सहायता के लिए देवताओं के कारदारों द्वारा भेजी गई 9,00,000 रुपये की राशि का चेक भेंट किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि यह योगदान मंडी जिले की परंपरागत धार्मिक आस्था व सामाजिक उत्तरदायित्व की गहरी भावना का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि समस्त कारदारों की यह सोच रहती है कि जो व्यक्ति अपनी-अपनी हरियानो (देवता क्षेत्रों) से जुड़े होते हैं, उनकी रक्षा देवी-देवता समय-समय पर करते हैं। जब भी कोई बड़ी विपत्ति आती है, तो देवता अपने भंडारों से स्वयं सहायता प्रदान करते हैं। इसी सोच और भावना के लिए शिव पाल शर्मा ने समस्त कारदारों एवं हरियानो का दिल से आभार प्रकट किया।

# हराबाग बगीचा किसी को नहीं दिया जा रहा, अफवाहों पर न दें ध्यान : सोहन लाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**हराबाग** बगीचे की जमीन को किसी संस्था या व्यक्ति को दिए जाने की अफवाहों पर पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने कड़ा बयान दिया है। प्रेसवार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया कि हराबाग बगीचा और वहां पर बने करोड़ों की लागत के भवनों को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है, न ही सरकार ने इस संबंध में कोई स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि कुछ संस्थाएं बिना पुष्ट जानकारी के जनता को गुमराह कर रही हैं और भ्रामक प्रचार कर संघर्ष समिति बना रही हैं।

> कहा- कुछ संस्थाएं बिना पुष्ट जानकारी के कर रही हैं जनता को गुमराह

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत मीर बख्श को 92 बीघा भूमि देने के लिए वैकल्पिक स्थानों की पहचान कर रही है। इसके अंतर्गत मंडी जिले के सुंदरनगर, चैलचौक, गोहर, डडौर, डडोह, भौर, जोगिंदरनगर सहित 8 स्थानों पर सरकारी जमीनों को केवल चिन्हित किया गया है ताकि आवश्यक होने पर वार्ता के माध्यम से समाधान निकाला जा सके।

सोहन लाल ने कहा कि हराबाग बगीचे को लेकर न तो कोई सहमति बनी है और न ही किसी प्रकार की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों और भ्रामक बयानों से बचें और तथ्यों पर विश्वास करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि हराबाग बगीचा सुंदरनगर की शान है और रहेगा।

# नेरचौक में मौन में रहकर तनाव भरे जीवन से मुक्ति प्राप्त करने की विधियां सिखाई

**आदर्श, अनंत ज्ञान**




चार दिवसीय मौन ध्यान शिविर के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य व अन्य।

**नेरचौक।** आर्ट ऑफ लिविंग टीम नेरचौक द्वारा चार दिन का मौन ध्यान शिविर होटल परमार पैलेस नेरचौक में करवाया गया। संस्था के द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आज बचपन से लेकर बुढ़ापे तक जीवन की व्यवस्था अस्त व्यस्त तथा इतनी जटिल हो गई है कि हर व्यक्ति हर क्षण तनाव से ग्रस्त रहता है। इस तनाव ग्रस्त जीवन से किस तरह से पार पाया जाए, इसके लिए परम पूज्य श्री श्री रविशंकर द्वारा मौन ध्यान शिविर पूरे संसार में सिखाया जाता है। इसी कड़ी में आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ प्रशिक्षशिका सीमा शर्मा और प्रशिक्षक अभय शर्मा ने इस चार दिवसीय मौन ध्यान शिविर में लोगों को मौन में रहकर के किस तरह से तनाव भरे जीवन से मुक्ति प्राप्त होती है। इसकी अलग-अलग विधियां सिखाई। आनंद अनुभूति शिविर में मुख्य रूप से सुदर्शन क्रिया और कुछ योगासन सिखाए जाते हैं परंतु मौन ध्यान शिविर एक आवासीय शिविर है जिसमें 4 दिन तक एक जगह रह करके अलग-अलग ध्यान एवं मुद्राएं सिखाई जाती है और तनाव भरे जीवन से किस तरह मुक्ति पाई जाए इसकी विधियां सिखाई जाती है।

जिला समन्वयक अनीता कुमारी ने बताया कि मौन ध्यान शिविर दुनिया भर में परम पूज्य श्रीश्री रविशंकर के मार्गदर्शन में विभिन्न शिक्षकों के द्वारा सिखाए जाते हैं। इसी कड़ी में नेरचौक में इस शिविर को सफल बनाने में डॉ. दुर्गेश ठाकुर, उमा गुलरिया और वीरेंद्र सैनी ने मुख्य भूमिका निभाई।

# नहर मार्ग पर रेत के ढेर बने जोखिम का कारण

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) की नहर के साथ लगते मार्ग पर जगह-जगह रेत और बजरी के ढेर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों को संतुलन बिगड़ने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 से जुड़ा हुआ है और इसके माध्यम से नाचन, सिराज, बल्ह और मंडी क्षेत्रों की सीधी कनेक्टिविटी होती है। ऐसे में यह रास्ता हिमाचल प्रदेश के व्यस्त मार्गों में गिना जाता है। लेकिन बीबीएमबी प्रशासन की उदासीनता के कारण लंबे समय से यहां की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

मार्ग पर पड़ी निर्माण सामग्री न केवल राहगीरों के लिए अवरोधक बनी है, बल्कि इससे पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है। नागरिकों ने बीबीएमबी चेयरमैन से मांग की है कि मार्ग को तुरंत साफ करवाकर इसे सुरक्षित और सुगम बनाया जाए।

# बंदगोभी की बंपर पैदावार से किसानों में खुशी

## चौहार व छोटाभंगाल घाटी में नकदी फसलों से सुधर रही किसानों की आर्थिकी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**



खेतों में लहलहाती बंदगोभी की फसल।

**बरोट।** चौहार घाटी व छोटाभंगाल घाटी के दुर्गम गांवों के सब्जी उत्पादकों द्वारा हाल ही में बिजी गई बंद गोभी खेतों में आजकल शुरुआती समय में भरपूर पैदावार नजर आ रही है। बंदगोभी की अच्छी पैदावार हो इसके लिए वैसे भी दोनों घाटियों के सभी दुर्गम गांवों के सब्जी उत्पादक कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं और साथ में यहां पर मौसम भी फिलहाल भरपूर साथ दे रहा है।

घाटियों के श्याम पाल, डागी राम, राजकुमार, प्रेमसिंह, नरपत, बुद्धि सिंह, जसवंत सिंह, सुनील दत्त, रूप लाल, पूर्ण चंद, दुर्गा दास, श्याम लाल, मेहता राम आदि का कहना है कि यहां के सब्जी उत्पादक गत कई वर्षों से अपनी पारंपारिक खेती को कम कर नगदी फसल बंदगोभी सहित फूल गोभी, मटर, मूली, धनिया शलगम, चुकंदर आदि को भारी मात्रा में बीजकर अपनी आर्थिकी को ओर भी मजबूत कर रहे हैं और इस वर्ष भी सब्जी उत्पादकों को खासकर नगदी फसल बंदगोभी की अच्छी पैदावार होने की पूरी उम्मीद हो गई है।

वहीं नगदी फसल आलू की बात की जाए तो दोनों घाटियों में आलू की फसल खेतों में लगभग पूरी तरह से तैयार हो गई है। चौहार घाटी के कुछ गांवों में किसानों ने अपनी फसल आलू को खेतों से निकाल के बिक्री के लिए बाजारों में लाना शुरू कर दिया है, जिसके चलते शुरूआती सीजन में यहां के किसानों को बाजारों में 12 से 13 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से दाम मिल रहे हैं, वहीं मूली का दाम 10 से 12 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से मिल रहा है।

इन सब्जी उत्पादकों का कहना है कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष शुरुआती दौर में नगदी फसल आलू व मूली का बाजिव दाम नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि गत वर्ष शुरुआती दौर में आलू 22 से 25 और मूली 20 से 22 रुपए प्रति किलोग्राम दाम था।

**आंदोलन** जन आंदोलन में ग्रामीणों और किसान सभा ने लिया भाग, अब गड़ूही-भौरा सड़क से जुड़ी उम्मीदें हुई मजबूत

# प्रशासन को झकझोर गया ग्रामीणों का सत्याग्रह

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



गड़ूही-भौरा-कस सड़क की लंबित मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए।

**गड़ूही-भौरा-कस** सड़क को लेकर वर्षों से लंबित मांग अब पूरी होती दिख रही है। सोमवार को जोगिंद्रनगर में जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में जोरदार सड़क सत्याग्रह और सामूहिक उपवास कर प्रशासन को झकझोर दिया। इस जनआंदोलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सड़क की निशानदेही पहले ही पूरी हो चुकी है, इसके बावजूद निर्माण में जानबूझकर देरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग रसूखदारों को लाभ पहुंचा रहा है जबकि आम जनता की वर्षों पुरानी मांग की अनदेखी की जा रही है। सत्याग्रह में किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सुदर्शन वालिया, इंदिरा देवी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो यह आंदोलन विधानसभा तक ले जाया जाएगा। उन्होंने विभाग पर तानाशाही रवैया अपनाने और भ्रष्टाचार फैलाने के गंभीर आरोप लगाए। इस आंदोलन के बीच लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जयप्रकाश नायक ने स्पष्ट किया कि गड़ूही-भौरा सड़क की कुल लंबाई 1.5 किलोमीटर है, जिसमें से 1.2 किलोमीटर का कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। अब शेष 0.3 किलोमीटर के लिए वन विभाग से वन अधिकार अधिनियम की मंजूरी और अनापत्ति प्रमाण पत्र का इंतजार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शेष कार्य के लिए लगभग 65 लाख रुपए की अनुमानित लागत तय की गई है और संबंधित फाइल वन विभाग को भेजी जा चुकी है। जैसे ही अनापत्ति मिलती है, सड़क निर्माण के लिए बजट का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा समयबद्ध कार्रवाई की गई, तो यह सड़क क्षेत्र के विकास की नई राह खोलेगी। वहीं, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि अब भी निर्माण कार्य में टालमटोल की गई तो वे जिला प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे और विधानसभा के बाहर धरना देंगे। इस आंदोलन से जहां प्रशासन हरकत में आया है, वहीं गड़ूही-भौरा-कस के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी उम्मीदों को नई ऊर्जा मिली है। अब सबकी निगाहें वन विभाग की अनुमति और आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्पोर्ट्स श्रेणी से काउंसिलिंग में कोई अभ्यर्थी चयनित नहीं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ऊना सोमलाल धीमान ने जानकारी दी कि स्पोर्ट्स श्रेणी में कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक(जेबीटी) की काउंसिलिंग नवंबर 2024 में आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स श्रेणी में आयोजित हुई इस बैचवाइज आधार पर काउंसिलिंग प्रक्रिया में कोई भी अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए पात्र नहीं पाया गया। बता दें, यह काउंसिलिंग उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना के कार्यालय में जेबीटी के 4 पदों के लिए आयोजित की गई थी।

### बंगाणा स्कूल को वाटर कूलर किया दान



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** एक सराहनीय पहल के तहत बैंक से सेवानिवृत्त महाप्रबंधक योगराज शर्मा तथा उनकी पत्नी विजया शर्मा ने अपने स्वर्गीय माता-पिता, स्व. महात्मी देवी एवं स्व. उद्धो राम शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा को एक वाटर कूलर दान स्वरूप भेंट किया। इस भावुक और प्रेरणादायक क्षण पर उनके पुत्र डॉ. ईशान शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल देखा गया। स्कूल प्रधानाचार्य जितेंद्र शर्मा ने शर्मा परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के दान न केवल स्कूल की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देते हैं। प्रवक्ता नरेंद्र धीमान, बलदेव सुरेश और विवेक शर्मा ने भी इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। योगराज शर्मा ने कहा कि यह दान उनके माता-पिता की स्मृति को समर्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को यदि बेहतर बनाना है तो शिक्षा संस्थानों की सहायता करना सबसे प्रभावशाली कदम होता है।

### सेवा में समर्पित शहीद भगत सिंह क्लब लठियाणी



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** सदाशिव मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान शहीद भगत सिंह मैमोरियल क्लब लठियाणी के युवाओं ने सेवा भावना का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं के लिए चाय, पकौड़े और ब्रेड की शानदार व्यवस्था की ,क्लब के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यह सेवा निःस्वार्थ भाव से की, तथा श्रद्धालु अत्यंत संतुष्ट नज़र आए। इस अवसर पर क्लब के प्रमुख सदस्यों दिनेश, अभिषेक, अजय, पाला बंटी, शशि, नीरज, रोहित, नबू, शिवांशु, दर्शन, मिट्ठू, सौरव, शांतनु और शानू के अलावा अन्य सक्रिय सदस्यों ने तन, मन और धन से सहयोग देकर श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे, जिससे वातावरण अत्यंत सकारात्मक और भक्तिमय बना रहा।क्लब का उद्देश्य न केवल सामाजिक कार्यों में भाग लेना है, बल्कि युवाओं को सेवा और संस्कारों से जोड़ना भी है। इस तरह के आयोजन न सिर्फ सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना भी जागृत करते हैं।

# रहस्यों में उलझा पड़ा है गग्गी हत्याकांड

## पुलिस सैलून में हुए खून की वजह तलाशने में जुटी, बब्बी राणा और विचित्र गैंग की धमकी

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**ऊना।** देवभूमि में शांति भंग करने वालों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ऊना के एक सैलून में खून बहाकर ऐसे तत्वों ने फिर से पुलिस और सरकार के सामने चुनौती पेश की है। तीस घंटे बीत जाने के बाद भी कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस इस हत्याकांड के पीछे धमकी से जुड़े पुराने इतिहास और लोकल कनेक्शन भी तलाश करने में जुटी है। आखिर मृतक राकेश गग्गी की लोकेशन हत्यारों को कैसे पता चली, इस पर भी सवालिया निशान लगा है। फिलहाल कई लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

हिमाचल प्रदेश में समय-समय पर कई हत्याकांड सामने आते रहे हैं, लेकिन रविवार को मैदानी ऊना जिले में जो वारदात हुई, उसने प्रदेश को गैंगवार की रणभूमि की ओर धकेल दिया है। सैलून के भीतर दिनदहाड़े गोली मारकर राकेश उर्फ गग्गी जट्ट की हत्या ने पूरे जिले को दहला दिया है। मृतक गग्गी का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से ही पुलिस के पास दर्ज था, लेकिन इस हत्याकांड के महज 5 घंटे बाद ही सोशल मीडिया पर सामने आई पोस्ट ने मामले को और गंभीर बना दिया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर लाडी कूनर ने सोशल मीडिया पर इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली और पोस्ट में हिमाचल की जेल में बंद मनी राणा और हरियाणा के नारायणगढ़ के गैंगस्टर वेंकट गर्ग को टैग किया। कुछ समय बाद वेंकट गर्ग के हैंडल से भी हत्या की जिम्मेदारी ली गई और कहा गया कि अभी और लोगों को मारा जाना बाकी है। सोमवार सुबह तक बब्बी राणा और विचित्र ग्रुप के नाम से भी पोस्ट आने लगे, जिनमें गग्गी की हत्या का बदला लेने की बात कही गई। रोहित चौधरी नामक युवक ने धमकी दी कि गग्गी को मारने वालों और उनके साथियों का भी सफाया किया जाएगा। इस सिलसिलेवार तरीके से सामने आ रही सोशल मीडिया पोस्ट्स ने यह साफ कर दिया कि यह महज एक हत्या नहीं, बल्कि संगठित गैंगवार का हिस्सा है।

### पुलिस को शक-आपसी रंजिश और गिरोहबाजी हत्या का कारण

**घटना** के समय गग्गी अपने कुछ साथियों के साथ ख्वाजा बसाल स्थित सैलून में मौजूद था, लेकिन हमलावरों ने उसे ही निशाना बनाते हुए गर्दन पर गोली मारी। पुलिस को शक है कि राकेश गग्गी हत्या के पीछे आपसी रंजिश और गिरोहबाजी कारण हो सकती है। मृतक की पृष्ठभूमि को देखते हुए इस केस के तार कई अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है। अब पुलिस पुराने मामलों को खंगालने के साथ-साथ उसके जान-पहचान वालों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर लाडी कूनर और वेंकट गर्ग द्वारा जिम्मेदारी लिए जाने और मनी राणा को टैग किए जाने से यह मामला इंटरस्टेट गैंगवार का शक और गहरा करता जा रहा है।

### गग्गी के खिलाफ कई थानों में केस दर्ज

**बताया** जा रहा है कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गग्गी के खिलाफ ऊना व आसपास के इलाकों में अवैध शराब तस्करी, मारपीट और धमकाने जैसे आधा दर्जन से ज्यादा केस दर्ज थे। इनमें से कुछ की जांच लंबित है और कुछ की सुनवाई अदालत में चल रही थी। उसका नाम मंडी जिले के चर्चित नकली शराब घोटाले से भी जुड़ चुका है, जिसमें ऊना से सप्लाई की गई संदिग्ध सामग्री के लिंक सामने आने पर उसे गिरफ्तार किया गया था।

### मामले की कड़ियों को जोड़ने की हरसंभव कोशिश जारी : एसपी

**ऊना** के एसपी अमित यादव ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी जा सकती, लेकिन मामले की कड़ियों को जोड़ने की हरसंभव कोशिश जारी है।

## मुबारिकपुर में चिंतपूर्णी धार्मिक लंगर कमेटी फगवाड़ा ने लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला मुबारिकपुर में, जहां चिंतपूर्णी धार्मिक लंगर कमेटी फगवाड़ा ने इस वर्ष भी भव्य वार्षिक भंडारे का आयोजन किया। यह भंडारा 26 जुलाई से शुरू होकर 1 अगस्त तक चलेगा, जिसमें रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन की विशेष बात रही किसी जाति और मज़हब से ऊपर उठकर श्रद्धा और आपसी भाईचारे की मिसाल। इसका उदाहरण उपमंडल बंगाणा के गांव बगनाल से आए खंड शिक्षा अधिकारी मास्टर असमील मोहम्मद का समर्पण।

उन्होंने अपने परिवार सहित इस भंडारे में निस्वार्थ सेवा दी और विशेष रूप से जलेबी व पकौड़ों का भंडारा लगाया। भंडारे के दौरान मास्टर असमील मोहम्मद ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी मां चिंतपूर्णी मंदिर में गहरा आस्था है और मैं स्वयं भी हर महीने यहां दर्शन करने आता हूं। इस पवित्र आयोजन में सेवा करना मेरे और मेरे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर निक्का राम, अमजद खान और अन्य परिजनों ने भी तन, मन और धन से सेवा में भाग लिया। पूरे आयोजन में धार्मिक भक्ति, अनुशासन और नि:स्वार्थ सेवा भाव की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। भंडारे में स्वच्छता, सुचारू वितरण व्यवस्था और सामूहिक सहभागिता ने इसे एक सफल आयोजन बना दिया।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठी मां चिंतपूर्णी धाम

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**



मां चिंतपूर्णी धाम में दर्शनों के लिए रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**चिंतपूर्णी।** श्रावण अष्टमी मेले के चौथे दिन चिंतपूर्णी क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं का मां के दर्शन करने के लिए भारी उत्साह देखा गया। सोमवार को श्रावण अष्टमी मेले के चौथे दिन रविवार के मुकाबले भक्तों की संख्या में कमी दर्ज की गई, लेकिन मेला क्षेत्र में चहल-पहल बनी रही।

**3228471 का नकद चढ़ावा चढ़ा :** पहले दो दिन में श्रद्धालुओं ने 3228471 का नगद चढ़ावा अर्पित किया। इसके अलावा रविवार को सबसे अधिक 75000 श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी भरी।

**एसडीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा :** एसडीएम सचिन शर्मा ने बताया कि मंदिर न्यास द्वारा गगरेट क्षेत्र को मिलाकर इस बार सबसे अधिक रिकार्ड तोड़ 175 लंगर संस्थाओं को लंगर लगाने की परमिशन दी गई है। इन सभी से 10000 रुपए लंगर फीस और 10000 धरोहर राशि जमा कराई गई जिसमें 10000 की राशि सफाई व्यवस्था चुस्त रखने के बाद वापस कर दी जाएगी। सोमवार को टी-सीरीज द्वारा चिंतपूर्णी मंदिर पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई।

इसके अलावा मंदिर न्यास के सार्वजनिक शौचालय में साफ-सफाई बनी रहे और कोई भी श्रद्धालुओं से पैसा ना मांगे, इसके लिए औचक निरीक्षण किया गया और सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश किए गए। एसडीएम ने बताया कि मंदिर की लिफ्ट जो कि खराब हो गई थी, उसे ठीक कराया गया ताकि दिव्यांगों और बुजुर्गों को कोई दिक्कत न हो।

## केंद्रीय विद्यालय को लेकर टीम ने भंजाल स्कूल का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में केंद्रीय विद्यालय को लेकर सोमवार को एक टीम ने भंजाल स्कूल का दौरा किया। बताते चलें कि जब तक केंद्रीय विद्यालय की अपनी बिल्डिंग नहीं बन जाती, तब तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में इस केंद्रीय पाठशाला की कक्षाएं लगाई जानी हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल प्रशासन भंजाल ने काफी महीने पूर्व ही अपनी पाठशाला के करीब 10 कमरे खाली करके रखे हुए हैं ताकि उन कमरों में केंद्रीय विद्यालय का कार्य शुरू हो सके और इसके लिए बाकायदा एनओसी. भी जारी कर दी गई है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय विद्यालय में कक्षाएं जल्द शुरू हो सकें, इसके लिए अन्य औपचारिकताएं भी पूरी हों, इस दिशा में सोमवार को अधिकारियों ने दौरा किया । इस कड़ी में खंड विकास अधिकारी गगरेट सुरेंद्र कुमार जेटली, टेक्नोक्रेट अधिकारी दिनेश कुमार, केंद्रीय विद्यालय बंगाणा प्रिंसिपल गिरीश कुमार एवं उनकी टीम, स्थानीय पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, अधीक्षक दिनेश शर्मा, लेक्चरर अनु शर्मा, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, विनोद ठाकुर भी उपस्थित रहे ।

## डायरिया की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में किया मंथन



डायरिया की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित पुनीत शर्मा और अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जलशक्ति डिवीजन नंबर एक ऊना के अधिशाषी अभियंता पुनीत शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को स्वच्छता मिशन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डायरिया की रोकथाम, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता और साफ-सफाई को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

इस दौरान पुनीत शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सौजन्य से चलाए जा रहे 'स्टॉप डायरिया 2025 कैंपेन' के अंतर्गत जिला ऊना में जागरूकता और स्वच्छता गतिविधियों को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। यह अभियान पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से 31 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को 'स्वच्छ गांव - शुद्ध जल- बेहतर कल' का संदेश देकर जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला की सभी पंचायतों में एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई तथा पेयजल स्रोतों और पानी के टैंकों की सफाई का कार्य विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सहायक अभियंता अक्षय कुमार, मैहतपुर सब-डिवीजन से यशवंत सिंह, लैब स्टाफ, सभी ब्लॉक को-आर्डिनेटर एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली में अनुराग से उठाए कुटलैहड़ के मुद्दे : कंवर

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, साथ हैं अन्य।

**बंगाणा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कहा कि अपने दिल्ली प्रवास के दौरान लठियाणी और कुटलैहड़ क्षेत्र की लंबित विकास योजनाओं को लेकर भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से वार्ता की, जिस पर उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

बंगाणा में मीडिया से बातचीत करते हुए वीरेंद्र कंवर ने साफ कहा कि अढ़ाई वर्ष से जो योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं, उन्हें पूरा करवाने के लिए उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से विस्तारपूर्वक चर्चा की है। कंवर ने बताया कि कुटलैहड़ की हटली पंचायत में 55 करोड़ की लागत से बन रहे केंद्रीय विद्यालय भवन का कार्य 80 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, लेकिन पिछले अढ़ाई वर्षों में इस परियोजना पर कोई प्रगति नहीं हुई है। इसको लेकर उन्होंने अनुराग ठाकुर से विशेष आग्रह किया है कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिल सके।

कंवर ने कहा कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा 2020 में अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में 6 करोड़ से शुरू हुए इनडोर स्टेडियम निर्माण का मुद्दा भी उठाया, जो अब तक अधर में लटका हुआ है। कंवर ने कहा कि खेल सुविधाओं के विकास के लिए यह स्टेडियम अत्यंत जरूरी है और इसके लिए भी अनुराग ठाकुर को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। कंवर ने कहा कि लठियाणी मंदली पुल के निर्माण से लठियाणी बाजार को खतरा था, क्योंकि वह संपर्क मार्ग से कट रहा था। इसे देखते हुए उन्होंने अनुरोध किया कि लठियाणी घाट से होकर जाने वाली पुरानी सड़क को डबल लाइन किया जाए, ताकि बाजार को फिर से जोड़ा जा सके।

अनुराग ठाकुर ने इस पर तत्काल विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने की बात कही। उन्होंने कहा कि लठियानी के बंजाल में 2.5 करोड़ की लागत से ईको पार्क का निर्माण प्रस्तावित था, जिसके लिए उन्होंने धन भी उपलब्ध करवा दिया था, लेकिन कार्य आरंभ ही नहीं हो पाया है। इस मौके पर मास्टर रमेश शर्मा, राजेंद्र रिंकू, राकेश शर्मा मौजूद रहे।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मेडिकल करवाने आए व्यक्ति का ज्यादा टेस्ट देख चकराया सिर

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाते समय मेडिकल की शर्त जरूरी है। जाहिर है कि मेडिकल में भी डॉक्टर यही देखते हैं कि क्या ड्राइविंग लाइसेंस पाने वाले की आंखों की रोशनी सामान्य है, उसका कद सामान्य है, वह मानसिक तौर पर ठीक है, उसके शारीरिक अंग ठीक हैं, उसे मिरगी के दौरे तो नहीं पड़ते लेकिन सिविल अस्पताल गगरेट में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मेडिकल करवाने आए एक व्यक्ति को डॉक्टर ने इतने टेस्ट लिख दिए कि उन्हें देखकर ही वह चकरा गया। उसे समझ ही नहीं आया कि वह ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मेडिकल करवाने आया है या फिर सेना में भर्ती होने जा रहा है।

सोमवार को उपमंडल अंब के स्थोथर गांव के सोम दत्त ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल करवाने सिविल अस्पताल गगरेट पहुंचे, जहां उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल करवाने को दो सौ रुपए की फीस जमा करवा पर्ची कटवाई। जब वह डाक्टर के पास उस पर्ची को लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उन्हें कंपलीट ब्लड काउंट (सीबीसी), लिवर फंक्शनिंग टेस्ट (एलएफटी), रीनल फंक्शनिंग टेस्ट (आरएफटी), ह्रदय की जांच करने के लिए ईसीजी, टीबी का टेस्ट करवाने की सलाह दे डाली।

इतने सारे टेस्ट देखकर सोम दत्त चकरा गए। सोम दत्त के अनुसार उनका स्वास्थ्य ठीक है और उन्हें कोई परेशानी नहीं, लेकिन एक डीएल के लिए इतने सारे टेस्ट अगर लिख दिए जाएंगे तो डीएल बनवाने आया हुआ तो इतने टेस्ट सुनकर ही बीमार हो जाएगा। अब सवाल यह है कि आखिर डीएल के लिए इतने टेस्ट लिखने की सलाह भला डॉक्टर को किसने दी। उधर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने कहा कि अब डीएल के लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, वहीं करवाए जाएंगे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत छात्रों को बांटे पौधे



राजकीय प्राथमिक पाठशाला छपरोह में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम में शामिल बच्चे और अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

तहसील बंगाणा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला छपरोह में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का का आयोजन हुआ। इस आयोजन के तहत बच्चों और उनके अभिभावकों को पौधों का वितरण किया गया। केंद्र मुख्य शिक्षक वीरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

प्राथमिक खंड शिक्षा अधिकारी हंसराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अध्यापक शिवकुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा केंद्र मुख्य शिक्षक का स्वागत किया। बच्चों के साथ आई उनकी माताओं ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों को इस अवसर पर आमला, बहेड़ा, डेक, नीम आदि के पौधे फितरत किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हंसराज ने अपने संबोधन में बच्चों उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधा लगाना आसान होता है, परंतु मुख्य काम उसकी प्रवेश करना होता है। यदि पौधा लगाने के उसकी देखरेख समय पर खुराक खाद आदि न दी जाए तो पौधा बेकार हो जाता है।

उन्होंने कहा कि पौधा भी बच्चों के समान ही होता है, जैसे बच्चे को भूख लगने पर माता दूध पिलाती है तथा परवरिश करती है इस तरह पौधा होता है पौधे की देखभाल करना लगाने से भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने नई शिक्षा नीति कॉल लागू करने तथा बच्चों को टेक्निकल शिक्षा देने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं

उन्होंने उपस्थित माताओं तथा अभिभावकों, अध्यापकों का धन्यवाद किया तथा सबको समय-समय पर पौधे लगाने का आवाहन किया। इस अवसर पर शिक्षिका समृति कुमारी, स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष नीलम कुमारी, सदस्य नेहा, राजकुमारी, उषा देवी, निशा तथा मिडिल स्कूल के अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## आरती की मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा ने बटोरी सबकी सराहना

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



कला उत्सव में गणेश की मूर्ति को मिली सराहना।

**लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में आयोजित कला उत्सव के दौरान कक्षा दसवीं की छात्रा आरती ने अपनी अद्वितीय कला प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मिट्टी से भगवान श्री गणेश जी की अत्यंत आकर्षक प्रतिमा तैयार की। आरती की इस कलाकृति ने न केवल देखने वालों का मन मोह लिया, बल्कि विद्यालय के वातावरण में एक नई सृजनात्मक ऊर्जा का संचार भी किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चौधरी ने आरती की इस कलात्मक प्रस्तुति को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं विद्यालय की पहचान बनती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी। शिक्षिका शोभा ने इस प्रतिमा को आरती की श्रद्धा, कल्पनाशीलता और समर्पण का जीवंत स्वरूप बताया। वहीं शारीरिक शिक्षक विजय कुमार ने इसे विद्यार्थियों को रचनात्मकता की सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने वाला प्रेरणादायक प्रयास कहा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने आरती को अद्भुत प्रतिभा का प्रतीक कहते हुए विद्यालय में इस तरह की गतिविधियों को आत्म-अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट माध्यम बताया।

इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कला के इस जीवंत प्रदर्शन ने कला उत्सव को विशेष बना दिया।

## समस्या

### स्तोथर से धुसाड़ा को जोड़ने वाला पुल अधर में, ग्रामीणों को भारी परेशानियां

## कार्य के लिए नहीं मिल रहा पैसा, लोगों को हो रही दिक्कतें

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



पुल के निर्माण से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**बड़ूही।** धुसाड़ा और स्तोथर पंचायत को जोड़ने वाला पुल पिछले डेढ़ वर्ष से अधर में लटका हुआ है। इस पुल को बनाने में भाजपा सरकार द्वारा 1 करोड़ 30 लाख रुपए स्वीकृत हुए। यह पुल क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य संपर्क मार्ग है, और इसके अधूरे रहने से स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पुल का शिलान्यास 13 दिसंबर, 2022 को तत्कालीन विधायक बलबीर चौधरी द्वारा किया गया था।

निर्माण के शुरुआती चरण में तीन पिलरों का कार्य पूर्ण किया गया, लेकिन इसके बाद अचानक काम बंद हो गया। तब से लेकर अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। प्रधान पंचायत धुसाड़ा नीरू बाला, उपप्रधान सहदेव, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, अमित शर्मा, रवि शर्मा, सरदार बंटी सिंह, सतपाल सिंह, मनदीप सिंह, मांगे शाह, रफीक मोहम्मद, रशाद मोहम्मद, काशिव हुसैन, तरसेम शर्मा, राम किशन शर्मा, महावीर शर्मा, सतीश शर्मा, आशीष शर्मा व अन्य गणमान्य लोगों का कहना है कि पुल अधूरा रहने से धुसाड़ा पंचायत, स्तोथर पंचायत, पलियां पंचायत, आबादी लोहार, आबादी तरखान, आबादी फकीरा और ऊपर धुसाड़ा सहित कई गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब कीचड़ व तेज बहाव के कारण वैकल्पिक कच्चे रास्तों से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है। ग्रामीणों को लंबे चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अति आवश्यक परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाए।

इस विषय पर विधायक बलबीर चौधरी ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में न तो कोई नई योजना शुरू हुई और न ही भाजपा कार्यकाल के अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा किया गया। पुल के अलावा जोल में तहसील कार्यालय, चौकीमन्यार में कॉलेज भवन, अंब में इनडोर स्टेडियम, तलमेहड़ा, मेडि और शतबड़ में आयुर्वेद भवन और चिंतपूर्णी हेलिपैड जैसे कई प्रोजेक्ट भी अधर में लटके हैं।

वहीं, इस प्रोजेक्ट से जुड़े ठेकेदार अरुण लठ ने बताया कि 1 करोड़ 30लाख का टेंडर हुआ था जिसमे लगभग 50 लाख का काम हो चुका है, लेकिन अभी तक पूरा भुगतान नहीं मिला है। निर्माण सामग्री लंबे समय तक साइट पर रखी रही, जिसे हमें अंततः वापस उठाना पड़ा। काम अब भी मेरे पास है, यदि सरकार भुगतान करती है तो बरसात के बाद हम कार्य को शीघ्र पूरा कर देंगे। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू का कहना है पुल का कार्य जल्द शुरू करवा कर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करके जनता को समर्पित कर देंगे।

## जिले में बढ़ते अपराधों पर भाजपा नेता बलराम ने दी जन आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू ने कहा कि ऊना जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। नेशनल हाईवे जैसी व्यस्त सड़क पर सरेआम गोलियों की आवाजें गूंजना, आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं, लूटपाट और गुंडागर्दी की घटनाओं ने लोगों के दिलों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।



बलराम बबलू ने कहा कि सुक्खू सरकार के अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिला ऊना अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन कुंभकर्णी नींद सो रहा है। बबलू ने आरोप लगाया कि पुलिस केवल चालान काटने और जुर्माने वसूलने तक सीमित रह गई है, जबकि असली अपराधियों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। आम जनता भय के साए में जी रही है, लेकिन प्रशासन को कोई चिंता नहीं, ऐसी स्थिति में जनता किससे न्याय की उम्मीद करे?

बलराम बबलू ने कहा कि भाजपा चुप नहीं बैठेगी। अगर प्रशासन ने जल्द ही कानून व्यवस्था को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए, तो भाजपा जिला स्तर पर जन आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी। हम जनता की आवाज़ को अनसुना नहीं होने देंगे। अपराध के खिलाफ हर मोर्चे पर संघर्ष होगा। जरूरत पड़ी तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव भी करेंगे। बलराम बबलू ने मांग की कि जिला में बढ़ती अपराधिक घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। साथ ही, पुलिस महकमे में निष्क्रिय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

## जल्द भरा जाएगा ताबो में जल शक्ति विभाग के जेई का पद : अनुराधा राणा


लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा जनता से समस्याएं पर चर्चा करती हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

स्पीति घाटी का चार दिन का दौरा करने के बाद सोमवार को लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा शिमला के लिए रवाना हो गई। शिमला जाते समय विधायक का ताबो में लोगों ने स्वागत किया और अपनी समस्याएं बताई। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की समस्या चल रही है और जेई का पद भी खाली चल रहा है। तुरंत संज्ञान लेते हुए विधायक ने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि सामुदायिक कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करें। ताबो गोंपा के आदरणीय लामागण भी पेयजल से संबंधित अपनी समस्याएं लेकर वहां पहुंचे। विधायक ने जेई की रिक्त पद को जल्द भर्ती करने का आश्वासन दिया और यहां पर सामुदायिक हैंडपंप और स्ट्रीट लाइट्स लगाने का भी आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि स्पीति बाढ़ प्रभावित क्षेत्र और जिले के परिवारों से मिलकर उनका दुख-दर्द बांटा, उन्हें प्रशासनिक और अपने स्तर पर हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्पीति का दौरा करने के बाद वह जिले के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने शिमला रवाना हुई हैं।

**विधायक स्पीति का दौरा कर अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने को रवाना हुईं शिमला**

# शिमला, धर्मशाला और कुल्लू में बनेगा वोल्वो सेल : अजय वर्मा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

कुल्लू। एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एचआरटीसी प्रबंधन के द्वारा अब शिमला के तारा देवी, धर्मशाला और कुल्लू में वोल्वो बस सेल बनाया जाएगा और यही से ही प्रदेश तथा बाहरी राज्यों के लिए वोल्वो बसों का संचालन किया जाएगा। यह बात सोमवार को जिला कुल्लू के मुख्यालय के साथ लगते बाशिंग में एचआरटीसी वर्कशॉप का निरीक्षण करने पहुंचे एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि इससे जहां पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। वहीं, वोल्वो बसों के रखरखाव के लिए भी एचआरटीसी प्रबंधन को दिक्कत का सामना नहीं करना होगा। शिमला के बाद सबसे अधिक वोल्वो बसों का संचालन कुल्लू से किया जा रहा है और यह एचआरटीसी के लिए भी एक अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी प्रबंधन भी कर्मचारियों की मांगों को लेकर लगातार काम कर रहे है और अब जल्द ही कर्मचारियों की वेतन विसंगति भी दूर की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंजाब की तर्ज पर ही वेतन नियमों को लागू करता है। ऐसे में पंजाब और हरियाणा में ट्रांसपोर्ट में कंडक्टरों को आउटसोर्स पर रखा जाने लगा और इसे नया वेतन मान ही नहीं हो पाया। ऐसे में अब एचआरटीसी के अधिकारी और कर्मचारी यूनियन के साथ मिलकर वार्ता की जा रही है और अब जल्द ही उनके वेतन में आ रही विसंगतियों को भी दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध वोल्वो बस संचालकों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।


एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा कुल्लू स्थित एचआरटीसी की वर्कशॉप का निरीक्षण करते हुए व उनके साथ आरएम कुल्लू।

### कर्मचारियों को हर माह पांच तक वेतन होगा जारी

**एचआरटीसी** की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (बीओडी) के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा एकदिवसीय कुल्लू दौरे पर रहे। उन्होंने सोमवार को सबसे पहले कुल्लू डिपो की बाशिंग में स्थित वर्कशॉप का निरीक्षण किया। इसके बाद निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। अजय वर्मा ने कहा कि निगम की सभी यूनियनों के साथ चर्चा की गई है। यूनियनों के मुख्य मुद्दों में पदोन्नति, एरियर, डीए, ओवर टाइम और रात्रि सेवा भत्ता है। हालांकि, इन उपरोक्त मांगों को 90 फीसदी तक पूरा कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि कर्मचारियों की देनदारियों का जल्द भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के कर्मचारियों को हर माह पांच तारीख तक वेतन जारी हो रहा है। पेंशन संबंधी थोड़ी दिक्कत आ रही है। इसके लिए भी प्रयास है कि समस्या का हल करते हुए हर माह पेंशनर्स को 15 तारीख तक पेंशन दी जाए।

## जगत सिंह नेगी विरोध की परंपरा के जनक : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके मंत्री जगत सिंह नेगी आपदा पीड़ितों की उपेक्षा और जनता के बढ़ते आक्रोश से घबराकर बौखलाहट में उलटे-सीधे बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंडी जिले के सराज में न तो प्रदेश सरकार ने अब तक आपदा प्रभावितों को कोई ठोस राहत दी है और न ही उनके पुनर्वास की कोई समुचित योजना लाई गई है। उन्होंने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा आने के एक महीने बाद जब राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी सराज दौरे में पहुंचे, तो स्थानीय लोगों ने उनसे बागवानी कॉलेज को लेकर सवाल पूछे। इस पर मंत्री का जवाब था कि यह मामला आपका नहीं, कैबिनेट का है। यह बयान साफ दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार जनता की पीड़ा के प्रति पूरी तरह संवेदनहीन है। प्रदेश सरकार की यह कार्यशैली लोकतंत्र की मर्यादाओं का खुला अपमान है। जनता को राहत देने की बजाय, कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने का प्रयास किया और सराज क्षेत्र के 65 से अधिक नागरिकों पर मुकदमे दर्ज कर दिए। कांग्रेस को यह स्मरण रखना चाहिए कि जब यही जगत सिंह नेगी विपक्ष में थे, तब उन्होंने विरोध की सारी सीमाएं पार कर दी थीं। वर्ष 2010-11 में जब प्रो. प्रेम कुमार धूमल मुख्यमंत्री थे, उस समय किन्नौर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगत सिंह नेगी के नेतृत्व में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन किया था। यही नहीं, भाजपा सरकार के दौरान आयोजित जनमंच कार्यक्रम को भी उन्होंने बाधित किया। उस समय की शहरी विकास मंत्री सरवीन चौधरी जब जनसमस्याएं सुनने आई थीं, तब उनका खुलेआम अपमान किया गया और मंच को अव्यवस्थित करने का प्रयास किया गया। वन निगम के उपाध्यक्ष सूरत नेगी पर हमला करने का प्रयास भी उसी दौरान हुआ था, जो मामला आज भी न्यायालय में लंबित है।

### डीसी तोरुल रवीश ने किया संयुक्त कार्यालय परिसर का निरीक्षण

## मूलभूत सुविधाओं के सुधार को लेकर दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी तोरुल एस रवीश ने सोमवार को कुल्लू स्थित संयुक्त कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाओं और आम जनता को मिलने वाली सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर के बाहर लोन एरिया में नए शौचालयों के निर्माण कार्य के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक समुचित और स्वच्छ शौचालय की सुविधा कार्यालय में आने वाले नागरिकों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। डीसी ने संयुक्त कार्यालय परिसर के प्रवेश द्वार कि रंगाई-पुताई और टाइल का कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परिसर को साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और रखरखाव पर विशेष बल दिया और यहां स्थापित शौचालयों कि भी मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में पार्किंग व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया जाए। इसके अलावा परिसर में डस्टबिन और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर भी ध्यान देने को कहा। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और प्रशासनिक कार्यालयों की स्थिति में सुधार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और तय समय-सीमा में कार्यों को पूरा किया जाए।


संयुक्त कार्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान डीसी अधिकारियों से बातचीत करती हुई।

## 31 को जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

लाहौल-स्पीति जिले के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका आ गया है। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति ने 31 जुलाई को कटराई में राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम के ट्रायल की घोषणा की है। यह ट्रायल लड़के और लड़कियों, दोनों के लिए आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चुनने के लिए किया जा रहा है, जो हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लाहौल-स्पीति का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 15 अगस्त से 17 अगस्त तक पांवटा साहिब में आयोजित होगी। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष संजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले की लड़कों और लड़कियों, दोनों की टीमें हिस्सा लेंगी। संघ के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे तक कटराई स्थित आयोजन स्थल पर पहुंचना अनिवार्य होगा। ट्रायल का आयोजन जिला बास्केटबॉल संघ के चेयरमैन मदन बौद्ध की देखरेख में किया जाएगा, जो खिलाड़ी इस ट्रायल में चुने जाएंगे, उन्हें न सिर्फ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें एक विशेष प्रशिक्षण शिविर में भी शामिल होने का मौका दिया जाएगा, ताकि वे प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।

**प्रतियोगिता 15 से 17 अगस्त तक पांवटा साहिब में होगी**

## श्रीखंड महादेव यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल करने की मांग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

आनी। आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक मामलों के मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की, जहां उन्होंने उत्तर भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शामिल आनी विधानसभा क्षेत्र की प्रसिद्ध श्रीखंड महादेव यात्रा को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने की मांग उठाई है। उन्होंने इस संबंध में मंत्री को एक औपचारिक पत्र लिखकर सौंपा है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया कि श्रीखंड महादेव यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए भी जाना जाता है। यहां 18570 फुट की ऊंचाई पर शिव भगवान की पिंडी है। इसके दर्शनों को हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस



कठिन यात्रा में भाग लेते हैं, लेकिन वित्तीय संसाधनों और केंद्रीय सहयोग के अभाव में, यात्रा मार्ग पर अभी भी कई आधारभूत सुविधाओं की कमी है। इससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल करने के लिए विधायक ने यात्रा मार्ग पर सिंहगाड़ से श्रीखंड महादेव तक खच्चर योग्य मार्ग का निर्माण करने, कुन्शा और पार्वती बाग क्षेत्रों में हेलिपैड की सुविधा का विकास करने, नयन सरोवर का पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण व संरक्षण करने, यात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्थित प्रत्येक बेस कैंप पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, आधुनिक शौचालयों का निर्माण एवं संपूर्ण मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने आदि सुझाव दिए। लोकेंद्र ने कहा कि अगर श्रीखंड महादेव यात्रा को प्रसाद योजना के अंतर्गत शामिल किया गया, तो इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का सांस्कृतिक उत्थान होगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इस दिशा में जल्द सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि इस ऐतिहासिक यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले और इसकी संरचना और सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### एक को उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे प्रशस्ति पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** केंद्र सरकार के एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत कुल्लू में आकांक्षा हाट का डीसी तोरुल एस रवीश ने शुभारंभ किया। यह हाट 2 अगस्त तक चलेगा। आकांक्षा हाट के अंतर्गत लगभग 21 विभागों की प्रदर्शनी तथा विभिन्न समूहों के द्वारा स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। डीसी ने कहा कि नीति आयोग के एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत कुल्लू जिले के निरमंड ब्लॉक एस्पिरेशनल ब्लॉक को प्रदेश भर में ब्रॉन्ज मेडल मिला है। उसी उपलब्धि को मानने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि इस उपलब्धि के लिए सभी के योगदान को सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि एक अगस्त को सम्मान समारोह के आयोजन में इस अभियान में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टर, अधिकारी, फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। 2 अगस्त को कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान एडीसी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 31 जुलाई को होगी जिला परिषद की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक पंकज परमार अध्यक्ष जिला परिषद की अध्यक्षता में 31 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सम्मेलन कक्ष में निर्धारित की गई है। इसमें गत बैठक की कारवाई की अभिपुष्टि, आय-व्यय पारित करने बारे तथा गत मुद्दों पर चर्चा होगी। यह जानकारी सचिव जिला परिषद कुल्लू ने दी।

### ढालपुर कॉलेज के भवन का कार्य जल्द हो पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के ढालपुर में कॉलेज के नए भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से लटका हुआ है। ऐसे में प्रदेश सरकार से आग्रह है कि वह जल्द इस भवन का कार्य पूरा करें, ताकि छात्रों को इस भवन में शिक्षा की सुविधा मिल सके। इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा ढालपुर में धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं, प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से मांग रखी गई कि छात्र संघ चुनावों को भी जल्द बहाल किया जाए। छात्रों को संबोधित करते हुए एबीवीपी इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि का भुगतान लोक निर्माण विभाग को किया गया है, लेकिन उसके बाद भी इसका काम पूरा नहीं हो पाया है, ऐसे में भवन निर्माण न होने से छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 13 ब्राह्मणों ने रुद्राभिषेक जाप में निभाई आचार्य की भूमिका

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के साथ लगते शुरु गांव के थान देवता मंदिर में तीन दिवसीय रुद्राभिषेक जाप विधिवत रूप से संपन्न हो गया। इस धार्मिक अनुष्ठान रुद्राभिषेक जाप में शुरु से शरवरी माता, प्राणी से फाई नाग व जमदग्नि ऋषि, अलेउ से सृष्टि नारायण, जगतसुख से माता संध्या गायत्री व धौम्य ऋषि, भनारा से तक्षक, खखनाल से माता पार्वती व कार्तिक स्वामी तथा गोशाल से कंचन नाग देवता ने भाग लिया। थान देवता के गूर जगत नाथ ने बताया कि रुद्राभिषेक जाप विधिवत रूप से संपन्न हो गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के समक्ष हाजिरी लगाई और माथा टेक कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चले इस रुद्राभिषेक जाप में 13 ब्राह्मणों ने भाग लिया। घाटी के लोगों ने धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दूसरी ओर सियाली महादेव मंदिर में भी रुद्री पाठ चल रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में भी आधा दर्जन देवी-देवता भाग ले रहे हैं। कारदार जय चंद ने बताया कि 30 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि भंडारे में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### श्याम दीवाना शर्मा के निधन से शोक

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** निरमंड के रहने वाले श्याम दिवाना शर्मा का ऐतिहासिक नगरी छोटी काशी निरमंड में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही लोगों में शोक की लहर छा गई। उल्लेखनीय है कि श्याम दीवाना शर्मा निरमंड क्षेत्र के जाने-माने इतिहासकार थे। साहित्य के प्रति उनका विशेष लगाव था। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। 27 जुलाई को उन्होंने अंतिम सांस ली और उनका अंतिम संस्कार सतलुज नदी के संगम पर दरोपा में किया गया। इसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। श्याम दीवाना शर्मा अंबिका मंदिर कमेटी के कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य भी थे।

## राग, ताल व वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी से गूंजा कटराई

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

पतलीकूहल। हडिंबा शास्त्रीय संगीत केंद्र, मनाली और उसकी पतलीकूहल शाखा के संगीत विद्यार्थियों ने होटल शुभम कटराई के सभागार में अपना 28वां वार्षिक उत्सव मनाया। इस समारोह में युवा कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत को एक नई दिशा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि यातिंद्र कपूर, कार्यक्रम के अध्यक्ष शिव कुमार सूर्या और स्वर्गीय श्याम लाल ठाकुर के पुत्र जितेंद्र ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती का आह्वान किया। इसके बाद, केंद्र के शिष्यों ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। नन्हें कलाकारों ने अपनी गणेश स्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद विभिन्न रागों का प्रदर्शन शुरू हुआ। इस अवसर पर युवा कलाकारों ने कई मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। राग


हडिंबा शास्त्रीय संगीत केंद्र के वार्षिक उत्सव पर मुख्यातिथि के अभिनंदन के लिए खड़े बच्चे।

यमन-आशवी, तवीक्षा, शुभांगी और प्रभलीन ने प्रस्तुत किया। राग खमाज-विहाना, अमायरा, श्रीजा, उर्वांश और अद्विक ने प्रस्तुत किया। तबला वादन-मदिल और अंशुमन ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। राग आसावरी-शुभ, रोनिन और तकक्षील ने अपनी प्रस्तुति दी। राग भैरवी-ऋषभ कपूर ने वायलिन, भुवनेश ने बांसुरी और तेजस्विनी ने सितार पर अपनी प्रस्तुति दी। राग जौनपुरी-आदित्री ने प्रस्तुत किया। राग वृंदावनी सारंग-तेजस्विनी, देवयानी और मैरी ने प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, तेजस्विनी ने सितार पर अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जबकि ऋषभ ने वायलिन और भुवनेश ने बांसुरी पर संगत की। देवयानी, रोहित, पवन, अरनव, अंशुमन, पवन, शुभ और छेरीग ने हारमोनियम और विहाना, श्रीजा, अमायरा ने जाइलोफोन पर राग मालकौंस की धुन सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन भुवनेश, छेरीग, रोहित, पवन और अंशुमन द्वारा प्रस्तुत राग भीमपलासी से हुआ।

## कांग्रेस सरकार कर रही तानाशाही मंडी जिले से हो रहा भेदभाव : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी के बिगड़े बोल पर उनके खिलाफ सिराज में हुए प्रदर्शन पर स्थानीय लोगों पर हुई एफआईआर पर कुल्लू भाजपा ने कड़ा संज्ञान लेते हुए इस कार्रवाई को असंवेदनशील करार दिया है। कुल्लू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि जगत सिंह नेगी हमेशा ही अपने बिगड़े बोलों से जनता को आहत करते रहते हैं। उनकी इसी अभद्र भाषा शैली ने सिराज में उनके खिलाफ प्रदर्शन को हवा दी। उन्होंने कहा कि सरकार के हर गलत निर्णय पर जनता को विरोध का अधिकार है, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार तानाशाही पूर्ण तरीके से कार्य कर रही है और लगातार मंडी जिले के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग सरकार से प्रश्न करते हुए कहा कि जब वे स्थानीय जनता को अपना अधिकार मांगने का हक भी नहीं है, अगर कोई अपना अधिकार मांगता है तो क्या सरकार उस प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर केस दर्ज करेगी, अगर एक कॉलेज को कुछ नुकसान हो गया तो उसकी मरम्मत करने के बजाय उसको कहीं और शिफ्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भारी बारिश से हुए, जानमाल के



नुकसान के दर्द को जनता के साथ साझा करना तो दूर सरकार इस आपदा में स्थानीय जनता को प्रताड़ित करने में लगी हुई है और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब से आपदा आई है, तब से मंडी जिले के सभी क्षेत्रों के साथ भेदभाव हो रहा है और शायद यह इस कारण से हो रहा है क्योंकि यहां से हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आते हैं, अगर यह क्षेत्र किसी कांग्रेस के नेता का होता, तो शायद सरकार का रुख कुछ और होता।

## 9वीं और 11वीं के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रभारी प्राचार्य प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए जिला कुल्लू के सभी अभिभावकों को सूचित किया है कि जिनके बच्चे कक्षा (8वीं व 10वीं) में पढ़ रहे हैं वे अभिभावक जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, जिला कुल्लू में कक्षा (9 एवं 11) में रिक्त सीटों के लिए अपने बच्चों का ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। नवोदय विद्यालय परीक्षा 7 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। कक्षा नवमीं में आवेदन के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01.05.2011 से 31.07.2013 तक होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय कुल्लू के कार्यालय के फोन नं. 9418538510 पर संपर्क कर सकते हैं। फार्म भरने व अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की मुख्य वेबसाइट s://cbseitms.nic.in/w ®wz/nvsi& और https://cbseitms.nic.in/w®wz/nvs &i उपलब्ध है।

**परेशानी** | सुरेंद्र शौरी ने किया निरीक्षण, सरकार और विभागीय उदासीनता पर जताई चिंता

# बंजार बाइपास पर भूस्खलन से 12 मकानों को खतरा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार क्षेत्र में निर्बाध यातायात और स्थानीय आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बंजार बाईपास सड़क मार्ग पर हालिया भारी बारिश के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। इन घटनाओं ने न केवल यातायात को बाधित किया है, बल्कि सड़क किनारे बसे भूमार गांव के 12 मकानों को ढहने के गंभीर खतरे में डाल दिया है। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने स्वयं प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया व प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने इस पूरी स्थिति को अत्यंत गंभीर और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया। विधायक ने बताया कि वर्ष 2023 की बरसात में भी इसी मार्ग पर व्यापक भूस्खलन हुआ था और तभी से स्थानीय मकान खतरे की जद में आ गए थे। इसके बावजूद दो वर्षों में न तो लोक निर्माण विभाग ने कोई सुरक्षात्मक उपाय किए और न ही सरकार ने स्थायी समाधान की दिशा में कोई पहल की। विधायक शौरी ने मौके से जारी वीडियो संदेश में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की असंवेदनशीलता पर तीखी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतनी गंभीर आपदा की स्थिति में भी किसी प्रशासनिक अधिकारी ने स्थिति का जायजा नहीं लिया है और न ही राहत की कोई बात की है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग सुरक्षा दीवार निर्माण जैसे त्वरित और आवश्यक कदम उठाने से पीछे हट रहा है और बजट की कमी का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष खुलकर रोष प्रकट करते हुए कहा कि वे वर्ष 2023 से ही विभाग से सुरक्षा दीवार व भूस्खलन रोधी उपायों की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन विभागीय उदासीनता ने आज उन्हें इस भयावह स्थिति में ला खड़ा किया है। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि विभाग ने जल्द प्रभाव से सुरक्षात्मक कार्य आरंभ नहीं किए, तो वे विभाग और सरकार का घेराव करेंगे। विधायक शौरी ने मौके से ही दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों से बात कर निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र में राहत, बचाव व पुनः स्थापन की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि बाइपास सड़क मार्ग की बहाली और वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा अब और देर नहीं सह सकती। विधायक ने स्पष्ट कहा कि बंजार बाइपास सड़क पर व्यापक भूस्खलन हुआ है और सरकार की निष्क्रियता को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इस सड़क मार्ग की बहाली अब वर्षों तक लटक सकती है। उन्होंने मांग की कि सरकार के प्रतिनिधि विशेष आपदा राहत पैकेज के अंतर्गत इस सड़क के पुनरुत्थान के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश सरकार के समक्ष रखें, ताकि प्रभावित आबादी को जल्द राहत मिल सके। विधायक ने सभी प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस मामले की निगरानी करेंगे और जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक हर स्तर पर संघर्ष करते रहेंगे।


बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए।

## स्टूडेंट्स ने सीखा आत्मिक शांति सकारात्मक जीवन जीने का मंत्र


बंजार कॉलेज में विशेष सहज राजयोग प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थानीय केंद्र बंजार द्वारा 21 से 27 जुलाई, तक आयोजित सात दिवसीय विशेष सहज राजयोग प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को औपचारिक रूप से किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन 10-12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर में प्रशिक्षिका के रूप में राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी निमू बहिन, ब्रह्मा कुमारी पुष्प लता बहिन तथा ब्रह्मा कुमारी पूर्णा बहिन ने सक्रिय रूप से शिविर का संचालन किया। इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन मुख्य रूप से नशे के दुष्प्रभावों पर युवा जागरूकता, सर्वगुण संपन्न विद्यार्थी जीवन तथा मानव जीवन में आध्यात्मिकता के महत्व विषयों पर केंद्रित रहा। समापन अवसर पर कॉलेज के संगीत विभाग के सहायक आचार्य अंशुल शर्मा तथा उनके विद्यार्थियों अपनी सांगीतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों पर एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राजेश ने इस विशेष शिविर को कॉलेज बंजार के लिए एतिहासिक महत्व का आयोजन बताया। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी निमू बहिन द्वारा सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

# पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से गहराया पेयजल संकट

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। जिला शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से सोलन की प्यास बुझाने वाली अश्वनी और गिरि नदी में एक बार फिर से भारी मात्रा में सिल्ट की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे अश्विनी पेयजल योजना से सोलन शहर के लिए मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है।

सूरतेहाल ये हैं कि नगर निगम के पेयजल टैंकों में अब आपात स्थिति लायक की पानी बचा है। ऐसे में नगर निगम को शहर की प्यास बुझना चुनौती बन गया है। जानकारी के मुताबिक टैंक रोड के तीन टैंकों में 5 लाख गैलन पानी बचा है, जबकि इसकी स्टोरेज क्षमता करीब 18 लाख गैलन है। नगर निगम को रोज 18 लाख गैलन पानी की जरूरत रहती है, जबकि इन दिनों पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से जल शक्ति विभाग से मांग से आधा पानी भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में शहर में रोटेशन के आधार पर तीन से चार दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कुछ दिन पहले तो लोगों को सप्ताह में एक बार ही पेयजल की आपूर्ति मिल रही थी। इससे स्थानीय लोगों को खासी दिक्कत पेश आ रही है। नगर निगम के मुताबिक सोमवार को अश्विनी पेयजल योजना से 2.15 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) और गिरि योजना से 3.58 एमएलडी पानी ही प्राप्त हुआ। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में सोलन की आबादी में भारी वृद्धि हुई है, जिससे पानी की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। बावजूद इसके, अब भी जल आपूर्ति की जिम्मेदारी अश्विनी और गिरि की पुरानी योजनाओं पर ही टिकी हुई है। इससे मौजूदा जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है। पहले जहां पेयजल संकट केवल गर्मियों में देखने को मिलता था, अब बारिश के मौसम में भी यह परेशानी सामने आ रही है। नगर निगम ने सोमवार को न्यू कथेड़ और न्यू चंबाघाट क्षेत्र में जल आपूर्ति की। वहीं, क्लब टैंक से डालडा कॉलोनी, शिल्ली रोड, खन्ना साइड, सन्नी साइड, सर्कुलर रोड, सरदार मोहल्ला और ओल्ड धोबी घाट में भी पानी की आपूर्ति की गई। इससे स्थानीय लोगों को कुछ हद तक राहत मिली।



जिला शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से गिरि नदी में आई सिल्ट।

> नगर निगम की आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि गिरि नदी में बारिश के कारण सिल्ट आने से गिरि पेयजल योजना से नगर निगम को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा। ऐसे में रोस्टर के मुताबिक पेयजल की आपूर्ति जारी रही है। सिल्ट की समस्या हल होते ही पेयजल की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

## करना पड़ सकता है इंतजार

पानी की कमी को देखते हुए रोटेशन वाले क्षेत्रों में पेयजल के लिए एक और दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। मुख्य पेयजल योजनाओं में बारिश के कारण सिल्ट आने से शहर वासियों को चार से पांच दिन का सदुपयोग करना पड़ेगा। शहर के वार्ड-4 के चंबाघाट, फोरेस्ट कॉलोनी, मोहन पार्क, अल्पाइन अपार्टमेंट, कपूर नर्सिंग होम, बेर खास, मोहन कॉलोनी और ब्रुरी में लोगों को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है। इसी तरह वार्ड-1 के देउंघाट, वार्ड-16 के रबोन, आंजी सहित वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी और वार्ड-13 के क्लीन में लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। दरअसल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। शहर के क्लब टैंक, लोअर बाजार, लक्कड बाजार, हरी मंदिर, ठोडो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सनी साइड, डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साइंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी में तीन से चार दिन बाद ही पेयजल की सप्लाई की जा रही है।

## विभागों में तालमेल की कमी

शहर में पेयजल किल्लत का कारण विभागीय तालमेल की कमी भी मुख्य कारण है। एक तरफ जल शक्ति विभाग शहर की आबादी के मुताबिक रोज मांगा अनुसार पानी देने का दावा करता है। वहीं, नगर निगम दशकों से मांग के मुताबिक पानी न मिलने का रोना रोती आ रही है। इसी के चलते शहर में रोटेशन प्रणाली के आधार पर पेयजल वितरण किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग ने अपने स्तर पर शहर में सर्वे करवाया है। इसमें पेयजल पाइप लाइनों में रोज 30 फीसदी पानी बर्बाद होने की बात कही गई है। इस विभागीय खिंचतान का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। लीकेज की समस्या को आज न तो जल शक्ति विभाग न ही नगर निगम हल कर पाई है।

# सरकार आरोपियों को दे रही संरक्षण: कश्यप

अनंत ज्ञान, राजगढ़। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के आरोपियों को बचाने और पुरस्कृत करने में लगी है। ऊर्जा निगम के महाप्रबंधक विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले में सरकार ने आरोपी अधिकारियों को न केवल संरक्षण दिया, बल्कि उन्हें फिर से अहम पदों पर तैनात भी कर दिया। यह आरोप पच्छाद विधायक रीना कश्यप ने जारी बयान में प्रदेश सरकार पर लगाया। रीना कश्यप ने आरोप लगाया कि इस मामले में न्याय की मांग करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जो अधिकारी मुख्यमंत्री के निर्देशों से सहमत नहीं थे, चाहे वे वरिष्ठ आईएएस या आईपीएस हों, उन्हें पद से हटाया गया या अन्य रूप में दंडित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विमल नेगी की पत्नी को न्याय दिलाने का वादा किया था, लेकिन अब आरोपियों को पुरस्कृत कर रहे है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली को असंवेदनशील और पक्षपातपूर्ण करार दिया और कहा कि इन गंभीर आरोपों की अभी तक कोई निष्पक्ष जांच नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है और कांग्रेस को फिर से सत्ता हासिल करने में कई दशक लग जाएंगे।

# पंचायतों को अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



कंडाघाट में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में मौजूद पंचायत प्रधान, उपप्रधान व अन्य।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

कंडाघाट। कंडाघाट उपमंडल के पंचायतीराज संस्थाओं के पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों बीडीसी और जिला परिषद सदस्यों और पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को कंडाघाट कॉलेज के सभागार में आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता बीडीओ राजेश ठाकुर ने की और समापन सत्र में एसडीएम गोपाल चंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसमें सांसद और विधायक क्षेत्रीय विकास निधि, जिला परिषद, पंचायत समिति, 15वां वित्त आयोग, राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा, मनरेगा सहित पंचायतों की स्वीकृत योजनाओं के निर्माण की प्रगति पर चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि धन राशि मौजूद होने के बावजूद पंचायतों ने कई कार्य शुरू नहीं किए, कई आधे अधूरे हैं। अधूरे कामों को पंचायतें जल्द पूरा करें, जो कार्य शुरू नहीं हुए उसे शुरू करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण करने पर उपयोगिता प्रमाण पत्र जनक कार्यालयों को भेजें। जिला परिषद सदस्य लीला ने आपत्ति जताई की एक ही पंचायत में जिला परिषद से लाखों रुपए की राशि खर्च नहीं हुई। एसडीएम कंडाघाट ने वन अधिकार अधिनियम की जानकारी दी। इसमें उन्होंने वन अधिकार समितियों उनकी कार्यप्रणाली और पंचायतों में इसकी भूमिका बारे बताया। उन्होंने पंचायतों से इसमें अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर में 34 मुख्य शिक्षकों को मिली पदोन्नति

अनंत ज्ञान, नाहन। प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने जिला सिरमौर के 34 मुख्य शिक्षकों को पदोन्नति देते हुए केंद्रीय मुख्य शिक्षक पद पर तैनात किया है। एलिमेंटरी शिक्षा निदेशालय ने इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। जिले के शिक्षा उपनिदेशक राजीव ठाकुर ने बताया कि पदोन्नत शिक्षकों में विद्या देवी, नजीर मोहम्मद, बाबु राम, नीता राम, बाबू राम, राजेंद्र सिंह, भानु प्रकाश, नरवीर सिंह, सत्य प्रकाश, कादंबरी, सोमनाथ, बाल कृष्ण, नीता राम, नरेश चंद, जीत सिंह, मथुरा कुमारी, अनिल कुमारी, शकुंतला भारद्वाज, रक्षा शर्मा, आरती चौहान, नेहा कुमारी, सोनिया गर्ग, अनुराधा मोहिल व ऋषि प्रकाश शामिल हैं।

### महिला के कब्जे से कच्ची शराब बरामद, केस दर्ज

अनंत ज्ञान, नाहन। पुलिस थाना पुरुवाला की टीम नेशनल हाईवे-707 पर यातायात चैकिंग में तैनात थी, तभी सफेद-नीले रंग का कैरी बैग लिए एक महिला पुलिस को देखकर घबरा गई और बैग नीचे गिरा दिया। तलाशी में बैग से 6 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। महिला की पहचान रूपा देवी के रूप में हुई है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर के नाहन-जमटा मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में संगड़ाह निवासी 54 वर्षीय रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। वह बाइक पर सवार होकर नाहन की ओर जा रहे थे, जब जमटा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमेश सड़क पर गिर पड़े और उनका एक पैर बुरी तरह कुचल गया। हादसे के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल रमेश को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमटा मोड़ काफी संकरा है और यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर योगेश रौल्टा ने जानकारी दी कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। मामले की आगामी जांच जारी है।

### नवीन अनुसंधान तकनीकों से करवाया परिचय

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन के बीएससी द्वितीय व अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने शूलिनी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उन्नत प्रयोगशालाओं व अनुसंधान केंद्रों से परिचित करवाना था। विद्यार्थियों ने इस दौरान शूलिनी विवि के एडवांस्ड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, फिजिक्स लैब, एनर्जी लैब, केमिस्ट्री लैब, सर्वे लैब, ऑटोमोबाइल लैब, मैटलर्जी लैब, इनक्यूबेशन सेंटर, हर्बल गार्डन, प्लांट कंजर्वेटरी सेंटर तथा योगानंदा लाइब्रेरी का अवलोकन किया। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों, मटीरियल साइंस प्रयोगशालाओं तथा हाल के अनुसंधान क्षेत्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस विश्वविद्यालय भ्रमण का आयोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के अंतर्गत, केमिस्ट्री क्लब, रसायन विज्ञान विभाग, भौतिक विज्ञान, प्राणीशास्त्र, वनस्पति विज्ञान व गणित विभागों के विद्यार्थियों के लिए किया गया।

### नरेश बने ग्राहक पंचायत राजगढ़ के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, राजगढ़। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला सिरमौर के अंतर्गत राजगढ़ खंड की इकाई का गठन करते हुए वर्ष 2025-28 ( तीन वर्षों ) के लिए क्षेत्र के समाजसेवी, जागरूक एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं ने नरेश शर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया तथा नील कमल को सचिव का दायित्व सौंपा गया। जल्द ही अध्यक्ष एवं सचिव अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि 1 से 31 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और ग्राहक पंचायत की एक सशक्त टोली तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में ग्राहकों को शिक्षित, जागरूक व संगठित करने के लिए ग्राहक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि ग्राहकों का किसी भी प्रकार से शोषण न होने पाए। सचिव नील कमल ने कहा कि संपूर्ण क्षेत्र को नशामुक्त करने तथा युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। ग्राहक पंचायत की राजगढ़ इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव पद की घोषणा प्रांत अध्यक्ष अनिल वर्मा व ग्राहक पंचायत के प्रदेश रोजगार सृजन आयाम प्रमुख सुरेश शर्मा ने की।

### डॉ. पूजा ने बच्चों को सशक्त नेतृत्व का पाठ पढ़ाया

अनंत ज्ञान, सोलन। सामुदायिक सहभागिता और मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, शूलिनी विवि ने सोलन के दामकड़ी गांव में सेंट ल्यूक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित एक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगदान दिया। केंद्र की निदेशक सिस्टर मलाया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों में नेतृत्व के गुण विकसित करना और उन्हें भविष्य के जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना था। डॉ. पूजा वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर प्रबंधन और सहायक निदेशक, शूलिनी ऑनलाइन व दूरस्थ शिक्षा, शूलिनी विश्वविद्यालय, इस प्रेरक पहल की मुख्या वक्ता थी। शिक्षा और नेतृत्व प्रशिक्षण में अपने व्यापक अनुभव के साथ, डॉ. वर्मा ने एक संवादात्मक और आकर्षक सत्र का नेतृत्व किया। इसमें समूह चर्चा, अनुभवात्मक शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियां शामिल थीं। इन माध्यमों के माध्यम से, उन्होंने प्रभावी नेतृत्व के आवश्यक गुणों-ईमानदारी, जिम्मेदारी, निष्पक्षता और सामूहिक निर्णय लेने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### हेपेटाइटिस के प्रकार, लक्षण व बचाव के उपाय बताए

अनंत ज्ञान, अर्की। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल अर्की में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता रस्तोगी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम हेपेटाइटिस इंतजार नहीं कर सकता को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समय पर जांच, उपचार व टीकाकरण के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर एचआईवी काउंसलिंग व टेस्टिंग सेवाओं से डॉ. विजय कुमार शांडिल द्वारा हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने हेपेटाइटिस के लक्षण, कारण, परीक्षण की सुविधा और उपचार के उपायों पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित जनसमूह को इस रोग से बचाव के लिए जागरूक किया। विशेष रूप से डॉ. विजय कुमार शांडिल द्वारा आशा वर्कर्स को हेपेटाइटिस क्या है और यह कैसे फैलता है। इसके कितने प्रकार हैं। इसके लक्षण, बचाव, टीकाकरण, समुदाय में जागरूकता फैलाने की भूमिका व समय पर जांच और इलाज की आवश्यकता बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर भूषण वर्मा और डॉ. दूनी चंद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन की सभ्य रीफॉरेस्टर्स संस्था ने अपना दसवां वार्षिक पौधरोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक समलेच स्थित चिन्हित स्थान पर आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधों और फूलों की झाड़ियों को रोप कर स्थान के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण को बचाने के प्रयास में सहयोग दिया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल वन विभाग और कुछ उच्च अधिकारियों ने संस्था को उचित निर्देशन में सहायक दिशा-निर्देश दिए। संस्था के प्रधान एडवोकेट अजय शर्मा ने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए पर्यावरण को बचाने और प्रकृति के रख-रखाव का संदेश देते हुए कहा कि यदि हम लोग मिलजुल कर प्रकृति को संरक्षण दें और प्लास्टिक के उत्पादों को निष्ठावान होकर प्रयोग करें।

# प्रदेश सरकार कर रही हिटलर की तरह काम : मेलाराम शर्मा

अनंत ज्ञान, राजगढ़

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश सरकार पर हिटलर की तरह काम करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सिराज विधानसभा क्षेत्र में इस सदी की सबसे बड़ी त्रासदी हुई और प्रदेश की सुक्खू सरकार लोगों को राहत पहुंचाने की बजाय वहां के लोगों पर झूठी एफआईआर दर्ज करने के हिटलरी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बादल फटने की त्रासदी से प्रभावित लोग सरकार से फौरी राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन सरकार के इशारे पर वहां की पुलिस राहत कार्यों में हाथ बंटाने की बजाय प्रभावित लोगों पर एफआईआर दर्ज करके उन्हें प्रताड़ित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा संकट की घड़ी में जहां एक और पूरा प्रदेश राज्य के कोने-कोने से राहत सामग्री और धनराशि भेज कर वहां के लोगों का दुख-दर्द बांटने का काम कर रहे हैं।



वहीं, यह हिटलरी सरकार बाढ़ प्रभावितों और पीड़ित लोगों पर झूठे मुकदमे दायर करवाकर उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। जिला प्रवक्ता ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश भर के 171 भाजपा मंडलों के माध्यम से सिराज के पीड़ित लोगों के लिए राहत सामग्री और धनराशि एकत्रित करके उनका दुख-दर्द बांटने का काम कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ सुक्खू सरकार के बेलगाम मंत्री जगत सिंह नेगी उल्टा जयराम ठाकुर से ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उपलब्ध राहत राशि का हिसाब मांग रहे हैं।

# बैडमिंटन में अक्षिव और ताश्वी का दबदबा

अनंत ज्ञान, सोलन



सोलन जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में विजेता रहे खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

सोलन जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले कुमारहट्टी स्थित राजा वीरभद्र सिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए। सोलन जिला बैडमिंटन संघ के सचिव यादविंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में कई गणमान्य हस्तियां खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने स्टेडियम पहुंची।

मिक्स डबल्स में अक्षिव दत्ता व ताश्वी गुप्ता की जोड़ी ने तनवीर, सिंधुजा की जोड़ी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुषों के डबल्स मुकाबले में अक्षिव दत्ता व तनवीर की जोड़ी ने कार्तिक धीमान व मृणाक शर्मा को पराजित कर ट्रॉफी जीती। महिला वर्ग के एकल फाइनल में ताश्वी गुप्ता ने शांति को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुषों के फाइनल में अक्षित दत्ता ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अक्षत खन्ना को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 गर्ल्स डबल्स में अनामिका व यशिमन की जोड़ी ने आराध्या शर्मा व दिव्यंका को पराजित कर ट्रॉफी जीती। ब्वॉयज अंडर-19 डबल के फाइनल में दक्ष व मोहित की जोड़ी ने रूसान मेहतानी भूषण की जोड़ी ने तेजस सिंह पर जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। मिक्स डबल अंदर-19 में वरुण रघुवंशी व ताशश्वी गुप्ता की जोड़ी ने देवन देशवाल व आयती शर्मा को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 गर्ल्स सिंगल में ताश्वी गुप्ता ने यासमीन को पराजित कर एकल खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 ब्वॉयज में वरुण रघुवंशी ने जतिन को पराजित कर ट्रॉफी जीती। अंडर-17 गर्ल्स डबल्स में सृष्टि ठाकुर व ताश्वी गुप्ता की जोड़ी ने मान्या व नव्या को हराकर कर फाइनल मुकाबला जीता। अंडर-17 बॉयज डबल्स मुकाबले में जशनदीप सिंह व जतिन की जोड़ी ने हिमांक तंवर व लक्ष्य शांडिल को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। मिक्स्ड डबल्स अंदर-17 में वारिस धालीवाल व जिज्ञासा की जोड़ी ने अयान विज व आश्वी को हराकर कर ट्रॉफी जीती। गर्ल्स अंडर-17 सिंगल में ताश्वी गुप्ता ने नव्या को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर17 ब्वॉयज एकल वर्ग में जतिन ने तेजस सिंह पर जीत दर्ज की।

# अर्की कॉलेज में एमए हिंदी व राजनीति विज्ञान की कक्षाएं इसी सत्र से होंगी शुरू: अवस्थी

अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय महाविद्यालय अर्की में आयोजित वार्षिक समारोह सत्र 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी रहे। सम्मानित किए गए विद्यार्थियों में अकादमिक, क्रीडा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी रहे। कॉलेज प्राचार्या सुनीता शर्मा ने सत्र 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन मुख्यातिथि के सम्मुख प्रस्तुत किया तथा वर्ष भर में विद्यार्थियों द्वारा अकादमिक, क्रीडा तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त प्राचार्या ने कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा अकादमिक स्तर पर किए गए बेहतर प्रदर्शन से भी मुख्यातिथि को परिचित करवाया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने डॉक्टर अब्दुल कलाम के विचार को साझा करते हुए कहा कि असफल होने के बाद व्यक्ति को पुन: प्रयास करना चाहिए सफलता अवश्य मिलती है। प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने के लिए रोड मैप बनाना चाहिए यह निर्धारित करना चाहिए कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। इससे वे नशे के चंगुल में न फंसे।



उन्होंने कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक के पीछे रिटेनिंग वॉल बनाने के लिए पूर्ण धनराशि जारी करने का आश्वासन दिया तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि वे जल्द इसका एस्टीमेट तैयार करें। अवस्थी ने अर्की तहसील में तीन डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के लिए जमीन व स्थान निर्धारित कर लिए गए हैं। जल्द ही ये स्कूल कुनिहार, अर्की तथा दाड़लाघाट में स्थापित हो जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से प्रसन्न होकर मुख्यातिथि ने 21000 देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसी सत्र से कॉलेज में एमए हिंदी तथा एमए राजनीति विज्ञान की कक्षाएं आरंभ हो जाएंगी। यह जानकारी डॉ. राजन तनवर एसोसिएट प्रोफेसर एवं मीडिया प्रभारी ने दी।

# गिरिपार के ग्राम जास्वी में 92 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला आयुष विभाग द्वारा डॉ. इंदु शर्मा के नेतृत्व में आयुष ब्लॉक सूरजपुर के अंतर्गत गिरिपार क्षेत्र के ग्राम जास्वी में मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर के माध्यम से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

ये शिविर उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसप्रीत कौर के दिशा-निर्देशों में व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. रविश वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवजोत कौर ने कहा कि ग्राम जास्वी, राजकीय उच्च पाठशाला जास्वी तथा इसके आसपास के लगते क्षेत्र के लोगों एवं स्कूली बच्चों ने कैंप में भाग लिया। इसमें 92 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। व्यस्कों एवं बुजुर्गों के मधुमेह, उच्चरक्तचाप की जांच के साथ दैनिक जीवन की सामान्य बीमारियां जैसे ज्वर, जुकाम, खांसी, कमर दर्द, पाचन रोग, मूत्र रोग, नाड़ी रोग, श्वास रोग, आंख, नाक, कान, गले के रोग आमवात, पथरी, बवासीर, त्वचा तथा स्त्री रोग सहित कई बीमारियों की जांच करके लोगों को मुफ्त दवाइयां प्रदान की गई। डॉ. नवजोत ने कहा कि आयुष विभाग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए हमेशा तत्पर है तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के उद्देश्य से ही यह मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि सुदूर इलाकों में लोगों को आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि इलाज के साथ-साथ वह लोगों को बेहतर खान-पान, व्यायाम एवं योग को अपने जीवन में अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

# म्याना गांव में रोपी हरियाली

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। नवजीवन युवा संगठन म्याना-घ्याना के सौजन्य से ग्राम पंचायत धुंदन के म्याना गांव में सड़क किनारे और श्मशान घाट के आसपास पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान बांस, बेहड़ा, गुलमोहर, आंवला, जामुन और शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के 150 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सबसे वरिष्ठ नागरिक देवी दत्त शर्मा ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। संगठन के प्रधान योगेंद्र गौतम ने बताया कि नवजीवन युवा संगठन कई वर्षों से ऐसे पर्यावरणीय कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने बीओ अशोक कुमार का पौधे उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया। इस मौके पर नरेश कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, राजीव गौतम, विनीत गौतम, सुरेश गौतम, राजेश गौतम, सुशील गौतम और पवन गौतम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**परेशानी** आजीविका पर असर: बरसात में दूध बर्बाद, ग्रामीणों को हो रहा आर्थिक नुकसान

# डाडूवाला का बरसात में कटा रहता है दुनिया से संपर्क

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

नाहन। नाहन विधानसभा क्षेत्र के विक्रम बाग के तहत आने वाला डाडूवाला गांव काले पानी से कम नहीं है। हैरत है कि ग्रामीण बरसात में उफनती मारकंडा नदी को जान जोखिम में डाल कर पार कर रहे हैं। बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों को पीठ पर लाद कर नदी पार करनी पड़ रही है। मानसून के दौरान मारकंडा नदी का जलस्तर बढ़ जाता है और जंगल का कच्चा रास्ता कीचड़ व जलभराव से बंद हो जाता है। ऐसे में गांव का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह टूट जाता है।

आपातकालीन सेवाएं ठप हो जाती हैं। हर वर्ष बारिश से पहले ग्रामीणों को राशन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामान पहले से स्टोर करने पड़ते हैं क्योंकि बारिश के दौरान गांव से बाहर निकलना लगभग असंभव हो जाता है। उधर, ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के विधायक के यहां फुट ब्रिज बनाने के लिए 28 लाख के एस्टीमेट बारे निर्देश लटके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के बाद वोट बटोर



नाहन विधानसभा क्षेत्र के विक्रम बाग के तहत आने वाले डाडूवाला गांव में नदी पार करते ग्रामीण।

सत्ता सुख भोगने वाले नेताओं ने डाडूवाला गांव को विकास के उजाले से दूर रखा है। आलम यह है कि डाडूवाला गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी से जूझ रहा है।

गांव में नदी पर पुल और पक्की सड़क जैसी आवश्यक सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजाना अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सियासी नेता वोट झटकने के लिए विकास के दावे करते आए हैं, मूलभूत सुविधाएं देने के आश्वासन दे वापस नहीं लौटते। ग्रामीण उषा ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर, रणवीर ठाकुर, महावीर ठाकुर, करणवीर ठाकुर, शशवत ठाकुर, रेखा ठाकुर, लियाकत अली, कसम अली, रमजान, नजर, शेर अली, यासीन, आलम अली, सुलैमान, जेतून, जिया, फजली बानो, हिमांशु ठाकुर, राहुल ठाकुर समेत अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से इन बुनियादी समस्या को उठाते आ रहे हैं। सियासी नेताओं, सरकार व जिला प्रशासन ने आज तक को हल नहीं निकाला। डाडूवाला से बाहर आने-जाने के केवल तीन रास्ते हैं। दो रास्ते मारकंडा नदी के किनारे से और एक जंगल के कच्चे मार्ग से होकर है। ये तीनों रास्ते असुरक्षित हैं और बरसात में इनमें से कोई भी उपयोगी नहीं रहता।

गांव के अधिकांश परिवार डेयरी कार्य से जुड़े हैं और सैकड़ों किलो दूध प्रतिदिन पास के शहरों में भेजते हैं। बारिश में रास्ता खराब होने के कारण दूध समय पर नहीं पहुंच पाता और बर्बाद हो जाता है। इससे ग्रामीणों को रोजाना आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क अंबवाला-डाडूवाला मार्ग अब भी कच्ची और बदहाल है। बरसात के दिनों में इस रास्ते पर पैदल चलना तक संभव नहीं होता। कीचड़, गड्ढे और पानी भराव के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों और सामान्य नागरिकों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकार व जिला प्रशासन को चाहिए कि समय रहते गांव के लिए एक अदद फुट ब्रिज के निर्माण के आदेश दें।

# रक्तदान करना मानवता के लिए महादान : एसडीएम

अनंत ज्ञान, राजगढ़



संत निरंकारी चैरिटेबल फांउडेशन के सौजन्य से राजगढ़ के निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राजगढ़ निरंकारी मिशन के संचालक राकेश धीमान ने बताया कि सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर के मुख्यातिथि राजगढ़ उपमंडलाधिकारी नागरिक राजकुमार ठाकुर थे। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि हम रक्तदान के जरिए समाज को अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। आपका यह छोटा सा प्रयास किसी के लिए जीवनदान है। रक्तदान जीवन का एकमात्र सर्वोत्तम दान है। आम तौर पर हमें इसकी अहमियत नहीं महसूस होती, जब किसी की जान बचाने के लिए खून की आवश्यकता होती है, तो रक्तदाता भगवान की तरह लगता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए क्योंकि यह एक पुण्य होने के साथ-साथ रक्तदान देने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभदायक है। रक्तदान करना एक पुनीत कार्य ही नहीं, बल्कि रक्तदान करना महादान है। आपका रक्त दूसरे की नसों में प्रवाहित हो सकता है। इससे किसी भी पीड़ित एवं जरूरतमंद रोगी को जीवनदान मिल सकता है। इस अवसर पर स्थानीय सयोजक भोला नाथ साहनी ने भी अपने विचारो में बताया कि निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान का आरंभ युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह महाराज द्वारा सन् 1986 से शुरू किया था, तब से लेकर आजतक भारत सहित विदेशों में हर वर्ष रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता आ रहा है। इससे समाज कल्याण और जीवन रक्षा को सर्वोपरी रखा जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में 30 और 31 जुलाई को होगी एचटेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में सीईटी की परीक्षा के बाद अब अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश भर में 30 व 31 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में प्रदेश भर में चार लाख से अधिक अभ्यर्थी 673 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई (बुधवार) को सायं 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी। लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई (वीरवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होगी। इसी दिन यानि 31 जुलाई (वीरवार) को सायं 3:00 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा संचालित होगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। नकल व अन्य अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए लगभग 220 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। एचटेट परीक्षा की ड्यूटी में कोताही बरतने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सघन चेकिंग भी होगी। इसके अलावा सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल कर दिए गए हैं, जिनके माध्यम से हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम से पैनी नजर रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों में जैमर भी लगाए जाएंगे ताकि अनुचित साधनों का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कोई ना कर सके। परीक्षा के दिनों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू रहेगी।

### शादी का दबाव बना रही युवती की प्रेमी ने की हत्या

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां शादी का दबाव बना रही प्रेमिका को उसके प्रेमी ने होटल में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया। मृतका शिब्बा दिल्ली के बदरपुर इलाके की रहने वाली थी और एक निजी बैंक में इंश्योरेंस सलाहकार के पद पर कार्यरत थी, जबकि आरोपी दीपक ऑनलाइन कपड़े बेचने का काम करता है। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार 25 जुलाई को थाना सेक्टर-31 क्षेत्र के आईपी कॉलोनी स्थित एक होटल के कमरे में 33 वर्षीय युवती शिब्बा का शव मिला था। जांच में सामने आया कि वह 24 जुलाई को अपने प्रेमी दीपक के साथ होटल में ठहरी थी। होटल स्टाफ ने बताया कि गुरुवार शाम को ही युवक होटल से चला गया था, जबकि युवती ने शुक्रवार सुबह तक दरवाजा नहीं खोला। शक होने पर जब दरवाजा खोला गया, तो युवती का शव बेड पर पड़ा मिला। मृतका की मां रजिया ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 24 जुलाई की सुबह कार्यालय के लिए निकली थी और दोपहर में फोन पर भोजन के बारे में पूछा था। जब रात तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसे फोन करना शुरू किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। अगले दिन जब परिजन फरीदाबाद पहुंचे तो थाना सेक्टर-31 पुलिस ने उन्हें शिब्बा की मौत की सूचना दी। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### रेवाड़ी में डिलिवरी के बाद महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** रेवाड़ी नागरिक अस्पताल में एक महिला की मौत को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव भटसाना की रहने वाली 35 वर्षीय मोनिका पत्नी कर्मबीर को रविवार को नागरिक अस्पताल लाए थे। महिला ने रविवार शाम को नार्मल डिलीवरी के साथ लड़के को जन्म दिया। मृतका के पहले भी एक बेटा और एक बेटी है। यह तीसरी संतान थी। मृतका के ससुर बनवारीलाल का कहना है कि आपरेशन या किसी प्रकार के ज्यादा रक्तस्राव भी नहीं हुआ था। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के एक घंटे के बाद मरीज को घबराहट होने लगी थी। इसकी जानकारी वहां मौजूद स्टाफ को बताया था। इसके बाद मरीज की जांच की गई। इस दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई और रविवार रात को निधन हो गया। इस पर औपचारिक कार्रवाई के बाद परिजन शव को घर ले गए।

# हरियाणा में शुरू होगी लाडो सखी योजना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को तीज के अवसर पर अंबाला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को और अधिक गति देने के लिए 'लाडो सखी' योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए 'लाडो सखी' को लगाया जाएगा। यह 'लाडो सखी' आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व एएनएम बहनें गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान देखभाल करेंगी।

इस योजना के तहत बेटी पैदा होने पर हर 'लाडो सखी' को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ियों में 'बढ़ते कदम डिजिटल बाल कार्यक्रम' शुरू करने की घोषणा की। यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नन्हे बच्चों की देखभाल और शिक्षा में मदद करेगा। सरकार की नई पहलों से हरियाणा में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स 50 प्रतिशत हो गए हैं। इस गति में और तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री ने आज कुछ और नई पहलों की घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि हरियाणा स्टार्टअप्स नीति में 50 प्रतिशत लाभार्थी महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स होंगे। छोटी उम्र में ही उद्यमशीलता में रुचि को बढाने के लिए छात्राओं को 10 हजार 'डु-इट-योअर सेल्फ' किट वितरित की जाएंगी। हाथ से बनाई जाने वाली चीजों, जैसे कि पारंपरिक कपड़ा, पर्यावरण के अनुकूल ग्रामीण शिल्प, आयुर्वेद आधारित हैल्थ एंड वैलनेस, देसी खाद्य उत्पादों आदि में बनाने में लगे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की सहायता के लिए एक योजना शुरू की जाएगी। इसमें 50 हजार से 1 लाख तक की मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार, नीति आयोग के सहयोग से, महिला उद्यमिता मंच का 'हरियाणा स्टेट चैप्टर' शुरू करेगी ताकि राज्य की महिला उद्यमियों को 700 से अधिक सलाहकारों के नेटवर्क से व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिले, क्षेत्र-विशेष का प्रशिक्षण मिले और वित्त पोषण, बाजार तक पहुंच व इनक्यूबेशन के लिए सहायता मिल सके। इसके अलावा, राज्य की महिला उद्यमियों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक खरीद मानदंडों में छूट प्रदान करेगी।

### सीएम ने 131 महिला सांस्कृतिक केंद्रों का किया उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में 131 महिला सांस्कृतिक केन्द्रों का उद्घाटन किया। इन केंद्रों में महिलाएं भजन, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को जुलाई, 2025 तक की 14 करोड़ 26 लाख रुपये की रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश की राशि के चेक भी प्रदान किए। इनके अलावा, छः जिलों के 'रूरल मार्ट्स' की चाबियां भी संबंधित स्वयं सहायता समूहों को सौंपी गई। हस्तशिल्प में श्रेष्ठ काम करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। हस्तशिल्प पुरस्कार के लिए 3 लाख रुपए, उत्कृष्ट महिला शिल्पकार पुरस्कार के लिए भी 3 लाख रुपए की राशि दी गई है। इसके अलावा, 51-51 हजार रुपये के 12 सांत्वना पुरस्कार दिए गए हैं।

## युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत से दिया जा रहा प्रशिक्षण : अमरजीत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



अमरजीत कुमार, क्रिकेट कोच 54 वर्ष की आयु में युवा प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण/कोचिंग के साथ ड्रिल और कौशल के साथ काम करते हुए अपना योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दो नवोदित प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी ओजसव (5 वर्ष) और माधव (9वर्ष) विशेष प्रशिक्षण/ कोचिंग के साथ, मेरे साथ प्रतिदिन ड्रिल और स्किल वर्क के साथ कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वर्तमान मैं दोनों युवा खिलाड़ियों माधव और ओजसव के साथ फिटनेस वर्क कर रहा हूं, जिसमें कोन के साथ जिगजैग और छोटे जंप शामिल हैं।

वे दोनों ड्रिल और स्किल वर्क के साथ स्ट्रेंथ वर्क, सिंगल विकेट बॉलिंग प्रैक्टिस सेशन, अंडर आर्म और ड्रॉप बॉल के साथ बैटिंग और शॉर्ट और लॉन्ग कैच के साथ फील्डिंग सेशन, रनिंग स्प्रिंट के साथ प्रैक्टिस करते हैं। मेरा 5 साल का खिलाड़ी सबसे प्रतिभाशाली और संभावनाओं से भरा है। ओजसव मीडियम पेसर है और उसकी एक्शन स्टाइल भारतीय पेसर बूमराह जैसी है। मेरा दूसरा 9 साल का खिलाड़ी माधव अच्छा ऑलराउंडर है और मेरे साथ ड्रिल और स्किल वर्क के साथ गंभीरता से काम कर रहा है। मेरे प्रशिक्षित कम से कम 20 से 30 खिलाड़ी वर्तमान में बीसीसीआई, एसजीएफआई और विश्वविद्यालय स्तर पर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

मेरा उद्देश्य युवा प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रमोट करना है इस बड़े टूर्नामेंट के आयोजन का मेरा मुख्य उद्देश्य जूनियर क्रिकेटरों को निखारना और उन्हें अपने कौशल को निखारने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करना है ।

## मुख्यमंत्री सैनी ने कालेश्वर महादेव मठ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जीवन का आधार प्रकृति है और प्रकृति का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आज हम आधुनिकता की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, वन महोत्सव हमें इसी बात की याद दिलाता है कि विकास की अंधी दौड़ में हम प्रकृति का शोषण न करें, बल्कि उसके साथ मिलकर रहना सीखें। जब हम एक पेड़ लगाते हैं तो हम जीवन का एक स्रोत रोपित करते हैं, एक नई उम्मीद पैदा करते हैं।

मुख्यमंत्री यमुनानगर के कलेसर में वन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। उन्होंने राज्य स्तरीय वन महोत्सव में पौधरोपण भी किया, साथ ही वन विभाग के नव निर्मित विश्राम गृह का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री सैनी ने कालेश्वर महादेव मठ मंदिर में जाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और सुख स्मृद्धि के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि वन महोत्सव प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता, हमारे दायित्व और आने वाली पीढ़ियों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प का प्रतीक है। कलेसर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और ट्रेकिंग करने वालों के लिए भी बेहद आकर्षक स्थल है।

## वकील पर हमले से कोर्ट परिसर में हंगामा

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** जिला न्यायालय परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक वकील पर कोर्ट के अंदर ही जानलेवा हमला कर दिया गया। घायल वकील राकेश कुमार और उनकी पत्नी प्रीति, दोनों ही अधिवक्ता हैं और उनके बीच तलाक का मामला विचाराधीन है। जानकारी के अनुसार, किसी मुद्दे पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई, जिसके बाद प्रीति ने अपने परिजनों को बुला लिया।

परिजन मौके पर पहुंचे, उन्होंने राकेश कुमार पर हमला कर दिया और उनके सिर पर चोट पहुंचाई। साथी अधिवक्ताओं ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से वकीलों में गहरा रोष व्याप्त है। बार एसोसिएशन ने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।

## भाजपा कार्यालय में मनाया तीज महोत्सव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी आज चंडीगढ़ पहुंचे और सेक्टर 33 स्थित कमलम कार्यालय में आयोजित 'तीज महोत्सव' में भाग लिया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें शहर और आसपास की सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर त्योहार की खुशियां मनाईं।

डॉ. त्रिवेदी ने इस अवसर पर सभी महिलाओं को तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारतीय संस्कृति में तीज जैसे पर्व नारी सशक्तिकरण, पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, और ऐसे पारंपरिक आयोजनों के माध्यम से हम अपने मूल्यों और परंपराओं को जीवंत रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक झूले लगाए गए थे, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार की कई योजनाएं महिलाओं के कल्याण को समर्पित हैं। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा बनें।

इस अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि पार्टी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उत्सवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स 572 अंक टूटकर 80,776 के स्तर पर बंद

## निफ्टी 156 अंक गिरकर 24,680.90 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 686.65 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 80,776.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 156.10 अंक या 0.63 प्रतिशत गिरकर 24,680.90 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 7.31 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी ने जून तिमाही में 4,472 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया। बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और भारतीय स्टेट बैंक भी पिछड़ने वालों में शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## सोने में तेजी, चांदी के दाम में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने के दाम में 28 जुलाई को मामूली बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने



का दाम 58 रुपए बढ़कर 98,446 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,388 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1358 रुपए कम होकर 1,12,984 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,1,4342 रुपए पर थी। इस साल यानी जनवरी, 2025 से 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 22,284 रुपए बढ़कर 98,446 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 26,967 रुपए बढ़कर 1,12,984 रुपए पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

### यमन के विद्रोही समूह हूती ने दी चेतावनी

## इसराइल से व्यापार करने वाली कंपनी के जहाज बनेंगे निशाना

**एजेंसी, एंथेस**



यमन के विद्रोही समूह हूती ने घोषणा की है कि वह उन सभी व्यापारी जहाजों को निशाना बनाएगा, जो इसराइली बंदरगाहों से व्यापार करते हैं, चाहे व किसी भी कंपनी या किसी भी देश के क्यों न हो। हूती विद्रोहियों ने इसे इस्राइल के खिलाफ अपने अभियान के अगले चरण का हिस्सा बताया है। हूती विद्रोहियों ने रविवार रात अपनी घोषणा में कहा कि उन्होंने इसराइल के खिलाफ अपने सैन्य अभियानों को तेज करने और समुद्री नाकेबंदी के चौथे चरण को लागू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी कि वे उन सभी जहाजों को निशाना बनाएंगे, जो इसराइली बंदरगाहों से व्यापार करते हैं, चाहे वह कंपनी किसी भी देश की हो और चाहे वह जहाज कहीं भी जा रहा हो, यदि वह हमारे सशस्त्र बलों की पहुंच में आया तो उस पर हमला किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर देश इस बढ़ते टकराव से बचना चाहते हैं, तो उन्हें इसराइल पर दबाव डालना चाहिए कि वह गाजा में युद्ध बंद करे और वहां की नाकेबंदी हटा ले। इस महीने की शुरुआत में हूती विद्रोहियों ने दो लाइबेरिया के झंडे और ग्रीस के स्वामित्व वाले दो बड़े मालवाहक जहाजों पर हमला किया। (अनंत ज्ञान)

## देश में इस साल सामान्य से 7 % अधिक वर्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में इस समय अलग-अलग हिस्सों में जमकर बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अभी तक हुई बारिश का आंकड़ा जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, भारत में



इस वर्ष 1 जून से मॉनसून की शुरुआत के बाद अब तक सामान्य से 7 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है, लेकिन बारिश का वितरण राज्यों में असमान रहा है। आईएमडी के अनुसार, अब तक 447.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य औसत 418.9 मिमी है। हालांकि क्षेत्रीय स्तर पर बारिश के आंकड़ों में काफी भिन्नता देखी गई है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान, लद्दाख, नागालैंड, मणिपुर और सिक्किम में सामान्य से बहुत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिसे लार्ज एक्सेस रेनफॉल की श्रेणी में रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा गरीबों, पिछड़ों को बना रही निशानाः ममता

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को



अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के चलते लोगों का उत्पीड़न न किया जाए। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीबों, पिछड़ा वर्ग को भी निशाना बना रही है। बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान ममता बनर्जी यह बात कही। ममता बनर्जी ने कथित प्रताड़ित बंगाली प्रवासियों की मदद के लिए एक योजना शुरू करने का भी ऐलान किया। इस योजना के तहत दूसरे राज्यों से उत्पीड़न झेलने के बाद वापस बंगाल लौटे बंगालियों की मदद की जाएगी। योजना में ऐसे लोगों को सुरक्षित वापस लौटने, राशन देने और नौकरी देने में भी मदद की जाएगी। साथ ही उन्हें अस्थायी शेल्टर भी मुहैया कराया जाएगा। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि कई राज्यों में जानबूझकर और राजनीतिक कारणों से बंगाली भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बिहार में वोटर लिस्ट से कटेंगे 65 लाख लोगों के नाम

**एजेंसी, पटना**

बिहार में 1 अगस्त को जारी होने वाली वोटर ड्राफ्ट लिस्ट में करीब 65 लाख लोगों का नाम नहीं होगा। इस तरह अगर औसत निकालें तो 243 विधानसभा सीटों पर हर विधानसभा से करीब 26 हजार वोटर का नाम नहीं मिलेगा।

चुनाव आयोग ने कहा '25 जुलाई को बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी वोटर वेरिफिकेशन के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। इसमें 65 लाख लोग अपने पते पर नहीं मिले। इसलिए उनका नाम नहीं होगा।' हालांकि, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूट गया हो या किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम गलती से जुड़ गया हो तो 1 अगस्त से 1 सितंबर तक आपत्ति या दावा कर सकता है। उसका नाम जोड़ा या हटाया जा सकेगा। बिहार में साल 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें तो 26 हजार 400 से कम वोटों से 243 में से 189 विधानसभा सीटों पर जीत-हार का फैसला हुआ था। इसमें से NDA 99 और महागठबंधन को कुल 85 सीटों पर जीत मिली थी। एक-एक सीट लोजपा, बसपा और निर्दलीय तथा दो सीटें AIMIM ने जीती थीं। (अनंत ज्ञान)

**हर विधानसभा क्षेत्र से औसतन 26000 नाम कटेंगे**

## बरेली में मिला मेड इन चाइना ड्रोन

**एजेंसी, बरेली।** बरेली जिले के ग्रामीण इलाकों व कस्बों में ड्रोन उड़ने का शोर मच रहा है। इससे ग्रामीणों में कौतहूल के साथ दहशत भी है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंडोली गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कमल मौर्य के मकान की छत पर सोमवार सुबह ड्रोन पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सुबह उनका बेटा नवनीत मौर्य किसी काम से छत पर गया। उसने छत पर ड्रोन कैमरा पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। ड्रोन मिलने की खबर मिलते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया है। ड्रोन पर मेड इन चाइना लिखा है। ड्रोन किसका है और छत पर कैसे पहुंचा, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## यूपी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़, 2 की मौत



**एजेंसी, बाराबंकी।** यूपी में बाराबंकी के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को भगदड़ मच गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, 29 लोग घायल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रविवार रात 2.30 बजे जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में अचानक करंट फैलने से हादसा हुआ। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे को कुचलते चले गए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को लेकर डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। हादसे के बाद पुलिसकर्मी एंबुलेंस से 29 लोगों को हैदरगढ़ सीएचसी लेकर आए। 9 को त्रिवेदीगंज और 6 को कोठी सीएचसी भेजा गया। 5 गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब तक दो की मौत हुई है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए देने का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

## गाजा में भूख से जूझते बच्चों की तस्वीरें बेहद भयानकः ट्रंप

**एजेंसी, एडिनबरा/तेल अवीव।** गाजा में जंग से फैली



भुखमरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार बयान दिया है। स्कॉटलैंड के दौरे पर गए ट्रंप ने गाजा से सामने आ रही भूख से जूझते बच्चों की तस्वीरें बेहद भयानक बताया हैं। उन्होंने कहा कि अब इजराइल को अब जंग पर फैसला लेना होगा। ट्रंप ने हमास पर आम लोगों का खाना चुराने का आरोप भी लगाया। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन को 60 मिलियन डॉलर दिए, जबकि किसी और देश ने कुछ नहीं दिया। हालांकि हकीकत में अमेरिका ने 30 मिलियन डॉलर की ही मदद की है। वहीं, इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में न तो कोई भुखमरी है और न ही हमारा ऐसा कोई मकसद है। (अनंत ज्ञान)

**इसराइल को अब जंग रोकने पर फैसला लेना होगा**

## चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत बर्खास्त

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन, कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। (अनंत ज्ञान)

**सवाल-जवाब** लोकसभा में एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-

# एफडीआई बढ़ाने से देश में बढ़ेगी बीमा कंपनियों की संख्या

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को अगले पांच साल में 7.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि करके अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय बजट 2025-26 में वित्त मंत्री ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बात कही है।



लोकसभा में एक लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि सीमा बढ़ाने से विदेशी निवेशकों को शेष 26 प्रतिशत के लिए भारतीय साझेदार खोजने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे भारत में अपना परिचालन स्थापित करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी, तथा देश में बीमा कंपनियों की संख्या में प्रभावी रूप से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इससे स्थिर एवं सतत विदेशी निवेश आकर्षित होगा, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुगम होगा तथा देश में बीमा की पहुंच में सुधार होगा।

### देश भर में चलाया 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान'

**वित्त** मंत्री ने एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत कवरेज बढ़ाने के लिए बैंकों और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी के साथ जमीनी स्तर पर नियमित अभियान चलाए गए। पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जुलाई, 2025 से देश भर में 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 3 महीने का 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान' शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इन जनसुरक्षा योजनाओं में पूर्णता प्राप्त करने के लिए बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर और शहरी स्थानीय निकायों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे निवासियों को योजना में नामांकन के लिए सूचना और सहायता तक सीधी पहुंच उपलब्ध हो रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि किसी विशेष बीमा कंपनी में एफडीआई घटक बढ़ाने का निर्णय उसके प्रमोटरों द्वारा लिया जाता है, जो कंपनी की पूंजी आवश्यकता, सॉल्वेंसी आवश्यकता, भविष्य की व्यावसायिक योजनाओं आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### उच्चतम न्यायालय ने लक्ष्य सेन के खिलाफ दायर प्राथमिकी रद्द की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जन्म प्रमाण पत्र जालसाजी मामले में भारत के चोटी के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, उनके परिवार के सदस्यों और कोच के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी सोमवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सेन के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखना अनुचित है और यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता एम जी नागराज को नोटिस जारी किया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन और उनके भाई चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र जाली थे। शीर्ष अदालत कर्नाटक उच्च न्यायालय के 19 फरवरी के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने सेन, उनके परिवार के सदस्यों और उनके कोच विमल कुमार द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि प्रथम दृष्टया मामले में जांच के लिए पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। यह मामला नागराज द्वारा दायर एक निजी शिकायत के बाद सामने आया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि सेन के माता-पिता धीरेंद्र और निर्मला सेन, उनके भाई, कोच और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी मिलकर ने प्रमाण पत्र में हेरफेर की थी।(अनंत ज्ञान)

### भारतीय गोल्फर दीक्षा अंडर 71 खेलने के बाद 39वें स्थान पर रही

**एजेंसी, आयरशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद नौ स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 39वें पायदान पर रही। दीक्षा दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बाद तीसरे और चौथे दौर में अच्छी वापसी करते हुए 'मेजर' स्तर के टूर्नामेंट एआईजी महिला ओपन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में सफल रही। दीक्षा एक अंडर (69-76-71-71) के स्कोर के साथ शीर्ष 40 में जगह हासिल करने में सफल रही। दीक्षा ने अपना खेल बैक नाइन (10वें होल से) से शुरू किया। वह 12 होल में बोगी करने के बाद 13 होल में डबल बोगी कर बैठी। वह 18वें होल में बर्डी के साथ वापसी करने में सफल रही। उन्होंने इसके बाद फ्रंट नाइन में तीसरे, पांचवें, छठे और सातवें होल में बर्डी लगाई लेकिन आठवें होल में बोगी कर बैठी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही दो अन्य भारतीय प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक कट में विफल रही थी। (अनंत ज्ञान)



### अर्जुन अटवाल सीनियर ओपन में संयुक्त 24वें स्थान पर रहे

**एजेंसी, लंदन।** अर्जुन अटवाल छह बर्डी लगाने के बावजूद आईएसपीएस एचएएनडीए सीनियर ओपन गोल्फ के आखिरी दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 24वें स्थान पर रहे। अटवाल ने छह बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर दिये जिसमें दो बोगी आखिरी के पांच होल में आए। वह चार दौर में 67-72-69-71 के कार्ड के साथ प्रतियोगिता में खेल रहे तीन भारतीय में शीर्ष स्थान पर रहे। जीव मिल्खा सिंह (69) संयुक्त 56वें और ज्योति रंधावा (73) संयुक्त 61वें स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

### टेनिस की आकर्षक खिलाड़ी अनीता हुसारिक

**बोस्निया**ई-हर्जेगोविना की अनीता हुसारिक कोर्ट पर एक शक्तिशाली और आकर्षक खिलाड़ी हैं। उनकी टेनिस प्रतिभा उनके मनमोहक रूप और काले बालों से मेल खाती है। आईटीएफ महिला सर्किट में, उन्होंने सोलह युगल चैंपियनशिप जीती हैं। 6 मई, 2024 को डब्ल्यूटीए युगल रैंकिंग में 210वें स्थान पर पहुंचकर अपने चरम पर पहुंचीं।



### हितेश गुलिया ने मुक्केबाजी में विश्व कप में जीते स्वर्ण और रजत पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक दशक पहले, एक अधिक वजन का स्कूली छात्र झज्जर के एक स्थानीय स्टेडियम में अपने परिवार के कहने पर कुछ किलो वजन कम करने और फिटनेस बेहतर करने आया था। आज 21 वर्षीय हितेश गुलिया (70 किग्रा) अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी सर्किट में सबका ध्यान खींच रहे हैं। उन्होंने ब्राजील और कजाखस्तान में आयोजित विश्व कप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। हितेश ने पीटीआई से कहा, "जब हम 2015 में अपने पैतृक गांव (जहांगीरपुर) से झज्जर शहर आए तो वहां एक स्थानीय स्टेडियम था। मेरे माता-पिता ने मुझे वहां जाने, थोड़ा दौड़ने और फिट रहने के लिए कहा क्योंकि मैं चौथी कक्षा में था लेकिन मेरा वजन 50-55 किग्रा था।" इस मुक्केबाज ने कहा कि उस समय उन्हें पेशेवर रूप से इस खेल को अपनाने की कोई इच्छा नहीं थी। उन्होंने कहा, "स्टेडियम में मैं वहां गया जहां मुक्केबाजी हो रही थी और फिट होने के लिए ट्रेनिंग में शामिल हो गया। मेरा मुक्केबाजी में करियर बनाने का कोई इरादा नहीं था। लेकिन फिर एक दिन कोच ने मुझे दस्ताने दिए और मुकाबला करने के लिए कहा।" मुक्केबाजी की ट्रेनिंग के शुरुआती चरणों में बहुत कम या बिल्कुल ही अभ्यास नहीं होता क्योंकि मुक्केबाज मुख्य रूप से रिंग से दूर सहनशक्ति बढ़ाने और लचीलेपन को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए एक निजी ट्रैवल कंपनी में टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम कर चुके हितेश के पिता सत्यप्रकाश ने अपने बेटे की सफलता में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। (अनंत ज्ञान)



## टेस्ट सीरीज — मैनचेस्टर टेस्ट में गिल के बने कई रिकॉर्ड्स

# इंग्लैंड सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

रविवार को रिकॉर्ड्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रॉ करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)



### 4 शतक लगाकर ब्रैडमैन गावस्कर की बराबरी

शुभमन गिल बतौर कप्तान टेस्ट सीरीज में 700+ रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डॉन ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चैपल, सुनील गावस्कर, डेविड गॉवर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 722 रनों के साथ सर गारफील्ड सोबर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रवींद्र जडेजा ने इस सीरीज में अब तक 5 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। यह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सर गैरी सोबर्स के 1966 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए हासिल की है।

रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के बीच हुई यह शतकीय साझेदारी मौजूदा चार टेस्ट मैचों में भारत की 10वीं शतकीय साझेदारी रही। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारियां हैं।

इससे पहले भारत ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 11 शतकीय साझेदारियां की थीं। किसी टेस्ट सीरीज में पहली बार ऐसा हुआ जब भारत के चार बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए। शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा ने ऐसा किया।

### शुभमन गिल के बनाए गए रिकॉर्ड्स

**1. गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान अब तक 4 मैचों की 8 पारियों में गिल ने 722 रन बनाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 269 है। वे इस सीरीज में चार शतक लगा चुके हैं और औसत 90.25 का है।

**2. डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान।** शुभमन गिल बतौर कप्तान डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान बने। सिर्फ 5 खिलाड़ी, वार्विक आर्मस्ट्रॉन्ग, डॉन ब्रैडमैन, ग्रेग चैपल, विराट कोहली और स्टीव स्मिथ ने अपने पहले कप्तानी वाली टेस्ट सीरीज में 3-3 शतक लगाए थे।

**3. गिल ने टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में ब्रैडमैन और गावस्कर की बराबरी की।** एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम है। सर डॉन ब्रैडमैन ने 1947/48 में भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में चार शतक लगाए थे।

**4. गिल चौथे भारतीय जिन्होंने 4 शतक लगाए।** एक टेस्ट सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड चार खिलाड़ियों के नाम है, जिन्होंने एक ही सीरीज में चार-चार शतक लगाए हैं। अब शुभमन गिल भी इस खास सूची में शामिल हो गए हैं।

**5. टेस्ट सीरीज में भारत की ओर से 700 या उससे अधिक रन बनाने वाले बैटर।**

**6. जडेजा विदेशी पिच पर 1000 रन और 30 विकेट लेने वाले तीसरे प्लेयर।**

## स्पेन को हराकर इंग्लैंड फिर बना महिला यूरोपीय चैंपियन



**एजेंसी, बासेल**

गत विजेता इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से पराजित करके लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) का खिताब जीता।

**इंग्लैंड ने स्पेन को 3-1 से हराकर जीता खिताब**

इंग्लैंड ने इस तरह से स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदलाव की चुकता कर दिया। स्पेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने में नाकाम रहा। उसने विश्व कप के अलावा 2024 में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब भी जीता था। स्पेन ने मैरियोना काल्डेन्टे के 25वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की तरफ से एलेसिया रुस्सो ने 57वें मिनट में हेडर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इससे अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा।

टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई स्पेन की स्टार ऐताना बोनमाटी ने कहा, "हम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थे, लेकिन कभी-कभी यह पर्याप्त नहीं होता। हमारी नजर अब 2027 में ब्राजील में होने वाले विश्व कप पर है।" शूटआउट में बोनमाटी की स्पॉट किक इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन द्वारा बचाए गए दो गोल में से एक थी। मैरियोना काल्डेन्टे की पेनल्टी भी बचा ली गई थी।(अनंत ज्ञान)

## लेयला फर्नांडीज और डी मिनौर को डीसी ओपन का खिताब

**एजेंसी, वाशिंगटन**

लेयला फर्नांडीज और एलेक्स डी मिनौर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग का खिताब जीता। कनाडा की 22 वर्षीय खिलाड़ी फर्नांडीज ने अगले महीने होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में अन्ना कालिन्स्काया को 6-1, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता फर्नांडीज ने अपनी चौथी एकल ट्रॉफी जीती।

उन्होंने अपनी सभी ट्रॉफी हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंटों में जीती हैं। यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी डब्ल्यूटीए 500





प्रतियोगिता में खिताब जीता। पुरुष वर्ग में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने फाइनल में तीन चैंपियनशिप अंक बचाकर 12वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 5-7, 6-1, 7-6 (3) की जीत के साथ अपना 10वां एटीपी और हार्ड कोर्ट पर आठवां खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी 2018 में डीसी ओपन में उपविजेता रहा था।(अनंत ज्ञान)

## गंभीर को शांत रहने की जरूरत : मांजरेकर

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि गौतम गंभीर को शायद थोड़ा 'शांत रहने' की जरूरत है और उनका साथ ही कहना है कि राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के कुछ कमजोर रणनीतिक फैसलों के बावजूद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में सम्मानजनक ड्रॉ हासिल किया।



मांजरेकर ने कहा कि बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज गंभीर लाल गेंद के प्रारूप में रणनीतिक रूप से सही नहीं रहे हैं। रविवार को कड़े मुकाबले में ड्रॉ के बावजूद भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और अब सिर्फ एक मैच बाकी है। मांजरेकर ने कहा, "मुझे लगता है कि उनके (गंभीर) कुछ रणनीतिक फैसलों के बावजूद भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यह नहीं भूलें कि भारत न्यूजीलैंड से अपने घर में 0-3 से हारा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर आसानी से हार गया। इस टीम में हमने जो संघर्ष देखा है? वह खिलाड़ियों की वजह से है।" उन्होंने कहा, "क्योंकि रणनीतिक तौर पर गंभीर ने हमेशा चीजों को आसान नहीं बनाया है, विशेषकर चयन से जुड़े अपने कुछ फैसलों के साथ।"

मांजरेकर ने इस आक्रामक मुख्य कोच से यह भी आग्रह किया कि वह हर विरोधाभासी राय को बिना सोचे-समझे आलोचना नहीं समझें क्योंकि पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कप्तान शुभमन गिल के आलोचकों पर पलटवार करते हुए उन्हें क्रिकेट की समझ की कमी वाला व्यक्ति बताया था। गंभीर ने मैच के बाद कहा, "शुभमन गिल की प्रतिभा पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर किसी को संदेह था तो शायद उन्हें क्रिकेट की समझ नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## आम आदमी के लिए खेलती है भारतीय टीम : गौतम गंभीर

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में भारत के संघर्षपूर्ण ड्रॉ ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के अंदर के जुझारू व्यक्तित्व को फिर से सामने ला दिया है, जिन्होंने कप्तान शुभमन गिल के आलोचकों को लताड़ लगाते हुए कहा कि भारतीय टीम स्वदेश के आम आदमी के लिए खेलती है। गंभीर चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी अतीत के नक्शेकदम पर चलने के बजाय अपना इतिहास खुद बनाएं। उन्होंने कहा कि मैनचेस्टर टेस्ट में यादगार वापसी के बाद, वे इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

गंभीर ने रविवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "वे अपने देश के आम आदमी के लिए जूझना चाहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस टेस्ट मैच में कई लोगों ने हमारी हार सुनिश्चित मान ली थी लेकिन हमने शानदार वापसी की। यही इस टीम की नींव है।"

मुख्य कोच ने कहा, "ये ऐसे लोग हैं जो इस ड्रेसिंग रूम में बैठे हैं और देश के लिए लड़ना चाहते हैं और वे आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे।" कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बीच 188 रन की साझेदारी ने भारत को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में बचाए रखा। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने 203 रन की अटूट साझेदारी करके मैच को ड्रॉ कराकर श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। गंभीर से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने चौथे दिन के बाद खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और 2009 में नेपियर में खेली गई अपनी मैच बचाने वाली 137 रन की पारी का जिक्र किया तो उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा, "पहली बात तो यह है कि मुझे अपनी कोई भी पारी याद नहीं है, वह इतिहास बन चुकी है। मुझे लगता है कि उन्हें अपना इतिहास खुद बनाना चाहिए। सच कहूं तो इस टीम में कोई भी किसी का अनुसरण नहीं करेगा और ना ही करना चाहिए। उन्हें अपना इतिहास खुद लिखना होगा।" गंभीर का यह भी मानना है कि भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में अपने पहले दौरे में गिल की आलोचना बेबुनियाद है। गिल ने अब तक श्रृंखला में चार शतक बनाए हैं। गंभीर ने कहा, "शुभमन गिल की प्रतिभा पर कभी कोई संदेह नहीं था। (अनंत ज्ञान)



## बुमराह 5वें टेस्ट में खेलते हैं तो हमारे लिए बड़ी बात होगी : गिल

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि अगर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के निर्णायक पांचवें टेस्ट मैच में खेलने में सफल रहते हैं तो यह टीम के लिए बड़ी बात होगी, क्योंकि टीम की मूल योजना उन्हें तीन मैचों तक सीमित रखने की थी। बुमराह को अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इस टेस्ट श्रृंखला के केवल तीन मैच में खेलना था। वह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए, लेकिन बाकी तीन टेस्ट मैचों में खेले।

मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद इंग्लैंड श्रृंखला में 2-1 से आगे है और इस तरह से भारत को पांच मैचों की श्रृंखला को बराबर करने के लिए 31 जुलाई से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में जीत हासिल करनी होगी। गिल ने बीबीसी के 'टेस्ट मैच स्पेशल' कार्यक्रम में कहा, "अगर उन्हें लगता है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और वह हमारे लिए उपलब्ध हैं, तो मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी।"

उन्होंने कहा, "अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो मुझे तब भी लगता है कि हमारे पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलेस्टेयर कुक का मानना है कि बुमराह श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका खुलासा न करके गिल ने सही रणनीतिक फैसला लिया। कुक ने कहा, "भले ही वह खेलने नहीं जा रहा हो, आप अभी लोगों को यह नहीं बताएंगे। (अनंत ज्ञान)

## चेस खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने जीती वर्ल्ड कप की ट्रॉफी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जॉर्जिया के बातुमि में खेले गए फिडे महिला चेस विश्व कप 2025 में भारत के 19 साल की बेटी दिव्या देशमुख ने बड़ा कारनामा दिखाया है। उन्होंने भारत की सीनियर और अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हंपी को हराकर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उन्होंने वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है।



**कोनेरू हंपी को टाईब्रेकर में हराया ग्रैंडमास्टर नॉर्म पूरा किया**

आपको बता दें कि नागपुर की 18वीं वर्ल्ड रैंकिंग वाली दिव्या देशमुख ने सोमवार को सफेद मोहरों से शुरुआत की। लेकिन 5वीं वर्ल्ड रैंकिंग वाली हंपी ने मैच को ड्रॉ करवाया और मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद रैपिड राउंड के दूसरे गेम में दिव्या देशमुख ने शुरुआत में ही हावी हो गई और फाइनल में कमाल का प्रदर्शन किया। फाइनल के टाईब्रेकर मुकाबले में उन्होंने अनुभवी कोनेरू हम्पी को मात देकर न सिर्फ चैंपियनशिप जीती, बल्कि भारतीय शतरंज में एक नई उपलब्धि भी दर्ज की।

**4 भारतीयों ने बनाई थी क्वार्टर फाइनल में जगह**

इस टूर्नामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ियों कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। जो भारतीय शतरंज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि रहा। इन्हीं 4 प्लेयर्स ने पिछले साल चेस ओलिंपियाड में भी भारत को जीत दिलाई थी। (अनंत ज्ञान)

### दिव्या ने पूरा किया सपना

रेपिड टाईब्रेकर में काले मोहरों से खेल रहीं दिव्या ने इस टूर्नामेंट की टॉप सीड और वर्ल्ड रेपिड चैंपियन हम्पी के सामने बेहतरीन खेल दिखाया और जीत हासिल करते हुए अपना सपना पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने ग्रैंड मास्टर बनने का नॉर्म पूरा किया। 19 साल की खिलाड़ी जो इस टूर्नामेंट में अंडरडॉग की तरह उतरी थी, उसके लिए ये जीत बहुत बड़ी बात है।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव — मिंजर हॉकी प्रतियोगिता का रोमांचक आगाज

# पहले दिन तीन मुकाबले, हिमाचल टीम ने डीएचए को 2-0 से हराया

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मिंजर हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ धमाकेदार मुकाबलों के साथ हुआ। पहले ही दिन हॉकी प्रेमियों को शानदार खेल का नजारा देखने को मिला। तीन मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, कौशल और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

पहले मुकाबले में हॉकी हिमाचल की टीम ने डीएचए के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए 2-0 से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत से ही हिमाचल टीम ने दबदबा बनाए रखा और विरोधी टीम को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया।

**आखिरी मुकाबले में सीएससी ने जीत की हासिल**

दूसरा मुकाबला ऊना और कोलकाता जेके के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही, लेकिन निर्णायक क्षणों में ऊना के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल दिखाया और 2-1 से मैच अपने नाम कर लिया। दिन का तीसरा और आखिरी मुकाबला सीएससी और जम्मू के बीच हुआ। इस मैच में सीएससी ने मजबूत रक्षा और तेज आक्रमण के दम पर 2-0 से जीत हासिल की।

मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर माहौल को और भी जोशीला बना दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों में आगामी मैचों को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। आयोजकों का कहना है कि आने वाले दिनों में दिलचस्प मुकाबले देखने को मिलेंगे।



अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव पर हॉकी प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान मौजूद एक टीम के खिलाड़ी।

## विश्व तैराकी चैंपियनशिप में 43वें स्थान पर रहे सजन प्रकाश

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश सोमवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे।

**200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के सेमीफाइनल में बनाई जगह**

इस 31 वर्षीय बटरफ्लाई विशेषज्ञ ने 1:51.57 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में चौथे और कुल मिलाकर 43वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे।

रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 1:45.43 सेकंड के साथ हीट में सबसे तेज समय निकाला जबकि इटली के कार्लोस डी'अम्ब्रोसियो (1:46.67 सेकंड) सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अंतिम तैराक रहे। दो बार के ओलंपियन प्रकाश अब मंगलवार को 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

